WWW.NAVPRADESH.COM
दैनिक
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर... | 2 | देश विदेश | 4 | अभिव्यक्ति | 10 | छत्तीसगढ़ | 11 | कारोबार

रायपुर, शुक्रवार, 27 दिसंबर 2024 कृष्ण शुक्ल पक्ष- द्वादशी, विक्रम संवत -2081 / वर्ष-13 अंक- 304 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए RNI NO.CHHHIN/2012/41806 रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित



देश के पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का निधन, देश में शोक की लहर

- सात दिन का राजकीय शोक और सभी सरकारी कार्यक्रम रद्द
- पीएम मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सहित कांग्रेस सहित सभी राजनीति दलों ने शोक संवेदना व्यक्त कर कहा-देश के लिए अपूरणीय क्षति

नयी दिल्ली (वार्ता)। पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का गुरुवार देर शाम राष्ट्रीय राजधानी के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में निधन हो गया। वह 92 वर्ष के थे। डॉक्टर सिंह को सांस लेने में तकलीफ के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया था। एम्स ने एक विज्ञप्ति में बताया कि डॉक्टर सिंह को आठ बजकर पांच मिनट पर अस्पताल लाया गया और उन्हें तुरंत चिकित्सा प्रदान की गई। डॉक्टरों के अथक प्रयास के बावजूद डॉ सिंह का नौ बजकर 51 मिनट पर निधन हो गया।

डॉक्टर सिंह के निधन का समाचार मिलने पर केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा और कांग्रेस नेता प्रियंका निधन की सूचना पर केंद्र सरकार ने सात दिन का राजकीय शोक की घोषणा की है। शुक्रवार को कैबिनेट की बैठक होगी। पीएम मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह सहित कांग्रेस और अन्य राजनीतिक दलों के नेताओं ने शोक संवेदना व्यक्त की है। डॉक्टर मनमोहन सिंह के निधन को देश के लिए अपूर्णीय क्षति बताया है।

92 वर्षीय डॉ. मनमोहन सिंह ने अपने लंबे राजनीतिक करियर में देश को कई ऐतिहासिक सुधार और योजनाए दीं, जिनका प्रभाव आज भी देखा जा सकता है। डॉ. मनमोहन सिंह को उनकी आर्थिक सुधारवादी सोच और कल्याणकारी नीतियों के लिए जाना जाता है. उनके नेतृत्व में देश ने कई ऐसे कानून और नीतियां अपनाईं, जिन्होंने लाखों नागरिकों के जीवन को बेहतर बनाया. आइए उनके कार्यकाल में किए गए कुछ ऐतिहासिक बदलावों के बारे में जानते हैं।

मनमोहन सिंह के वो 6 काम, जिसके लिए देश सदैव उनका कर्जदार

शिक्षा का अधिकार कानून (2009)- डॉ. सिंह की सरकार ने हर 6 से 14 साल के बच्चे को मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार दिया. यह कानून बच्चों को उनके मौलिक अधिकार प्रदान करने की दिशा में मील का पत्थर साबित हुआ।

सूचना का अधिकार (2005)- इस कानून ने हर भारतीय नागरिक को सरकारी सूचना तक पहुंच का हक़ दिया, जिससे पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित हुई।

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून (2013)- इस कानून के जरिए देश के दो-तिहाई परिवारों को सस्ती दरों पर खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराया गया. यह कदम गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन कर रहे परिवारों के लिए वरदान साबित हुआ।

भूमि अधिग्रहण कानून (2013)- विकास परियोजनाओं के लिए भूमि अधिग्रहण करने पर प्रभावित लोगों को उचित मुआवजा सुनिश्चित किया गया.

वन अधिकार कानून (2006)- आदिवासी समुदाय को उनके परंपरागत भूमि अधिकार वापस दिलाने का ऐतिहासिक कदम था.

मनरेगा (2005)- डॉ. सिंह की सरकार ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम लागू किया, जिसने हर ग्रामीण परिवार को साल में 100 दिनों के रोजगार का अधिकार दिया.

पीएम मोदी ने जब भरे सदन में की थी मनमोहन सिंह की तारीफ, बताया था देश का मार्गदर्शक: मनमोहन सिंह का व्यवहार ऐसा था कि विरोधी भी उन्हें गले लगाते थे. तभी तो अक्सर हमलावर रहने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भरे सदन में उनकी दिल ■ शेष पृष्ठ 6 पर

आज बेबाक

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल यदि राजनीति में नहीं होते तो अंतराष्ट्रीय स्तर के भविष्य वक्ता होते। उनकी सभी नहीं तो अधिकांश भविष्यवाणी सही साबित होती है। उन्होंने पहले भविष्यवाणी की थी कि मनीष सिसोदिया गिरफ्तार होंगे। वे गिरफ्तार हो गये थे। फिर कहा था कि वे खुद गिरफ्तार होंगे तो वे भी गिरफ्तार हो गये थे। अब उन्होंने भविष्यवाणी की है कि नई दिल्ली की नई मुख्यमंत्री आतिशी भी गिरफ्तार होंगी। इस भविष्यवाणी के बाद से आतिशी टेंशन में है कि पता नहीं कब उन्हें भी तिहाड़ जेल जाना पड़े और जाने कब तक वहां रहना पड़े?

बस्तर की बेटी राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित

- सीएम साय ने ट्वीट कर लिखा-शाबाश बिटिया

रायपुर/नवप्रदेश। जूडो खिलाड़ी को राष्ट्रपति मुर्मू को हाथों पुरस्कृत होने वाले इस गौरवशाली पल को लेकर सीएम विष्णुदेव साय ने ट्वीट कर हेमबती को शाबाशी दी है। उन्होंने लिखा- शाबाश बिटिया, कोंडागांव की बिटिया हेमबती नाग को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2024 से सम्मानित किया जाना, समस्त प्रदेशवासियों के लिए गर्व का विषय है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने गुरुवार को बस्तर संभाग के ■ शेष पृष्ठ 6 पर

मुर्मू ने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार प्रदान किए

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सात श्रेणियों में 17 बच्चों को उनकी असाधारण उपलब्धियों के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार प्रदान किए। राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र में आयोजित समारोह में मुर्मू ने सभी पुरस्कार विजेताओं को बधाई दी और कहा कि पूरे देश और समाज को उन पर गर्व है। उन्होंने बच्चों से कहा कि उन्होंने असाधारण काम किया है, अद्भुत उपलब्धियां हासिल की हैं, उनके पास असीमित क्षमताएं हैं और उनके पास अतुलनीय गुण हैं। उन्होंने देश के बच्चों के लिए एक मिसाल कायम की है।

वीर बाल दिवस हमारे लिए गर्व और प्रेरणा का दिन : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज वीर बाल दिवस के अवसर पर अपने संदेश में बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह के बलिदान को याद करते हुए कहा कि 26 दिसम्बर को हम सभी वीर बाल दिवस मना रहे हैं, जो हमारे लिए गर्व और प्रेरणा का दिन है। इस दिन सिख पंथ के दसवें गुरु श्री गुरू गोबिंद सिंह जी के साहिबजादे, बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह ने देश की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी थी। मैं उनकी शहादत को शत-शत नमन करता हूँ।

आरक्षण प्रक्रिया अब 7 जनवरी को

रायपुर/नवप्रदेश । नगरीय निकायों में आम निर्वाचन के लिए नगर निगमों में महापौर तथा नगर पालिकाओं एवं नगर पंचायतों में अध्यक्ष के पदों के लिए आरक्षण प्रक्रिया अब 7 जनवरी 2025 को संपादित की जाएगी। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा पूर्व में इसके लिए 27 दिसम्बर 2024 की तिथि निर्धारित की गई थी। अपरिहार्य कारणों से 27 दिसम्बर को होने वाली आरक्षण की कार्यवाही को स्थगित कर इसके लिए अब 7 जनवरी की तिथि निर्धारित की गई है। रायपुर के साइंस कॉलेज परिसर स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में 7 जनवरी को सवेरे साढ़े दस बजे से आरक्षण की प्रक्रिया संपादित की जाएगी। आरक्षण की कार्यवाही के अवलोकन के इच्छुक व्यक्ति निर्धारित तिथि, समय व स्थान पर उपस्थित रह सकते हैं।

द्विपक्षीय नौसेना अभ्यास

नयी दिल्ली (वार्ता)। भारत और श्रीलंका के बीच द्विपक्षीय नौसेना अभ्यास स्लीनेक्स -2024 से दोनों देशों के संबंध मजबूत हुए हैं और इससे सुरक्षित तथा नियम-आधारित समुद्री क्षेत्र बनाने में मदद मिली है। यह अभ्यास नौसेना की पूर्वी कमान के तत्वावधान में 17 से 20 दिसंबर तक विशाखापत्तनम में दो चरणों में आयोजित किया गया। बंदरगाह चरण 17 से 18 दिसंबर तक और समुद्री चरण 19 से 20 दिसंबर 24 तक हुआ।

ट्रांसमिशन टावर गिरा, पांच की मौत,

सीधी/नवप्रदेश । सीधी जिले के रामपुर नैकिन जनपद पंचायत क्षेत्र के ग्राम पटेहरा मे 132 केवी हाईटेंशन टावर खड़ा करते समय अचानक बीच से टूट गया। जिसकी वजह से उसमें काम कर रहे नौ मजदूर अचानक ऊंचाई से गिर गए, उसकी वजह से दो लोगों की मौके पर मौत हो गई है। अस्पताल ले जाते और इलाज के दौरान तीन और मजदूरों की मौत हो गई। चार लोग अभी भी जिंदगी और मौत से जंग लड़ रहे हैं। संजय गांधी अस्पताल रीवा के लिए उन सभी को रेफर कर दिया गया है। दरअसल यह हादसा गुरुवार की दोपहर 12:30 बजे हुआ है।

इतिहास से वर्तमान तक युवा ऊर्जा ने देश की प्रगति में बड़ी भूमिका निभाई है: मोदी

नयी दिल्ली (वार्ता) । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरूवार को यहां वीर बाल दिवस कार्यक्रम में भाग लिया और कहा कि इतिहास से लेकर वर्तमान तक युवा ऊर्जा ने हमेशा भारत की प्रगति में बड़ी भूमिका निभाई है।

मोदी ने कहा कि उनकी सरकार ने साहिबजादों की अद्वितीय वीरता और बलिदान की याद में वीर बाल दिवस की शुरुआत की है। उन्होंने कहा कि यह दिन अब करोड़ों भारतीयों के लिए राष्ट्रीय प्रेरणा का पर्व बन गया है। इस दिन ने कई बच्चों और युवाओं को अदम्य साहस के लिए प्रेरित किया है। मोदी ने वीरता, नवाचार, विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी, खेल और कला के क्षेत्र में आज वीर बाल पुरस्कार से सम्मानित किए गए 17 बच्चों की सराहना की। उन्होंने कहा कि आज के पुरस्कार विजेता भारत के बच्चों और युवाओं की विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्टता हासिल करने की क्षमता के प्रतीक हैं।

वीर साहिबजादों को श्रद्धांजलि अर्पित : प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर गुरुओं और वीर साहिबजादों को श्रद्धांजलि अर्पित की और पुरस्कार विजेताओं और उनके परिवारों को बधाई भी दी। वीर साहिबजादों के बलिदान को याद करते हुए उन्होंने कहा कि आज के युवाओं के लिए उनकी वीरता की गाथा को जानना जरूरी है और इसलिए उन घटनाओं को याद करना भी जरूरी है। उन्होंने

50 लाख से अधिक संपत्ति कार्ड वितरित करेंगे मोदी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए 10 राज्यों और 2 केंद्र शासित प्रदेशों के 200 जिलों के 46,000 से अधिक गांवों में संपत्ति मालिकों को स्वामित्व योजना के तहत 50 लाख से अधिक संपति कार्ड वितरित करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय ने गुरूवार को यहां बताया कि सर्वेक्षण की नवनीतम ड्रोन तकनीक के माध्यम से गांवों में घरों के मालिकों को अधिकारों का रिकॉर्ड प्रदान करके ग्रामीण भारत की आर्थिक प्रगति के उद्देश्य से प्रधानमंत्री ने स्वामित्व योजना शुरू की थी। यह योजना संपत्तियों के मुद्रीकरण और बैंक ऋण के माध्यम से संस्थागत ऋण को सक्षम करने, संपति से संबंधित विवादों को कम करने, ग्रामीण क्षेत्रों में संपत्तियों और संपति कर के बेहतर मूल्यांकन की सुविधा प्रदान करने और व्यापक ग्राम-स्तरीय योजना को सक्षम करने में भी मदद करती है। अभी तक 3 लाख दस हजार से अधिक गांवों में ड्रोन सर्वेक्षण पूरा हो चुका है, जिसमें लक्षित गांवों का 92 प्रतिशत हिस्सा शामिल है।

30 दिसंबर को पंजाब बंद का आह्वान, आपातकालीन सेवाएं रहेंगी जारी

- किसानों ने युवाओं से शांति की अपील की

चण्डीगढ़-पंजाब(ए.)। पंजाब के किसानों ने अपनी मांगों के समर्थन में 30 दिसंबर को पंजाब बंद का आह्वान किया है। किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने बंद के दौरान आम जनता की सुविधाओं और आपातकालीन सेवाओं को प्राथमिकता देने की घोषणा की है। किसान नेता ने कहा कि बंद के

दौरान मेडिकल सेवाएं और अन्य आपातकालीन सुविधाएं सामान्य रूप से जारी रहेंगी। एयरपोर्ट पर यात्रियों और शादी समारोहों के वाहनों को रोका नहीं जाएगा। इसके साथ ही, परीक्षार्थियों को उनके परीक्षा केंद्र तक जाने में पूरी सहायता दी जाएगी। पंधेर ने युवाओं और जनता से बंद को शांतिपूर्ण तरीके से सफल बनाने की अपील करते हुए कहा कि यह बंद किसानों के अधिकारों और उनके भविष्य की लड़ाई है।

स्टालिन के खिलाफ भाजपा का हल्ला बोल

- डीएमके सरकार उखाड़ फेंकने तक जूते नहीं पहनेंगे:अन्नामलाई

चेन्नई(ए.) । तमिलनाडु में विपक्षी राजनीतिक दल की भूमिका में भाजपा ने आक्रामक तेवर दिखाए हैं। डीएमके के खिलाफ हुंकार भरते हुए प्रदेश भाजपा अध्यक्ष के अन्नामलाई ने कहा, शुक्रवार को वे अपने घर के सामने विरोध प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा, मैं खुद को 6 बार कोड़े मारूंगा... 48 दिनों तक उपवास करूंगा और छह भुजाओं वाले मुरुगन से प्रार्थना करूंगा। उन्होंने कहा कि शुक्रवार से वे जूता-चप्पल नहीं पहनेंगे। उन्होंने कहा, जब तक डीएमके सत्ता से बाहर नहीं हो जाती, वे जूते-चप्पल नहीं पहनेंगे।

जब तक डीएमके सत्ता से बाहर नहीं हो जाती वे जूते नहीं पहनेंगे: अन्नामलाई ने उग्र तेवर दिखाते हुए कहा, शुक्रवार को भाजपा के हर सदस्य के घर के सामने विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। जब तक डीएमके सत्ता से बाहर नहीं हो जाती वे चप्पल नहीं पहनेंगे। इस सरकार का अंत होना ही चाहिए। प्रेस वार्ता के दौरान इस एलान के बाद तमिलनाडु भाजपा अध्यक्ष के अन्नामलाई ने अपने जूते भी उतार डाले।

यूनिवर्सिटी की छात्रा के यौन उत्पीडऩ मामले में सरकार से नाराज: उन्होंने दोहराया, कल से लेकर जब ■ शेष पृष्ठ 6 पर

भाजपा को कांग्रेस से 2300 करोड़ अधिक दान

- मतदान में महिलाएं आगे, चुनाव आयोग ने जारी किए आंकड़े

नई दिल्ली (ए.)। केंद्रीय चुनाव आयोग ने राजनीतिक दलों को मिलने वाले चंदे से जुड़ी जानकारी सार्वजनिक की है। देश के दो प्रमुख राजनीतिक दलों- भाजपा और कांग्रेस को 2800 करोड़ रुपये से अधिक राशि मिली। सत्तारूढ़ भाजपा को 2023-24 के दौरान 2,604.74 करोड़ रुपये से अधिक, जबकि विपक्षी पार्टी कांग्रेस को 281.38 करोड़ रुपये का योगदान मिला।

2019 की तुलना में कितना अधिक पैसा मिला : रिपोर्ट में ऐसे ही दानों को सूचीबद्ध किया गया है जो लोकसभा चुनाव से पहले 31 मार्च, 2024 तक प्राप्त हुए थे। पांच साल पहले भाजपा ने 740 करोड़ रुपये से अधिक दान मिलने की घोषणा की थी। यानी पांच साल के बाद भाजपा को लगभग 2000 करोड़ रुपये अधिक मिले। दूसरी तरफ 2019 के लोकसभा चुनावों से पहले कांग्रेस ने 2018-19 में 146 करोड़ रुपये से अधिक राशि प्राप्त होने का दावा किया था।

गरमा-गरम

अश्वमेध यज्ञ महोत्सव ... *हमारी सरकार लगातार लोगों की सुख-समृद्धि के लिए काम कर रही*

छत्तीसगढ़ के कण कण में भगवान श्रीराम की स्मृतियां : सीएम साय

- मां नाथल दाई पर्यटन केंद्र के रूप में होगा विकसित

रायपुर/नवप्रदेश। हमारी सरकार लगातार लोगों की सुख-समृद्धि के लिए काम कर रही है। 3100 रुपए प्रति क्विंटल में धान खरीदी, 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान खरीदी से किसानों में समृद्धि आई है। महतारी वंदन योजना के माध्यम से हर महीने 70 लाख माताओं-बहनों को एक हजार रुपए प्रति महीने की किश्त हम दे रहे हैं। देश के प्रमुख तीर्थस्थलों की यात्रा के लिए हम लोग मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन यात्रा योजना आरंभ करने जा रहे हैं। इस योजना के माध्यम से भी यात्रियों को निःशुल्क तीर्थ यात्रा का अवसर मिलेगा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के ग्राम टिमरलगा में आयोजित पर्वतदान (अन्न) एवं अश्वमेध यज्ञ महोत्सव को संबोधित करते हुए यह बात कही।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने ग्राम टिमरलगा में पर्वतदान एवं अश्वमेध यज्ञ महोत्सव को संबोधित करते हुए कहा कि जब भी बड़े धार्मिक आयोजन होते हैं, आसपास का पूरा क्षेत्र भक्ति के रंग में सराबोर हो जाता है।छत्तीसगढ़ भगवान श्रीराम का ननिहाल है। यह वो धरती है जहां भगवान श्रीराम ने अपने वनवास का अधिकतम समय बिताया। छत्तीसगढ़ की पावन धरती में शिवरीनारायण में माँ शबरी ने प्रभु श्रीराम को जूठे बेर खिलाये थे। हमारी छत्तीसगढ़ की भूमि बहुत पवित्र भूमि है। हमारे यहां वाल्मीकि जी का आश्रम तुरतुरिया में है।वाल्मीकि आश्रम ही वह भूमि है जहां लव और कुश ने अश्वमेध यज्ञ के घोड़े को पकड़ा था। छत्तीसगढ़ के कण कण में भगवान श्रीराम की स्मृतियां बसी हुई हैं। प्रभु श्रीराम की स्मृतियों को सहेजने के लिए हम लगातार कार्य कर रहे हैं।

पांच शक्तिपीठों को जोड़ेंगे

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि हम प्रदेश की पांच शक्तिपीठों को जोडऩे के लिए भी हम कार्य कर रहे हैं। हम लोगों ने त्रिवेणी संगम की नगरी राजिम में भी कुंभ मेले का पुनः आयोजन शुरू किया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने ग्राम टिमरलगा के माध्यमिक स्कूल का हाईस्कूल में उन्नयन, मां नाथल दाई को पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने सौंदर्यीकरण, ग्राम टिमरलगा के उपस्वास्थ्य केंद्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में उन्नयन की घोषणा की। इस अवसर पर रायगढ़ सांसद राधेश्याम राठिया, केरा बाई मनहर,शमशेर सिंह, पुष्पा देवी सिंह सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

संभल की बावड़ी में नीचे एक और मंजिल... कुआं भी है!

संभल। संभल के चंदौसी में मुस्लिम बहुल मोहल्ला लक्ष्मण गंज में खाली प्लाट में मिली बावड़ी का रहस्य परत दर परत अब खुलने लगा है। छठे दिन गुरुवार को भी बावड़ी में खोदाई और साफसफाई जारी है। बुधवार को खोदाई के दौरान अब ऊपरी मंजिल साफ नजर आने लगी है। लाल पत्थर का फर्श दिखने लगा है। हालांकि प्रथम तल से अभी मिट्टी हटाने का कार्य जारी है। वहीं, बुधवार को एएसआई की टीम ने मौके पर पहुंच कर बावड़ी का सर्वे भी किया था। 17 दिसंबर को मोहल्ला लक्ष्मण गंज में 150 साल पुराना खंडहरनुमा बांकेबिहारी मंदिर मिला था। सनातन सेवक संघ के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम राजेंद्र पैंसिया को प्रार्थना पत्र देकर मंदिर का जीर्णोद्धार कराने और मंदिर के पास ही गली में स्थित खाली प्लाट में बावड़ी होने का दावा किया था।

डीएम के आदेश पर उसी दिन खोदाई शुरू की गई तो बावड़ी अस्तित्व में आने लगी। पहले दिन बावड़ी की दीवारें दिखीं तो खोदाई में तेजी आई। दूसरे दिन खोदाई में कमरों के गेट और गेट के पीछे सुरंग नुमा गलियारा भी नजर आने लगा था। तीसरे दिन बावड़ी के अंदर उतरने के लिए सीढ़ियां नजर आने लगीं थीं। चौथे दिन 13 सीढ़ियां स्पष्ट दिखाई देने लगीं। रोजाना सुबह 10 बजे से शाम छह बजे तक खोदाई का कार्य चल रहा है। पांचवें दिन बुधवार को ऊपरी मंजिल का फर्श नजर आने लगा। लाल पत्थर का फर्श है। वहीं सीढ़ियों से सटकर दोनों ओर छह गेट नकासीदार बने हुए हैं। पांच गेट सादा हैं। इसके पीछे कमरे नुमा गलियारा है। दोपहर में पहुंची एएसआई की टीम ने फर्श से मिट्टी हटवाकर जांच पड़ताल की। फर्श से लिंटर की ऊंचाई करीब साढ़े दस फीट बताई जा रही है। बताया जाता है कि ऊपरी मंजिल के नीचे एक और मंजिल है और उसके नीचे कुआं है। जिसके चारों ओर सीढियां बनी हैं। बुधवार को शाम चार बजे मिट्टी हटाने का कार्य बंद कर दिया गया था। छठे दिन सुबह में पालिका की टीम ने ऊपरी मंजिल से मिट्टी हटाना शुरू कर दिया है। टीम ने पालिका के अधिकारियों को सिर्फ इतना बताया कि वह मेरठ एएसआई से बावड़ी का सर्वे करने के लिए आए हैं।

एएसआई मेरठ की टीम ने किया बावड़ी का सर्वे

बावड़ी का सर्वे करने के लिए बुधवार की सुबह करीब 10:45 बजे टीम मौके पर पहुंची और टीम ने बावड़ी की ऊपरी मंजिल का सर्वे किया। साथ ही मजदूरों से फर्श से मिट्टी हटवा कर भी देखा। फर्श पर लाल पत्थर था। इतना ही नहीं फर्श से लिंटर तक की नापजोख की। इस दौरान टीम मीडिया कर्मियों से बातचीत के लिए बचती रही। कुछ भी बताने से इन्कार कर दिया।

न्यूज गैलरी

गाजा पट्टी पर इजरायली हवाई हमले में 10 की मौत, 20 घायल

यरूशलम(वार्ता)। गाजा शहर के पास ज़िटौन के नजदीक एक घर पर इजरायली हवाई हमले में पांच फिलिस्तीनी मारे गए और 20 अन्य घायल हो गए। अल जजीरा ने गुरुवार को अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। रिपोर्ट में कहा गया है कि इसके अलावा गाजा में अल अवदा अस्पताल के पास इजरायली हवाई हमले में फिलिस्तीन के कुद्स न्यूज नेटवर्क के पांच पत्रकार मारे गए। पत्रकार नुसीरात शरणार्थी शिविर में एक रिपोर्ट का फिल्मांकन कर रहे थे, तभी उनके वाहन को इजरायली सेना ने टक्कर मार दी। गौरतलब है कि इजरायल पर सात अक्टूबर, 2023 को गाजा पट्टी से अभूतपूर्व रॉकेट हमला किया गया। इसके अलावा, फिलिस्तीनी आंदोलन हमास के लड़ाकों ने सीमावर्ती क्षेत्रों में घुसपैठ की सेना और नागरिकों पर गोलीबारी की और बंधक बना लिया। इज़रायली अधिकारियों का कहना है कि छापे के दौरान लगभग 1,200 लोग मारे गए। इसके जवाब में इज़राइल रक्षा बलों ने गाजा में ऑपरेशन आयरन स्वॉर्ड्स शुरू किया और एन्क्लेव की पूर्ण नाकाबंदी की घोषणा की। स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार गाजा पट्टी में इजरायली हमलों में मरने वालों की संख्या 45,300 से अधिक हो गई है।

बिहार सरकार निरंकुश हो चुकी है : पप्पू

पटना(वार्ता)। बिहार में पूर्णिया के सांसद पप्पू यादव ने आरोप लगाया है कि प्रदेश की सरकार निरंकुश हो गयी है। श्री यादव बुधवार की देर रात गर्दनीबाग धरना स्थल पहुंचे और उन्होंने बिहार लोक सेवा आयोग परीक्षार्थियों से बातचीत की। उन्होंने धरना स्थल पर लाठीचार्ज से घायल छात्रों से बातचीत कर घटना की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार निरंकुश हो चुकी हैं। छात्रों पर लाठीचार्ज की घटना निंदनीय हैं। निहत्थे छात्रों पर लाठी चलाने की घटना की जितनी भी निंदा की जाए वह कम होगा। सांसद ने कहा कि सरकार चाहे जितना भी जुल्म छात्रों पर कर ले उसे बीपीएससी की फिर से परीक्षा लेनी होगी।

मतदान के समय तक जितने लोग लाइन में हैं, उन्हें मतदान करने का मौका दिया जाएगा

चुनावी प्रक्रिया को बगैर समझे मतदान प्रतिशत पर संदेह जताना गलत, चुनाव आयोग का विपक्ष को जवाब

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव के समय से मतदान प्रतिशत को लेकर मोर्चा खोले विपक्ष को चुनाव आयोग ने मतदान प्रतिशत जुटाने का न सिर्फ पूरा गणित समझाया है बल्कि बगैर समझे चुनावी प्रक्रिया पर संदेह जताने को गलत बताया है। आयोग ने कहा कि वैसे भी चुनाव खत्म होने के बाद सभी बूथों पर मौजूदा राजनीतिक दलों के एजेंटों को फार्म-17सी मुहैया कराया जाता है, जिसमें उस बूथ पर कितने वोट पड़े है उसका पूरा ब्योरा मौजूद रहता है। जिन्हें मतदान प्रतिशत में गड़बड़ी का संदेह है, वे फार्म-17सी से मिलान कर सकते हैं।

ईवीएम जमा कराने का काम अमूमन सात बजे से शुरू होता है

आयोग के मुताबिक कई बार मतदान का समय छह बजे तक रहता है, तो कई बार लंबी लाइनों के चलते मतदान रात में आठ बजे तक चलता रहता है। यह इसलिए होता है कि क्योंकि आयोग का नियम है कि मतदान के समय तक जितने लोग लाइन में लग जाते हैं, उन्हें मतदान करने का मौका दिया जाएगा। मतदान जैसे ही खत्म होता है, मतदान कर्मी बूथ में हुए मतदान का पूरा ब्योरा फार्म-17सी में दर्ज करके उसकी एक-एक प्रति सभी प्रत्याशियों के एजेंटों को देकर और उनके सामने ही ईवीएम को सील करके उन्हें जमा कराने के लिए रवाना हो जाता है। स्ट्रांग रूम में ईवीएम जमा कराने का काम अमूमन सात बजे से शुरू होता है, जो रातभर चलता है। इस दौरान जैसे-जैसे ईवीएम मशीनें जमा होती जाती हैं, उस बूथ के मतदान का अंतिम ब्योरा भी आनलाइन अपलोड कर दिया जाता है। आयोग के मुताबिक, वह अमूमन 11 बजे तक दर्ज हो चुके ब्योरे को 11.30 बजे जारी कर देता है। लेकिन इसके बाद भी मतदान टीमों के आने, ईवीएम को जमा करने और ब्योरे को अपलोड करने का काम जारी रहता है तो अगले दिन सारा ब्योरा अपलोड होने के बाद अंतिम मतदान प्रतिशत जारी किया जाता है।

विपक्ष के सवालों का चुनाव आयोग ने दिया जवाब

आयोग ने कांग्रेस सहित दूसरे विपक्षी दलों को यह जवाब लोकसभा चुनाव के दौरान भी दिया था, लेकिन हरियाणा और महाराष्ट्र चुनाव के दौरान विपक्ष ने जब इस मुद्दे को फिर से तूल दिया तो आयोग ने मंगलवार को इसे लेकर न सिर्फ लिखित में जवाब दिया है, बल्कि आयोग ने पूछे जाने वाले प्रश्नों की सूची में भी इससे संबंधित सवाल-जवाबों को शामिल किया है। आयोग का कहना है कि मतदान के दिन वैसे भी मतदान प्रतिशत के जो आंकड़े दिए जाते हैं, वे संभावित होते हैं, न कि अंतिम आंकड़े। ये आंकड़े मतदान के दिन पांच बार सभी बूथों से जुटाए जाते हैं जो सुबह नौ बजे, 11 बजे, दोपहर एक बजे, तीन बजे और शाम को पांच बजे जुटाए जाते हैं। इन्हें जुटाए जाने के आधे घंटे बाद जारी किया जाता है। यानी जो आंकड़े नौ बजे जुटाए जाते हैं, उन्हें जोड़कर साढ़े नौ बजे तक जारी किया जाता है।

ईवीएम में अधिक वोट मिलने को लेकर भी साफ की स्थिति

आयोग ने इस दौरान कुछ जगहों पर बूथ पर कुल हुए मतदान से अधिक वोट ईवीएम में मतगणना के दौरान पाए जाने के मामले भी स्थिति स्पष्ट की और कहा कि वैसे तो ऐसा नहीं होता है। लेकिन कुछ जगह पर जब मतदान शुरू होने से पहले कराए जाने वाले मोक पोल को रद नहीं दिया जाता है, तो मोक पोल के दौरान डाले गए वोट ईवीएम में कुल हुए मतदान में अधिक दिखने लगते हैं। हालांकि जैसे ही बात संज्ञान में आती है तो तुरंत वीवीपैट पर्चियों से मिलानकर रद कर दिया जाता है।

स्पेडेक्स मिशन से भारत की स्पेस में लंबी छलांग

भविष्य के मिशन के लिए भी अहम है डॉकिंग तकनीक

नई दिल्ली। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) अंतरिक्ष के क्षेत्र में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल करने की तैयारी में है। दरअसल इसरो अंतरिक्ष में दो सैटेलाइट्स (उपग्रहों) को जोड़ने का काम करेगा और यह काम इतना चुनौतीपूर्ण है कि इसमें बंदूक की गोली से भी दस गुना तेजी से परिक्रमा कर रही दो सैटेलाइट्स को पहले रोककर स्पेसक्राफ्ट पर डॉक किया जाएगा और फिर दोनों को जोड़कर फिर से पृथ्वी की कक्षा में छोड़ दिया जाएगा। इसरो ने इस मिशन को स्पेडेक्स नाम दिया है और इसे 30 दिसंबर को लॉन्च किया जाएगा।

जानिए कैसे दो सैटेलाइट् अंतरिक्ष में की जाएंगी डॉक

मिशन के तहत इसरो का पीएसएलवी रॉकेट विशेष रूप से डिजाइन दो उपग्रहों को ले जाएगा, जिनमें से प्रत्येक का वजन लगभग 220 किलोग्राम होगा। इन उपग्रहों को पृथ्वी से 470 किलोमीटर ऊपर डॉकिंग और अनडॉक का प्रयास किया जाएगा। अभी तक केवल रूस, अमेरिका और चीन ने ही इस जटिल तकनीक में महारत हासिल की है और किसी भी देश ने इस मिशन की पेचीदियां को साझा नहीं किया है। अब भारत अपने दम पर इस उपलब्धि को हासिल करने की तैयारी कर रहा है। इसरो 'भारतीय डॉकिंग सिस्टम' नामक एक विशेष रूप से डिज़ाइन किए गए अंतरिक्ष डॉकिंग तंत्र का इस्तेमाल करेगी, जो NASA द्वारा विकसित अंतर्राष्ट्रीय डॉकिंग सिस्टम (IDSS) के मानकों को पूरा करता है। दोनों उपग्रह लगभग 28,800 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से यात्रा करेंगे, ये किसी वाणिज्यिक हवाई जहाज की गति से लगभग 36 गुना या गोली की गति से भी दस गुना तेज है। विशेष रूप से डिजाइन किए गए रॉकेट और सेंसर के एक सेट का उपयोग करके उपग्रहों की सापेक्ष गति को लगभग शून्य या लगभग 0.036 किलोमीटर प्रति घंटे या 10 मिलीमीटर प्रति सेकंड तक धीमा कर दिया जाएगा और फिर उन्हें एक साथ जोड़ दिया जाएगा। दिलचस्प बात यह है कि इसरो ने पहले ही भारतीय डॉकिंग तंत्र पर पेटेंट ले लिया है।

अन्ना विश्वविद्यालय दुष्कर्म मामले पर बीजेपी का विरोध प्रदर्शन

चेन्नई (तमिलनाडु)। भारतीय जनता पार्टी की नेता तमिलिसाई सुंदरराजन और पार्टी के अन्य कार्यकर्ताओं को गुरुवार को तमिलनाडु पुलिस ने चेन्नई के अन्ना विश्वविद्यालय परिसर में एक छात्रा के कथित दुष्कर्म के खिलाफ भाजपा और डीएमके द्वारा किए गए विरोध प्रदर्शन के दौरान हिरासत में लिया।

पार्टी के विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहीं सुंदरराजन ने कहा कि डीएमके के नेतृत्व वाली राज्य सरकार उनकी आवाज को कुचलने का प्रयास कर रही है और दावा किया कि पुलिस ने उनके और कई अन्य पार्टी कार्यकर्ताओं को उनके विरोध प्रदर्शन के दौरान हिरासत में लिया है। सुंदरराजन ने कहा, यह नृशंस है। वे हमारी आवाज को कुचलना चाहते हैं। चेन्नई पुलिस ने बताया कि अन्ना विश्वविद्यालय की द्वितीय वर्ष की छात्रा के साथ सोमवार रात विश्वविद्यालय परिसर में एक व्यक्ति ने कथित तौर पर दुष्कर्म किया। उन्होंने बताया कि मामले के सिलसिले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस ने अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम के कार्यकर्ताओं को भी हिरासत में लिया, क्योंकि वे अन्ना विश्वविद्यालय की छात्रा के कथित दुष्कर्म को लेकर सत्तारूढ़ डीएमके सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे थे। बुधवार को विदुथलाई चिरुथैगल काची (वीसीके) के संस्थापक अध्यक्ष थोल थिरुमावलवन ने मामले के संबंध में त्वरित कार्रवाई की मांग की। इस बीच, अभिनेता और तमिलगा वेत्री कझगम (टीवीके) पार्टी के प्रमुख विजय ने कहा कि यह खबर बेहद चौंकाने वाली और दर्दनाक है। उन्होंने तमिलनाडु सरकार से अपराधी के खिलाफ त्वरित कानूनी कार्रवाई करने का आग्रह किया। विजय ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, हालांकि पुलिस ने बताया है कि दुष्कर्म करने वाले एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है, मैं तमिलनाडु सरकार से उसके खिलाफ त्वरित कानूनी कार्रवाई करने और उचित सजा सुनिश्चित करने का आग्रह करता हूं। साथ ही, अगर कोई और भी इस जघन्य अपराध में शामिल है, तो उसके खिलाफ भी तुरंत उचित कार्रवाई की जानी चाहिए।

द्विपक्षीय नौसेना अभ्यास से भारत और श्रीलंका के संबंध मजबूत हुए

नई दिल्ली (वार्ता)। भारत और श्रीलंका के बीच द्विपक्षीय नौसेना अभ्यास स्लीनेक्स -2024 से दोनों देशों के संबंध मजबूत हुए हैं और इससे सुरक्षित तथा नियम-आधारित समुद्री क्षेत्र बनाने में मदद मिली है। यह अभ्यास नौसेना की पूर्वी कमान के तत्वावधान में 17 से 20 दिसंबर तक विशाखापत्तनम में दो चरणों में आयोजित किया गया। बंदरगाह चरण 17 से 18 दिसंबर तक और समुद्री चरण 19 से 20 दिसंबर 24 तक हुआ।

अब पानी पर कब्जा करेगा चीन! तिब्बत में बनाएगा दुनिया का सबसे बड़ा बांध

नई दिल्ली। चीन ने दुनिया के सबसे बड़े हाइड्रोपावर बांध के प्रोजेक्ट को मंजूरी दे दी है। ये बांध तिब्बती पठार के पूर्वी हिस्से में बनाया जाएगा। इस प्रोजेक्ट से भारत और बांग्लादेश के लाखों लोगों के प्रभावित होने की आशंका है। चीन के पावर कंस्ट्रक्शन कॉरपोरेशन द्वारा उपलब्ध कराए गए अनुमान के मुताबिक, ये बांध चीन की यरलुंग जांगबो नदी के निचले हिस्से पर स्थित होगा। इससे हर साल 300 बिलियन किलोवाट-घंटे बिजली पैदा की जा सकती है।

चीन में अब भी सबसे बड़ा बांध

सेंट्रल चीन में अब भी दुनिया का सबसे बड़ा बांध मौजूद है, जिसे थ्री गॉर्जस डैम कहते हैं। इससे वर्तमान में 88.2 बिलियन किलोवाट-घंटा बिजली पैदा की जाती है। इसका मतलब ये हुआ कि तिब्बत में बनने वाले बांध से अब के मुकाबले 3 गुना अधिक बिजली बनेगी। इस प्रोजेक्ट से चीन को कार्बन न्यूट्रल और जीरो कार्बन पीकिंग के लक्ष्यों को पूरा करने में मदद मिलेगी। साथ ही इंजीनियरिंग को प्रोत्साहित करने और तिब्बत में रोजगार मुहैया कराने की कोशिश को बल मिलेगा।

हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट के लिए बेहतरीन जगह

यरलुंग जांगबो नदी का तकरीबन 50 किलोमीटर हिस्सा 2000 मीटर की ऊंचाई से गिरता है। जाहिर है कि इससे जहां एक ओर चीन के हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट में सहूलियत होगी, साथ ही इंजीनियरिंग को भी नये चैलेंज मिलेंगे।

तिब्बत में बनेगा प्रोजेक्ट

माना जा रहा है कि इस बांध को बनाने में आने वाली लागत भी थ्री गॉर्जस डैम से बेहद कम होगी। इसमें इंजीनियरिंग कॉस्ट भी शामिल रहेगा। थ्री गॉर्जस डैम की लागत करीब 254.2 बिलियन युआन थी, जिसमें 1.4 मिलियन लोगों को विस्थापित करने का खर्च भी शामिल था।

हुबली आग हादसे में दो घायलों ने तोड़ा दम, अन्य सात की हालत गंभीर

■ **दो श्रद्धालुओं की मौत, अन्य सात की हालत गंभीर**

हुबली। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरमैया ने हुबली में आग से जलकर मरने वाले दो लोगों के परिजनों को 5-5 लाख रुपए मुआवजा देने की घोषणा की है। गौरतलब है कि सोमवार को हुबली के साईनगर में अच्छावन कॉलोनी में एक कमरे में एलपीजी सिलेंडर में आग लगने से नौ लोग बुरी तरह घायल हो गए थे।

इनमें दो लोगों की गुरुवार को मौत हो गई, जबकि अन्य सात की हालत भी गंभीर बताई जा रही है। समाचार एजेंसी पीटीआई के अनुसार मुख्यमंत्री कार्यालय ने एक बयान में कहा, 'अच्छावन कॉलोनी में गैस सिलेंडर विस्फोट की घटना में घायल हुए नौ अयप्पा भक्तों में से दो की आज सुबह मौत हो गई। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने मृतकों के परिजनों को 5-5 लाख रुपए मुआवजा देने की घोषणा की है।' सीएमओ ने कहा, 'बाकी सात लोगों का इलाज जारी है और उन्नत उपचार के लिए बेंगलुरु और अन्य जगहों से विशेषज्ञ डॉक्टरों को बुलाया गया है।' एएनआई के अनुसार अधिकारियों ने बताया कि 23 दिसंबर को हुबली में आग लगने की घटना में घायल हुए नौ 'अयप्पा मालाधारी' में से दो ने गुरुवार सुबह कर्नाटक मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट में दम तोड़ दिया।

गृह मंत्री ने की घायलों से मुलाकात

आग लगने की घटना में नौ अयप्पा भक्त घायल हो गए थे। यह घटना कथित तौर पर गैस लीक के कारण हुई थी। शेष घायलों का इलाज केआईएमएस में चल रहा है। कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने अस्पताल का दौरा किया

सहकारिता ... **किसानों के उत्पादों को सहकारिता के माध्यम से विदेशी बाजारों तक पहुंचाना संभव हो जाएगा**

अमित शाह ने 10 हजार नई पैक्स को किया लांच, दो लाख बनाने का लक्ष्य जल्द होगा पूरा

■ **15 हजार निष्क्रिय पैक्स को बंद कर नए पैक्स बनाने का रास्ता भी किया साफ**

नई दिल्ली। गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह ने नई बनाई गई 10 हजार प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों (पैक्स) को लांच किया। पिछले 86 दिनों के रिकार्ड समय में 10 हजार पैक्स बनाने का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि अगले पांच साल में दो लाख पैक्स बनाने का लक्ष्य समय से पहले हासिल कर लिया जाएगा।

उनके अनुसार पैक्स के निर्माण से किसानों के उत्पादों को सहकारिता के माध्यम से विदेशी बाजारों तक पहुंचाना संभव हो जाएगा। विभिन्न कृषि उत्पादों के निर्यात के लिए पहले ही तीन बहुराज्यीय सहकारिता संगठन का गठन किया जा चुका है।

दो लाख पैक्स बनाने का रोडमैप तैयार

नवगठित कृषि समितियों को लांच करते हुए अमित शाह ने कहा कि दो लाख पैक्स बनाने का रोडमैप तैयार कर लिया है। इसे दो चरणों में लागू किया जाएगा। पहले चरण में नाबार्ड 32,750 पैक्स, नेशनल डेयरी डवलपमेंट बोर्ड (एनडीडीबी) 56,500 दुग्ध समितियों और नेशनल फिसरीज डवलपमेंट बोर्ड (एनएफडीबी) 6000 मत्स्य समितियों का गठन करेंगे।

वहीं दूसरे चरण में नाबार्ड 45 हजार पैक्स, एनडीडीबी 46 हजार दुग्ध सहकारी समितियों और एनएफडीबी 5,500 मत्स्य सहकारी समितियों का गठन करेगी। वहीं राज्य सरकारें 25 हजार नई पैक्स बनाएगी।

अमित शाह ने कहा कि नए नियम के तहत मत्स्य सहकारी समितियां और दुग्ध सहकारी समितियां भी प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों के रूप में काम कर सकेंगी। अमित शाह ने विभिन्न गांवों में निष्क्रिय पैक्स को बंद करने के लिए नया एसओपी भी जारी किया। अभी तक नियम के तहत एक बार बन गई पैक्स को निष्क्रिय होने के बावजूद बंद किया जा सकता है और जब तक किसी गांव में पहले से पैक्स गठित है, तबतक वहां नए पैक्स का गठन नहीं किया जा सकता है। पूरे देश में ऐसे 15 हजार पैक्स हैं, जो निष्क्रिय है। अब इन निष्क्रिय पैक्स को बंद कर वहां नई पैक्स बनाने का रास्ता साफ हो गया है।

यमुनानगर में ताबड़तोड़ फायरिंग से दो लोगों की मौत, एक गंभीर

यमुनानगर। यमुनानगर के खंड रादौर के खेड़ी लक्खा सिंह में तीन युवकों पर बाइक सवार नकाबपोशों ने ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। जिसमें यूपी के मखमूलपुर निवासी पंकज मलिक, गांव गोलनी निवासी वीरेंद्र की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उन्हेड़ी गांव के अर्जुन की गंभीर हालत है जिसे शहर के गाबा अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा नकाबपोश करीब पांच लोग थे जोकि दो बाइकों पर आए थे। नकाबपोशों ने उस दौरान तीनों युवकों पर फायरिंग शुरू कर दी जब तीनों युवक खेड़ी लक्खा सिंह में बनी पॉवर जिम से बाहर निकलकर कार में बैठ कर जाने लगे थे। इसी दौरान नकाबपोशों ने अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। नकाबपोशों ने 50 से अधिक फायर किए है जिससे मरने वाले युवकों का सीना पूरी तरह से गोलियों से छलनी हो गया। उधर, एसपी राजीव देशवाल ने गाबा अस्पताल में पहुंच कर स्थिति का जायजा लिया।

■ न्यूज गैलरी

अटारी के स्वामी आत्मानंद कालेज में क्रीड़ा प्रतियोगिता

रायपुर/नवप्रदेश। गुरुवार को रायपुर के अटारी स्थित स्वामी आत्मानंद कॉलेज में क्रीड़ा प्रतियोगिता का उदघाटन डॉ समरेंद्र सिंह एवं अभया जोगलेकर द्वारा किया गया। इस प्रतियोगिता में छात्र छात्राओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए कॉलेज के क्रीड़ा दाहिकारी प्रकाश चंद्रवंशी ने बताया की इस दौरान कॉलेज में छात्रों के लिए वॉली बाल , बैडमिंटन , एथलैटिक्स , टेबल टेनिस आदि खेलों का आयोजन किया गया। जिसमे वॉली बाल में बीएससी संकाय ने प्रथम स्थान तो बीसीए संकाय ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के मुख्या अतिथि ने सभी छात्र छात्राओं को बधाई दी।

लेखा प्रशिक्षण सत्र मार्च-जून के लिए आवेदन 31 जनवरी तक

रायपुर/नवप्रदेश। संचालक कोष, लेखा एवं पेंशन छत्तीसगढ़ के अनुसार प्राचार्य शासकीय लेखा प्रशिक्षण शाला रायपुर द्वारा आगामी लेखा प्रशिक्षण सत्र मार्च-जून 2025 के लिए आवेदन पत्र एक जनवरी से 31 जनवरी 2025 तक आमंत्रित किए गए हैं। तीन वर्ष की नियमित सेवा पूरा कर चुके लिपिक वर्गीय कर्मचारियों से निर्धारित प्रपत्र में आवेदन पत्र शासकीय लेखा प्रशिक्षण शाला, नगर घड़ी चौक रायपुर को 31 जनवरी 2025 तक कार्यालयीन समय में जमा किए जा सकेंगे। शासकीय लेखा प्रशिक्षण शाला के प्राचार्य से प्राप्त जानकारी के अनुसार लिपिक वर्गीय कर्मचारी से आशय ऐसे कर्मचारी से है, जिनकी पदस्थापना लिपिकीय संवर्ग के पद पर हुई है न कि किसी तकनीकि संवर्गीय पद पर। एक जनवरी 2025 के पूर्व एवं 31 जनवरी 2025 के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा। आवेदन पत्र के साथ नोटराइज्ड शपथ-पत्र संलग्न करना अनिवार्य है। आवेदन जिस सत्र के प्रशिक्षण हेतु किया गया है, उस सत्र के लिए ही मान्य होगा। पूर्व प्रचलित आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

दु :ख और संघर्ष के बाद किरण को मिलीं महतारी वंदन योजना की छाया

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी महतारी वंदन योजना से कोरिया जिले की श्रीमती

किरण बर्वे को आर्थिक रूप से काफी राहत मिली है। श्रीमती बर्वे ने बताया कि उनके जीवन में दुःख और संघर्ष के बाद महतारी वंदन योजना ने नया उत्साह और राहत दी है। वे दो बच्चों की मां है, पति का आकस्मिक निधन हो गया था, जिसके बाद उन्हें बच्चों के लालन-पालन और उनकी शिक्षा में भारी आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। लेकिन, मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय सरकार की महतारी वंदन योजना से उन्हें हर माह एक स्थिर आर्थिक सहायता मिल रही है, जिससे वह अपने बच्चों की पढ़ाई और घर की अन्य आवश्यकताओं को पूरा कर पा रही हैं। श्रीमती किरण बर्वे ने बताया, ''इस योजना से मिल रही राशि का उपयोग वे अपने बच्चों की पढ़ाई में करती हूं। इस योजना ने उसे अपनी कठिनाइयों से उबरने और बच्चों को बेहतर भविष्य देने का मौका दिया है।'' किरण ने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय और जिला प्रशासन का धन्यवाद करते हुए कहा कि ''महतारी वंदन योजना मुझ जैसी महिलाओं के लिए बड़ी मदद साबित हो रही है। जिला प्रशासन ने इस योजना के जरिए मुझे बेहद सहायता प्रदान की है।'' ''महतारी वंदन योजना'' न केवल आर्थिक मदद दे रही है, बल्कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उनके जीवन स्तर को सुधारने का भी कार्य कर रही है।

मातृभूमि की रक्षा के लिए बलिदानी हमेशा रहेंगे प्रेरणा स्त्रोत: टंकराम वर्मा

■ वीर बाल दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए मंत्री वर्मा

■ बाबा जोरावर सिंह एवं बाबा फतेह सिंह के बलिदान को किया नमन

रायपुर/नवप्रदेश। राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा गुरुवार को बलौदाबाजार के पण्डित चक्रपाणि शुक्ल स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय बलौदाबाजार में आयोजित वीर बाल दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने गुरु गोविंद सिंह के साहिबजादों बाबा जोरावर सिंह एवं बाबा फतेह सिंह के बलिदान को नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह ने धर्म और मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए। मातृभूमि और धर्म रक्षा के लिए उनकी शहादत अमर रहेगा।

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 2022 से शुरू किए गए वीर बाल दिवस को ऐतिहासिक पहल बताते हुए कहा कि यह दिवस हमें अपने कर्तव्यों और समर्पण की प्रेरणा देता है। इस अवसर पर बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह के जीवन पर आधारित चलचित्र का प्रदर्शन भी किया गया, ताकि बच्चे उनसे प्रेरणा लेकर अपने जीवन में अच्छे मूल्य अपनाएं। नगर पालिका अध्यक्ष श्री चित्तावर जायसवाल एवं पूर्व विधायक डॉ. सनम जांगड़े ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए वीर बाल दिवस को प्रेरणादायक बताया। कार्यक्रम में सिख समाज के महिलाओं ने गुरु गोविंद सिंह के जीवन पर आधारित कीर्तन प्रस्तुत किया।

इसके साथ ही निबंध लेखन प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर भारत स्काउट गाइड के राज्य उपाध्यक्ष विजय केशरवानी, जनप्रतिनिधिगण और जिला शिक्षा अधिकारी सहित अन्य अधिकारी एवं स्कूली बच्चे उपस्थित थे।

सुशासन दिवस के अवसर पर नालंदा परिसर में 'खुशहाल एक साल' इवेंट का किया गया सफलतापूर्वक आयोजन

सवालों के सही जवाब देने पर मिले आकर्षक उपहार और डिस्काउंट कूपन

रायपुर/नवप्रदेश। देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती में उनके कविता संग्रह में से चुनिंदा कविताओं का राजधानी के युवाओं ने वाचन किया, छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना में उनके अतुलनीय योगदान को स्मरण किया और हिंदी में पहली बार संयुक्त राष्ट्र संघ में दिए गए उनके भाषण पर भी अपने विचार प्रकट किए। यह अवसर था राजधानी रायपुर के नालंदा परिसर में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती के अवसर पर मनाए जा रहे सुशासन दिवस का। जनसंपर्क विभाग की ओर से नालंदा परिसर में 'खुशहाल एक साल' इवेंट का आयोजन किया गया।

जिसमें नालंदा परिसर में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले युवा न केवल देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी बाजपेयी की जीवन यात्रा, कविता संग्रह और विचारों से रूबरू हुए, बल्कि छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व मे राज्य सरकार की विगत एक वर्ष की उपलब्धियों और योजनाओं के प्रति भी जागरूक हुए।

मनोरंजन और खेल - खेल में युवाओं को अपने प्रदेश के बारे में बहुत कुछ जानने का मौका मिला। सबके बीच अपने विचार व्यक्त करने से झिझकने वाले युवाओं ने भी हल्के फुलके वातावरण में संकोच करना बंद कर खुशी-खुशी विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया।

युवाओं ने राज्य में संचालित महतारी वंदन योजना, नियद नेल्ला नार योजना, मुख्यमंत्री खाद्यान्न सहायता योजना, कृषक उन्नति योजना, पर्यटन, छत्तीसगढ़ की बोलियों, आभूषणों आदि के बारे में पूछे गए प्रश्नों का सही उत्तर देने में तत्परता दिखाई । छत्तीसगढ़ में मिलने वाले खनिज, प्रदेश की लोक कला, खान -पान, गौरवशाली इतिहास संबंधी प्रश्नों को भी विभिन्न गतिविधियों के बीच में पूछा गया और इस दौरान सही उत्तर देने वाले युवाओं को विभिन्न डिस्काउंट कूपन, बिहान के उत्पाद उपहार स्वरूप प्रदान किए गए।

डिस्काउंट वाउचर में नालंदा परिसर में स्थित लाइब्रेरी के मासिक शुल्क में 50 प्रतिशत की छूट ने भी प्रतियोगी परीक्षाओं के एस्पिरेंट्स को खूब लुभाया । इससे उनका उत्साह और बढ़ गया और उन्होंने इवेंट की समाप्ति तक पूरे उमंग के साथ आयोजन में हिस्सा लिया । उल्लेखनीय है कि खुशहाल एक साल इवेंट का यह छठवाँ आयोजन था। इससे पहले भी रायपुर शहर के विभिन्न स्थलों में इवेंट आयोजित किया गया जिसमें युवाओं ने भरपूर रुचि और उत्साह के साथ आयोजन की सफ्लता में अपनी सहभागिता प्रदान की थी।

आगंतुकों को कविताएं कर रही मंत्रमुग्ध

भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती सुशासन दिवस के अवसर पर जनसंपर्क विभाग द्वारा रायपुर के नालंदा परिसर में दो दिवसीय प्रदर्शनी आज से लगाई गई है। प्रदर्शनी स्थल पर में अटल जी की कविताएं एलईडी लाइट एण्ड साउंड के माध्यम से प्रदर्शित की गयी। अटलजी की मधुर और ओजस्वी वाणी से कविताएं लोगों को मंत्रमुग्ध करती रही। बाजपेयी जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर आधारित आकर्षक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

अटल चौक में मुख्यमंत्री ने किया माल्यार्पण प्रदेश में अटल परिसर का होगा निर्माण

रायपुर/नवप्रदेश। सुशासन दिवस के अवसर पर अवंती विहार स्थित अटल चौक में भाजपा रायपुर जिला एवं व्यापारी संघ द्वारा पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय उपस्थित हुए, उक्त जानकारी देते हुए संघ के अध्यक्ष राजकुमार राठी ने बताया कि कार्यक्रम में प्रमुख रूप से स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, विधायक पुरंदर मिश्रा, मोतीलाल साहू, सुनील सोनी, राजेश मूणत, जिला अध्यक्ष जयंती पटेल, नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे, वार्ड पार्षद सीमा संतोष साहू सहित अनेक भाजपा नेता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस मौके पर श्री साय ने भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपाई की मूर्ति पर माल्यार्पण करते हुए उनको नमन किया।

उन्होने कि सभी निकायों में अटल परिसर का निर्माण किया जाएगा जिसका भूमिपूजन वर्चुअल माध्यम से आज किया गया। श्री साय ने कहा कि जिस विकसित छत्तीसगढ़ राज्य की कल्पना को लेकर श्री अटल जी ने छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण किया उन्हीं सपनों के आधार पर छत्तीसगढ़ प्रदेश का विकास भाजपा सरकार द्वारा किया जा रहा है।

कांग्रेस ने नक्शे में कश्मीर को बताया पाकिस्तान का हिस्सा, किरणदेव बोले- ये राष्ट्र विरोधी मानसिकता

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरणसिंह देव ने कर्नाटक में आयोजित कांग्रेस के अधिवेशन में भारत के मानचित्र में कश्मीर को पाकिस्तान और अक्साई चिन को चीन का हिस्सा बताए जाने की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए इसे कांग्रेस का राष्ट्र विरोधी कृत्य बताया है। श्री देव ने कहा कि संविधान, लोकतंत्र और भारत के मानचित्र का बार-बार मखौल उड़ाना कांग्रेस की भारत विरोधी मानसिकता का प्रमाण है और यही कांग्रेस का स्थायी राजनीतिक चरित्र बन चुका है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री देव ने कहा कि संविधान का सरेआम मखौल उड़ाने और लोकतंत्र का गला घोंटने वाली कांग्रेस अब भारत के मानचित्र को विकृत रूप में अपने मंच पर लगाकर भारत की एकता, अखंडता और सम्प्रभुता को भी सीधे-सीधे चुनौती देने लग गई है। कांग्रेस की यह करतूत अक्षम्य है और कांग्रेस के खिलाफ अब संवैधानिक प्रावधानों के तहत भारत के मानचित्र से इस तरह की छेड़छाड़ को लेकर कड़े कानूनी कदम उठाए जा सकते हैं। श्री देव ने कहा कि कांग्रेस का यह अक्षम्य अपराध पहली बार या फिर भूल से हुआ हो, ऐसा नहीं माना जा सकता। यह कांग्रेस की एक सोची-समझी करतूत है और वह विदेशी ताकतों के हाथों खेलकर अपने टूलकिट एजेंडे पर अमल कर रही है। इससे पहले भी छत्तीसगढ़ के पिछले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने यह कृत्य किया था। भाजपा द्वारा तब इस विषय का खुलासा करने, मुकदमा आदि दर्ज कराने के बाद कांग्रेस ने माफी मांगी थी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री देव ने कहा कि देश में जाति, धर्म के आधार पर तोड़ने की राजनीति करने वाली सत्ता की लालच में बौखलाती कांग्रेस एक तरफ भारत जोड़ो के नाम पर पाखंड का शर्मनाक प्रदर्शन कर रही है, वहीं अब भारत के हिस्सों को पाकिस्तान व चीन का हिस्सा बताकर देश को तोड़ने का कृत्य तक करने पर आमादा नजर आ रही है। श्री देव ने कहा कि कांग्रेस का यह घोर आपत्तिजनक, दंडनीय और निंदनीय कृत्य है।

घर बैठे रायपुर में खरीदिए संपत्ति

श्री विष्णुदेव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

आरडीए ने शुरू की ऑनलाईन सेल

Website : https://rda.cgstate.gov.in

श्री ओपी चौधरी
माननीय मंत्री
आवास एवं पर्यावरण छत्तीसगढ़

ऑनलाईन निविदा आमंत्रण सूचना

रायपुर विकास प्राधिकरण की विभिन्न योजनाओं में आवासीय, व्यावसायिक उपयोग के लिए भूखण्ड, दुकान, डुप्लेक्स रो-हाउस एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत् फ्लैट विक्रय हेतु उपलब्ध है।

क्र.	योजना	संपत्ति का प्रकार	संख्या	संपत्ति का क्षेत्रफल (वर्गफुट में)	संपत्ति का मूल्य (रुपये में)
1	कौशल्या माता विहार	आवासीय भूखण्ड (2000 वर्गफुट से कम) दर रू. 2177/- प्रति वर्गफुट (फ्री होल्ड)	4	822.4-1743.9	रू.17,90,278 - रू. 37,96,383/-
		आवासीय भूखण्ड (2000 वर्गफुट से ज्यादा) दर रू. 2072/- प्रति वर्गफुट (फ्री होल्ड)	21	2064.5-7472.40	रू. 42,77,685 - रू.1,54,82,771/-
		मिश्रित भूखण्ड - दर रू. 3710/- प्रति वर्गफुट (फ्री होल्ड)	1	9610	रू.3,56,53,100/-
		व्यावसायिक भूखण्ड - सेक्टर लेवल दर रू. 3630/- प्रति वर्गफुट (फ्री होल्ड)	14	757.07-788.7	रू.27,48,154 - रू.28,62,876/-
		डुप्लेक्स रो-हाउस	8	545-798.3	रू.24,60,767 - रू.32,27,978/-
		एल.आई.जी. फ्लैट्स (3 बी.एच.के.) सेक्टर-13	110	645	रू.19,00,000/-
		एल.आई.जी. फ्लैट्स (2 बी.एच.के.)	6	497	रू.12,79,300/-
		एल.आई.जी. फ्लैट्स (3 बी.एच.के.)	6	645	रू.15,30,100/-
PCG RERA NO. - 190618000236, Website :- https://rera.cgstate.gov.in					
2	इन्द्रप्रस्थ रायपुरा	120 अपार्टमेंट (मल्टीस्टोरी फ्लैट्स)	2	1008-1061	रू.21,30,000 - रू.22,43,000/-
3	बोरियाखुर्द योजना	शैक्षणिक भूखंड- दर रु. 415/- प्रति वर्गफुट (फ्री होल्ड)	1	27518	रू.1,14,19,970/-
		दुकानें - दर रु. 4000/- प्रति वर्गफुट (लीज होल्ड)	8	78-120	रू.3,13,760 - रू.4,81,320/-
4	कटोरा तालाब योजना (सेक्टर-07 न्यू राजेन्द्र नगर)	भक्त माता कर्मा काम्प्लेक्स में दुकानें- दर रु. 5680/- प्रति वर्गफुट (फ्री होल्ड)	4	480-494	रू.27,26,400 - रू.28,05,920/-
5	शैलेन्द्र नगर योजना	दुकानें (प्रथम तल) - दर रु. 6000/- प्रति वर्गफुट (लीज होल्ड)	19	229-253	रू.13,74,000 - रू.15,18,000/-

महत्वपूर्ण तिथियां	
	निविदा जारी करने की तिथि 26/12/2024
	निविदा फॉर्म वेबसाईट पर उपलब्ध होने की तिथि 26/12/2024 से 09/01/2025
	पूर्ण रूप से भरी गई निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 09/01/2025 तक

संपत्तियों का आवंटन ऑनलाईन निविदा के माध्यम से होगा। निविदा के नियम एवं शर्तें, उपलब्ध संपत्तियों का विवरण, निर्धारित ऑफसेट दर तथा आवेदन की जानकारी प्राधिकरण की वेबसाईट - https://rda.cgstate.gov.in में उपलब्ध है।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी

रायपुर विकास प्राधिकरण

भक्त माता कर्मा कॉम्प्लेक्स, न्यू राजेन्द्र नगर, रायपुर (छत्तीसगढ़) 492006

वेबसाईट - https://rda.cgstate.gov.in, टोल फ्री नं. - 1800-233-7188

रायपुर विकास प्राधिकरण द्वारा संपत्ति विक्रय के लिए किसी एजेंट/ब्रोकर की नियुक्ति नहीं की गई है।

जागो ग्राहक जागो

नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने राज्यपाल को लिखा पत्र

■ भाजपा सरकार संविधान के अनुच्छेद 243 का उल्लंघन कर रही है : डॉ. महंत

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने छत्तीसगढ़ के राज्यपाल मान. श्री रामेन डेका को पत्र में लिखा कि, छत्तीसगढ़ विधानसभा सत्र दिसंबर 2024 द्वारा पारित विधेयक क्रमांक 11 तथा 12 वर्ष 2024 संविधान विरूद्ध होने के कारण उचित कार्यवाही करने की आवश्यकता है। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने बताया कि, छत्तीसगढ़ विधानसभा शीतकालीन सत्र दिसंबर 2024 में दिनांक 19 दिसंबर को निम्नलिखित दो विधेयक पारित किये गये हैं। 01. छत्तीसगढ नगर पालिका (संशोधन) विधेयक, 2024 (क्रमांक 11 सन् 2024), 02. छत्तीसगढ नगर पालिका (संशोधन) विधेयक, 2024 (क्रमांक 12 सन् 2024) नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा कि, उपरोक्त दोनो विधेयको पर विधानसभा द्वारा विचार प्रारंभ किये जाने के पूर्व ही विपक्ष के द्वारा दोनो विधेयको के संविधान के विरूद्ध होने के तथ्य की ओर ध्यान आकर्शित कराते हुए भारत के संविधान के अनुच्छेद 243-प (243-यु) के विरूद्ध होने का कथन किया गया था, और माननीय उच्चतम न्यायालय के द्वारा राइट पेटीसन (सी) नं. 278 ऑफ2022 डिसाइडेड ऑन मई 10, 2022 का उल्लेख करते हुए अनुरोध किया गया था कि दोनों विधेयकों के कतिपय प्रावधान संविधान के विरुद्ध होने के कारण इन पर प्रस्तुत रूप में विचार करने में सदन के समक्ष नहीं होने का भी कथन किया गया, परन्तु दोनों विधेयकों को पारित कर दिया गया। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने अपने पत्र में उपरोक्त दोनों विधेयकों की प्रतिलिपि माननीय उच्चत्तम न्यायलय के उपरोक्त आदेश की प्रतिलिपि तथा भारत के सविधान के अनुच्छेद 243-प (243-यु) की प्रति (अंग्रेजी तथा हिंदी में) सलंग्न की है। भारत का संविधान के अनुच्छेद 243-प (3) (क) में यह आदेशात्मक प्रावधान है कि नगरपालिका की पांच वर्ष की अवधि समाप्त होने के पूर्व नगरपालिका के गठन के लिए निर्वाचन किया जायेगा।

भाजपा सरकार नौकरियां बेच रही है : दीपक बैज

■ पुलिस आरक्षक भर्ती के साथ वन विभाग की भर्तियों में भी घपला हो रहा

रायपुर/नवप्रदेश। भाजपा सरकार सरकारी विभागों की नौकरियां बेच रही है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि राज्य में भाजपा सरकार नौकरियों का व्यापार कर रही है। प्रदेश में वन एवं पुलिस की भर्तियों में बोलियां लग रही। कांग्रेस मांग करती है इन भर्तियो को रोक कर पूरी भर्ती प्रक्रिया की सीबीआई से अथवा उच्च न्यायालय के जज से जांच करवाई जाये। जिलों में आरक्षक भर्ती के साथ वन विभाग में वन रक्षको की भर्ती में भी घपले हो रहे है। पूरे प्रदेश के सभी जिलों में चल रही आरक्षक भर्ती और वन विभाग की भर्तियों में खुले आम बोलियां लगाई जा रही है। राजनांदगांव आरक्षक भर्ती के भ्रष्टाचार का खुलासा भी हो चुका है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि बड़े अधिकारियो और सत्त रूढ़ नेताओं चहेतो की भर्तियां सुनिश्चित करने शारीरिक परीक्षण में अधिक नंबर पक्षपात पूर्वक दिया जा रहा है। हैदराबाद की एक कपंनी को वन एवं पुलिस विभाग में शारीरिक परीक्षण का ठेका दिया गया। कंपनी से मिली भगत करके पूरा गड़बड़ किया जा रहा है। कांग्रेस पार्टी मांग करती है कि प्रदेश के सभी जिलों की पुलिस एवं वन भर्ती प्रक्रिया को रद्द करके फिर से शारीरिक परीक्षण करवाया जाये।

सुविचार

यदि जीत सुनिश्चित हो तो अर्जुन कोई भी बन सकता है लेकिन मृत्यु सुनिश्चित जानकर भी अभिमन्यु बनने के लिए साहस चाहिए। - अज्ञात

नीतीश कुमार के नाम पर मुहर

अगले साल होने जा रहे है बिहार विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने इस बार भी नीतीश कुमार के नेतृत्व में चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी है। बिहार में भाजपा की संपन्न एक बैठक में नीतीश कुमार के नाम पर सहमति की मुहर लगा दी है। बिहार प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष के मुताबिक आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा और जदयू के गठबंधन को बहुमत मिलता है तो नीतीश कुमार ही बिहार के मुख्यमंत्री बनेंगे। जाहिर है भाजपा नेतृत्व नीतीश कुमार पर ही भरोसा जता रहा है। पिछले दो दशकों से नीतीश कुमार बिहार के मुख्यमंत्री पद पर आसीन है। यह भी दिलचस्प पहलू है कि जदयू ने कभी भी स्पष्ट बहुमत हासिल नहीं किया लेकिन नीतीश कुमार ही भाजपा के सहयोग से तो कभी राष्ट्रीय जनता दल के समर्थन से मुख्यमंत्री बनते रहे। बिहार का मुख्यमंत्री बनने के लिए उन्होंने पाला बदलने में भी कभी देर नहीं की। इसके चलते दलबदलू कहा जाने लगा लेकिन इससे भी उनकी राजनीति पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा। अब नीतीश कुमार अपनी राजनीति की आखिरी पारी खेल रहे हैं। बढ़ती उम्र उनके आड़े आ रही है। लेकिन भाजपा ने एक बार फिर उन पर ही भरोसा जताया है। नीतीश कुमार बिहार के निर्विवाद नेता रहे हैं। आज तक उनपर भ्रष्टाचार का कोई आरोप नहीं लगा है। बिहार में सुशासन बाबू के नाम से भी जाना जाता है। बिहार के विकास के लिए उन्होंने कई ठोस कदम उठाये हैं। और बिहार में शराब बंदी लागू कर उन्होंने अपनी करनी और कथनी के अंतर को भी मिटाया है। नीतीश कुमार की सिर्फ बिहार में ही नहीं बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी विशिष्ट पहचान रही है। इसी के चलते आईएनडीआईए गठबंधन ने नीतीश कुमार को एनडीए के खिलाफ नया गठबंधन तैयार करने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी थी और उन्होंने अपनी इस जिम्मेदारी को कुशलता से निभाया आज जो आईएनडीआईए गठबंधन बना है। वह नीतीश कुमार के भागीरथ प्रयास से ही अस्तित्व में आया है। यह बात अलग है कि इस गठबंधन के संयोजक न बनाये जाने से नाराज होकर नीतीश कुमार ने आईएनडीआईए से नाता तोड़ लिया था और वे फिर एनडीए में चले गये। नीतीश कुमार ने यह भी घोषणा कर रखी है कि अब वे हमेशा के लिए एनडीए का हिस्सा बन गये हैं। बहरहाल नीतीश कुमार पर भरोसा दिखाकर भाजपा ने भी यह साबित कर दिया है कि वह अपने सहयोगी दलों को पूरा सम्मान देती है। नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार विधानसभा चुनाव में भाजपा और जदयू के गठबंधन को कितनी सफलता मिलेगी यह तो नहीं कहा जा सकता लेकिन उनका यह गठबंधन मजबूत नजर आ रहा है। क्योंकि इसमें चिराग पासवान, जितन राम मांझी और कुसवाहा की पार्टी शामिल हैं। इन सभी दलों ने पिछले लोकसभा चुनाव में बेहतर प्रदर्शन किया है। इसलिए बिहार विधानसभा चुनाव में भी यह गठबंधन राष्ट्रीय जनता दल और कांग्रेस के गठबंधन के सामने निश्चित रूप से कड़ी चुनौती पेश करेगा। यह बता अलग है कि नीतीश कुमार के नाम पर सहमति की मुहर लगने पर राष्ट्रीय जनता दल बौखला गया है। राजद के नेता इस पर तंज कस रहे हैं और यह दावा कर रहे हैं कि इस बार नीतीश फीनिस होने जा रहे हैं। इसकी वजह यही है कि राष्ट्रीय जनतादल को यह उम्मीद थी कि विधानसभा चुनाव के पूर्व नीतीश कुमार फिर एक बार पलटी मार सकते हैं और राष्ट्रीय जनता दल के साथ हाथ मिला सकते हैं। किन्तु अब उनकी उम्मीद टूट गई है इसलिए वे नीतीश कुमार पर निशाना साध कर खिसयानी बिल्ली खंभा नोचे वाली कहावत को चरितार्थ कर रहे हैं।

साय सरकार का सराहनीय निर्णय

देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी की 100वीं जयंती पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने घोषणा की है कि छत्तीसगढ़ के रजत जयंती वर्ष को अटल निर्माण वर्ष के रूप में मनाया जाएगा और इस दौरान अधोसंरचना विकास के कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। निश्चित रूप से साय सरकार का यह फैसला सराहनीय है। छत्तीसगढ़ राज्य पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी की ही देन है। उनके ही कार्यकाल में वर्ष 2000 में पृथक छत्तीसगढ़ राज्य की घोषणा हुआ था और छत्तीसगढ़ के लगभग ढाई करोड़ बाशिंदों का चिरप्रतिक्षित स्वप्न साकार हुआ था। अटलजी के इस योगदान को चिरस्थाई बनाये रखने के लिए नया रायुपर का नाम अटल नगर रखा गया था और हर साल अटल जी की जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाता है। किन्तु अब छत्तीसगढ़ की साय सरकार ने पूरा एक साल अटल जी के नाम पर समर्पित करने का जो फैसला लिया है और सच्चे अर्थों में अटल जी को छत्तीसगढ़ की जनता की ओर से सच्ची श्रंद्धांजलि होगी। छत्तीसगढ़ को अटल जी के सपनों के अनुरूप बनाने के लिए संकल्पित साय सरकार के इस प्रयास की सर्वत्र सराहना हो रही है। छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका ने कहा है कि अटल बिहारी बाजपेयी जयंती को सुशासन दिवस के रूप में समर्पित करना उनके मूल्यों और आदर्शों के प्रति हमारी सच्ची श्रंद्धांजलि है किन्तु सुशासन तभी संभव है जब शासन जनता के प्रति जवाबदेह हो पारदर्शी हो और हर नागरिक के अधिकारों का सम्मान करे। बहरहाल छत्तीसगढ़ को विकासगढ़ के रूप में नई पहचान दिलाने का जो उपक्रम शुरू किया गया है वह छत्तीसगढ़ के रजत जयंती वर्ष में जो की अटल निर्माण वर्ष के रूप में मनाया जाएगा। तब यहां विकास की गंगा और तेजी से प्रवाहित होगी। यह उम्मीद की जानी चाहिए। विकसित भारत का सपना साकार करने में यदि छत्तीसगढ़ अपने रजत जयंती वर्ष में योगदान दे पाता है तो निश्चित रूप से यह छत्तीसगढ़ के लिए स्वर्णीम उपलब्धि कही जाएगी।

अटलजी का सपना, विकसित बने भारत अपना

कैलाश विजयवर्गीय

डॉ मुखर्जी ने पठानकोट में गिरफ्तारी के बाद अटलजी को देश के लिए यह संदेश देने के लिए वापस भेजा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने बिना परमिट जम्मू-कश्मीर में प्रवेश किया है। 2019 में जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 के समाप्ति के साथ नया अध्याय शुरु हुआ।

देश को सशक्त बनाने के लिए अटलजी ने राष्ट्रीय सुरक्षा और विदेश नीति में क्रांतिकारी परिवर्तन किए। बड़े साहस और धैर्य के साथ उन्होंने 1998 में परमाणु परीक्षण करवाया। अटलजी के नेतृत्व में देश ने आतंकवाद के खिलाफ अभियान चलाया। अटलजी की विदेश नीति के कारण भारत को कई देशों का साथ मिला। भारतीय प्रवासियों को देश से जोड़ने का कार्य अटलजी ने शुरु किया। इस कार्य को मोदीजी ने उनकी प्रेरणा से बड़े स्तर पर आगे बढ़ाया। भारत आज मोदीजी के नेतृत्व में हर मोर्चे पर सक्षम है। यही अटलजी को सच्ची श्रद्धांजलि है।

हमारे अटलजी आज हम सबके बीच होते तो हम उनका सौंवा जन्मदिवस मना रहे होते। 2014 से हम उनके जन्मदिवस को सुशासन दिवस के रूप में मनाते आ रहे हैं। राजनीति के अजातशत्रु, ओजस्वी वक्ता, भावुक कवि, संसदीय परम्परा के शिखर नेता, भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल विहारी वाजपेयी को सम्पूर्ण राष्ट्र उनकी सौंवीं जयंती पर नम आंखों से श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। 2018 की 16 अगस्त से अटलजी हमारे मध्य नहीं हैं, पर हवा में लहराते उनके हाथ, हृदय को झकझोरने वाली उनकी वाणी, करोड़ों लोगों को देश-धर्म के पथ पर चलने के लिए प्रेरित करने वाले उनके गीत, गरीबों, किसानों, युवाओं, महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए उनके संकल्प आज भी हमारे कानों में गूंजते रहते हैं। उनके प्रेरक उद्बोधन, पराजय को विजय में बदलने के उनके मंत्र हमारी प्रेरणा और साहस को हमेशा बढ़ाते रहते हैं। हमें लगता है आज भी अटलजी हमारे मध्य हैं। उनका यह गीत-

बाधाएँ आती हैं आएँ
घिरें प्रलय की घोर घटाएँ,
पावों के नीचे अंगारे,
सिर पर बरसें यदि ज्वालाएँ,
निज हाथों में हँसते-हँसते,
आग लगाकर जलना होगा।
क़दम मिलाकर चलना होगा।

हमें सदैव अपने कर्तव्य पथ पर अटल रहकर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता रहता है। अटलजी का सम्पूर्ण जीवन राष्ट्र के लिए समर्पित रहा। बचपन में अंग्रेजी हूकुमत को उखाड़ फेंकने के लिए बाल्यकाल में जेल जाने वाले अटल विहारी वाजपेयी ने राजनीति में प्रवेश करने के साथ ही देश को दुनिया को तीसरी बड़ी ताकत बनाने का संकल्प लिया। आज भारत विश्व गुरू बनने की राह पर अग्रसर है। अटलजी ने नारा दिया, जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान। हमारे लोकप्रिय प्रधान सेवक श्री नरेंद्र मोदी ने उनके सपनों का भारत गढ़ने के लिए जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान, जय अनुसंधान का नारा देकर भारत की विश्व में नई छवि प्रस्तुत की है। याद कीजिये, लालकिले की प्राचीर से प्रधानमंत्री के तौर पर अटलजी का अंतिम आह्वान। 15 अगस्त 2003 को अटलजी ने प्रधानमंत्री के तौर पर लालकिले की प्राचीर से आह्वान किया था कि 2020 तक भारत को विकसित देश बनाना है। अटलजी ने कहा था कि प्यारे देशवासियों, आज देश ऐसे मोड़

पर हैं, जहां से देश एक लंबी छलांग लगा सकता है। 2020 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के बड़े ध्येय को हासिल करने की तमन्ना सारे देश में बल पकड़ रही है। जरा पीछे मुड़कर देखिये, बड़े-बड़े संकटों का सामना करके भारत आगे बढ़ रहा है। अटलजी का संकल्प पूरा करने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के साथ पूरा देश साथ खड़ा है। अटलजी कश्मीर में शांति चाहते थे। उनकी इच्छा थी कि कश्मीर में शांतिपूर्ण चुनाव हो। कुछ समय पहले ही जम्मू-कश्मीर में शांतिपूर्ण चुनाव हुए हैं।

अटलजी राजनीति में आने से पहले पत्रकार थे। कई समाचार-पत्रों के संपादक रहे। एक ऐसे संपादक रहे, जिनकी संपादकीय टिप्पणी पढ़ने के लिए लोग समाचार पत्र पढ़ते थे। कश्मीर में परमिट लेकर घुसने की व्यवस्था और अनुच्छेद 370 के विरोध में जनसंघ के संस्थापक अध्यक्ष डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के नेतृत्व में एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेंगे के नारे के साथ अभियान प्रारम्भ किया था। यहीं से अटलजी की राजनीतिक यात्रा शुरु हुई। 1951 में जनसंघ की स्थापना के समय अटलजी को पद देने का अनुरोध किया था। उस समय उनकी इच्छा पत्रकार बने रहने की थी। पर देश की एकता-अखंडता के लिए उन्होंने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के साथ सचिव के तौर पर कश्मीर जाने का रास्ता चुना। डॉ मुखर्जी ने पठानकोट में गिरफ्तारी के बाद अटलजी को देश के लिए यह संदेश देने के लिए वापस भेजा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने बिना परमिट जम्मू-कश्मीर में प्रवेश किया है। 2019 में जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 के समाप्ति के साथ नया अध्याय शुरु हुआ।

देश को सशक्त बनाने के लिए अटलजी ने राष्ट्रीय सुरक्षा और विदेश नीति में क्रांतिकारी परिवर्तन किए। बड़े साहस और धैर्य के साथ उन्होंने 1998 में परमाणु परीक्षण करवाया। अटलजी के नेतृत्व में देश ने आतंकवाद के खिलाफ अभियान चलाया। अटलजी की विदेश नीति के कारण भारत को कई देशों का साथ मिला। भारतीय प्रवासियों को देश से जोड़ने का कार्य अटलजी ने शुरु किया। इस कार्य को मोदीजी ने उनकी प्रेरणा से बड़े स्तर पर आगे बढ़ाया। भारत आज मोदीजी के नेतृत्व में हर मोर्चे पर सक्षम है। यही अटलजी को सच्ची श्रद्धांजलि है।

आज का इतिहास

नई दिल्ली(वार्ता)।1911 में 27 दिसंबर के दिन ही भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के कलकत्ता अधिवेशन के दौरान पहली बार 'जन गण मन' गाया गया था। 1945 में आज ही के दिन वैश्विक अर्थव्यवस्था को मज़बूती देने के लिए विश्व बैंक की स्थापना की गई थी। 1945 में 27 दिसंबर को ही 29 सदस्य देशों के साथ अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की स्थापना हुई थी। 1949 में आज ही के दिन नीदरलैंड ने आधिकारिक रूप से इंडोनेशिया की स्वतंत्रता को स्वीकार किया था। 1960 में 27 दिसंबर के दिन ही फ्रांस ने परमाणु परीक्षण किया था। 1968 में आज ही के दिन चंद्रमा की परिक्रमा करने वाला पहला मानव मिशन अपोलो-8 प्रशांत महासागर में उतरा था। 1972 में 27 दिसंबर को ही उत्तरी कोरिया में नया संविधान प्रभाव में आया था। 1979 में आज ही के दिन सोवियत सेना ने अफ़गानिस्तान पर हमला किया था। 2000 में 27 दिसंबर के दिन ही ऑस्ट्रेलिया में विवाह पूर्व संबंधों को क़ानूनी मान्यता दी थी। 2004 में आज ही के दिन भारत ने तीसरे और अंतिम वनडे में बांग्लादेश को हराकर श्रृंखला 2-1 से जीती थी।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

हर सफर मुश्किल

हर सफ़र मुश्किल नहीं होता और हर सफ़र आसान भी नहीं होता ! हां सफ़र लम्बा या छोटा जरूर होता है ! मगर हर सफ़र का अंत मंजिल नहीं होता कुछ सफ़र का मकसद हमें अपनेआप से मिलाना होता है !!

– रुबी प्रसाद

हाल अपना वो

हाल अपना वो किसी से भी न कहना चाहे.. रास्ता सोच लिया उसमे ही रहना चाहे.. ठोकरों ने किये मजबूत सिर्फ पांव नही, दिल भी पत्थर हुआ, आंसू भी न बहना चाहे.. दुख रहे साथ बहुत दिन तो दोस्त हो जाए, उसकी परवाह करे मन, उसे सहना चाहे..

– निश्चय बाजपेयी

खास पाती | किनारा कर गए मुझसे जिगर को

किनारा कर गए मुझसे,जिगर को तोड़ने वाले। इशारा कर गए मुझको, उन्हीं को छोड़ने वाले । भरोसा शब्द से मुझको, बड़ी तकलीफ होती है, नज़र आते न अब मुझको,दिलों को जोड़ने वाले।। **– रमेश शर्मा वशिष्ट**

सनातन धर्मावलंबी निरंतर बदनाम होते

सनातन धर्मावलंबी निरंतर बदनाम होते आए हैं जबकि सनातन धर्म में कुएं बावड़ी बगीचे धर्मशाला आदि सर्व समाज के लिए धर्माथ बनवाने लगाने का प्रचलन रहा है। यह कौन सी संस्कृति है जिसने बावड़ियों को पाट दिया और धर्मार्थ बगीचे लील गये ? राजा महाराजाओं के अभिलेखों में बावड़ियों और बगीचों का जिक्र होगा। बेशर्म इतिहासकार राजनीतिक नेता और भटके हुए लोगों को व सनातन धर्म के लोगों में फूट डालने के लिए इतिहास से छेड़छाड़ के साथ साथ निर्माण कार्यों को भी नष्ट करने का कुत्सित प्रयास करने वाले लोगों को माफ नहीं किया जा सकता। **– नवीन शंकर शर्मा**

मैं शब्द बुनती रही तुम अर्थ

मैं शब्द बुनती रही तुम अर्थ उघेड़ते रहे पूरा न हो पाया रिश्तों का स्वेटर तुम ऐसे क्यो हो मैं रेत पर घर बनाती रही तुम लहरें बुलाते रहे बन न पाया प्यार का घर तुम ऐसे क्यों हो मैं सूरज की गर्मी से मन के गीलेपन को सुखाती रही तुम बादलों को बुलाते रहे तुम ऐसे क्यों हो मैं ज़िंदगी को पीती रही तुम अँधेरों से डराते रहे पार न हो पायी मन की सुरंग तुम ऐसे क्यों हो **– अनिता कपूर**

सितम का ज़खीरा हटा

सितम का ज़खीरा हटा देर से, खुशी का मंजीरा बजा देर से। जुदाई की लहरों में कश्ती फंसी, मिलन का किनारा मिला देर से। सुनो बारिशे-संग होगी यहाँ, हवाओं ने रोते कहा देर से। चलो भाग चलते हैं इस देश से, है यह देश हमसे ख़फ़ा देर से। हुई मेरी तैनाती सरहद पे फिर चली दोस्ती की हवा देर से। वफ़ा की तलब से तड़पता रहा, नशा आस्था का चढ़ा देर से। बहुत ढूँढ़ा इक अच्छे नेता का घर मिला मुझको घर का पता देर से। **-डॉ संजय दानी**

इन आँखो ने क्या नहीं देखा इंसा

इन आँखो ने क्या नहीं देखा इंसा को इंसा से जुदा देखा कुछ नहीं कीमत उसकी यहाँ मौके-बेमौके उसे बिका देखा कौड़ियों के भाव बिके ईमान बिकने को सामने खड़ा देखा खुदगर्ज़ बन लोग लगे जीने रिश्तों में फ़ासला आता देखा फ़ानी है सब साथ जाना नहीं पर यही यहां सिलसिला देखा बहुत अनमोल है माना जिंदगी जीकर जिंदगी का मजा देखा **– सपना चन्द्रा**

लगती है प्यारी मोहब्बत की गलियाँ

लगती है प्यारी मोहब्बत की गलियाँ, कि इन रास्तों परभटक जाइयेगा,छूटने लगे जब इन हाथों से दिल तो, संभल जाइयेगासंभल जाइयेगा चकाचौंध करती है आँखों को ये तो, इसकी चमक से ना बदल जाइयेगा, लड़खड़ाने लगे आपके जब कदम तो, ठहर जाइयेगा ठहर जाइयेगा पतंग की तरह ये उड़ता ही जाए,मांझा इसका उलझता ही जाए, कि उलझा हुआ है मोहब्बत का ताना, अकेले में इसको सुलझाइयेगाना घबराइयेगा ना घबराइयेगा वो लगता है अपना जो कल था बेगाना, लगता है क्यों वो जाना पहचाना, उसके लिए अपनों को कभी भी ना ठुकराइयेगा ना ठुकराइयेगा ये दिल है कि कमबख़्त सुनता नहीं है, इसे आप थोड़ा तो समझाइयेगा, कि रंगीन होती हैं मोहब्बत की गलियाँ, कि रंगीनियों में खो जाइयेगा भटक जाइयेगा भटक जाइयेगा **– शिल्पी अग्रवाल**

प्रेरक प्रसंग

राहगीर चला जा रहा था। उसने देखा, मील का पत्थर गड़ा हुआ उसे दूरी बता रहा था। राहगीर बोल उठा- "तुम भी कैसे हो- जहाँ गड़ गए, वहाँ से हिलते भी नहीं। देखो, मेरी तरफ देखो। सारे संसार का भ्रमण करता हूँ, जहाँ मरजी हो, वहाँ जाता हूँ। आनंद ही आनंद है। मौज ही मौज है।" पत्थर ने धीमी आवाज में, लेकिन शिष्ट स्वर में उत्तर दिया - "बंधु! मुझे देखकर लोग दूरी का अनुमान लगाकर संतुष्ट हो जाते हैं। उन्हें लगता है कि अब उनका गंतव्य पास है। यह संतोष क्या कम है, जो मैं सेवा-धर्म के नाते उन्हें दे पाता हूँ। फिर मैं क्यों निरुदेश्य तुम्हारी तरह भटकता फिरूँ। वह तुम्हीं को मुबारक! मुझे तो मेरी यही सेवा ठीक लगती है। राहगीर निरुत्तर हो एक सीख लेकर आगे बढ़ गया।

QUIZ TIME

1) जनवरी 2024 में कौन सा क्रिकेटर 150 टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में भाग लेने वाला पहला पुरुष खिलाड़ी बन गया है?

2) नदियों में से कौन अपने मार्ग में परिवर्तन करने के लिए कुख्यात है?

3) विश्व भर में विश्व ब्रेल दिवस किस तारीख को मनाया जाता है?

4) जनवरी 2024 को मेडागास्कर के मोरोम्बे में कौन सा चक्रवात आया?

5) भारत ने जनवरी 2024 में किस राज्य में दुर्लभ तिब्बती भूरे भालू को पहली बार देखे जाने की पुष्टि की?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) रोहित शर्मा (2) कोसी (3) 4 जनवरी (4) अल्वारो (5) सिक्किम

आज का पंचांग

सूर्योदय : 07:06, सूर्यास्त : 17:49, चन्द्रोदयः 27:43, चन्द्रास्तः 14:07, अयन उत्तरायण, ऋतुः शिशिर, शक सम्वत : 1946 (क्रोधी), विक्रम सम्वत : 2081 (पिंगल), संवत्सर : क्रोधी, संवत्सर : (उत्तर) पिंगल, युगाब्द : (कलि संवत)5125, मास : पौष, पक्ष : कृष्ण, तिथि : द्वादशी, नक्षत्र : विशाखा, योग : धृति, प्रथम करण : बव (11:40 तक), द्वितीय करण : बालव (24:43 तक)।

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : धनु, चंद्र : तुला, मंगलः कर्क (उदित, पश्चिम, वक्री), बुध : वृश्चिक (उदित, पूर्व, मार्गी), गुरु : वृषभ (उदित, पश्चिम, वक्री), शुक्र : मकर (उदित, पूर्व, मार्गी), शनि : कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), राहु : मीन, केतु : कन्या।

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त : 12:06 से 12:49, अमृत काल 08:20 से 10:07, विजय मुहूर्त : 14:15 से 14:58, गोधूलि मुहूर्त 17:47 से 18:13, सायाह्न सन्ध्या : 17:49 से 19:09, निशिता मुहूर्त 24:01 से 24:54, ब्रह्म मुहूर्त : 29:20 से 30:13, राहुकाल : 10:30 से 12:00, गुलिक काल : 09:47 से 11:07, यमगण्ड : 07:06 से 08:27, दुर्मुहूर्त : 10:41 से 11:23, राहुवास : दक्षिण, होमाहुति : राहु (18:09 षे

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेष : आज का दिन आपके लिए किसी नए काम की शुरुआत करने के लिए अच्छा रहेगा। आपके घर किसी नये मेहमान का आगमन हो सकता है।

वृषः आज का दिन राजनीति में कार्यरत लोगों के लिए अच्छा रहने वाला है। आपका कोई काम यदि रुका हुआ था, उसे पूरा करने में आपके भाई आपकी पूरी मदद करेंगे।

मिथुनः आज आपकी निर्णय लेने की क्षमता बेहतर रहेगी। आपके कार्यक्षेत्र में कुछ ऐसे विरोधी होंगे, जो मित्र के रूप में हो सकते हैं।

कर्क : आज का दिन आपके लिए ऊर्जावान रहने वाला है। आप ऊर्जा से भरपूर रहेंगे। परिवार में किसी सदस्य से आपको कोई ऐसी बात सुनने को मिल सकती है।

सिंह : आज का दिन आपके लिए खुशियों की सौगात लेकर आने वाला है। आपको किसी नई नौकरी की प्राप्ति हो सकती है।

कन्या : आज का दिन बिजनेस कर रहे लोगों के लिए अच्छा रहने वाला है। आपको कोई बड़ा टेंडर मिलने से आप पार्टनरशिप की ओर हाथ बढ़ा सकते हैं।

तुलाः आज का दिन आपके लिए अशांतिपूर्ण रहने वाला है।

वृश्चिक : आज का दिन आपके लिए कोई निराशाजनक सूचना लेकर आने वाला है। कार्यक्षेत्र में आपका प्रमोशन होते होते रुक सकता है, जिससे आपका मन दुखी रहेगा।

धनुः आज आप अपने कार्य को लेकर योजनाबद्ध तरीके से कार्य हैं। आप किसी के कहने में ना आएं, नहीं तो वह आपको कोई गलत सलाह दे सकते हैं।

मकरः आज का दिन मान सम्मान में वृद्धि लेकर आने वाला है। आप ससुराल में किसी मांगलिक उत्सव में सम्मिलित हो सकते हैं।

कुंभ : आज का दिन आपके लिए सफलता दिलाने वाला रहेगा।

मीनः आज का दिन सामाजिक क्षेत्रो में कार्यरत लोगों के लिए अच्छा रहेगा। आपको कोई बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है।

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. याद, स्मरण 3. अग्नि, आग, पवित्र करने वाला 6. गौ जाति का नर 8. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 10. मुस्कुराहट, तबस्सुम 11. खारा, नमक के स्वाद जैसा 14. मुख्यभाग, निचोड़ 16. पिंडली व एड़ी के बीच की दोनों ओर उभरी हड्डी, गुल्फ 18. अद्भुत, विचित्र 21. सम्राट, बादशाह, नरेश 22. कृति, निर्माण करना, बनाना 23. बड़ी थाली 24. समूह, दल 26. एहसानमंद, कृतज्ञ 27. ध्वनि, सदा 28. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर।

ऊपर से नीचे

2. अपमान, अनादर, अवज्ञा 3. जल, नीर, अम्बु 4. वाणी, वादा, कथन 4. कर्म शब्द का अपभ्रंश, भाग्य 7. लकड़ी का घूमने वाला एक गोल खिलौना, बिजली का बल्ब 9. लोग, प्रजा 10. यात्री, राही, पथिक 12. कीड़ा 13. चोंचला, अदा 15. दंड 17. अवैध, अनुचित 18. जो आधिकारिक न हो, जो अधिकार प्राप्त न हो 19. जैसा होना चाहिए ठीक वैसा, सत्यपरक, वाजिब 20. ताकत, शक्ति 24. प्रश्न, समस्या 25. घटना, घटना का वर्णन 26. एक प्रसिद्ध पक्षी जो रात में विचरण करता है, लक्ष्मीजी की सवारी 27. पानी, चमक।

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 277 का हल

टे	ड़ा	मे	ड़ा		म	हा	र	त
क		ह					ज	न
	जा	न	की		क	म	नी	य
		त	म	क	ना			
म			त	ह	त		दा	ब
सी	मा			ला		स	न	द
हा	थ	म	ल	ना		वा		च
		द			घा	ल	मे	ल
	ब	द	ह	वा	स			न

न्यूज गैलरी

आक्रोशित हुए अंबेडकर अनुयायी

कुम्हारी। भारतीय संविधान के शिल्पी डॉ. बी.आर. अम्बेडकर पर सदन में केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा अपमानजनक टिप्पणी किए जाने पर अंबेडकर अनुयायियों में तीव्र आक्रोश है। कुम्हारी के अंबेडकरवादी और बौद्ध समाज ने कलेक्टर दुर्ग को राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन सौंपकर गृहमंत्री अमित शाह को तत्काल निष्कासित किए जाने की मांग की है। भारतीय बौद्ध महासभा कुम्हारी की अध्यक्ष उपासिका प्रेमलता डोंगरे ने कहा कि मांग पूरी न होने पर सड़कों पर उतरकर आंदोलन किया जाएगा। बौद्ध समाज कुम्हारी ने दुर्ग में धरना स्थल पर प्रदर्शन किया, जिसमें बड़ी संख्या में सर्व समाज के लोग उपस्थित रहे।

7 को महापौर पद का आरक्षण

दुर्ग। नगर में होने वाले प्रदेश के नगरीय निकायों के आम निर्वाचन हेतु नपा महापौर के पद का आरक्षण नियम 1999 के प्रावधानों के अंतर्गत निगमों के महापौर तथा नपाप एवं नपं अध्यक्षों के पदों का आरक्षण 27 दिसंबर को होना था जिसकी तिथि स्थगित कर उक्त कार्यवाही 7 जनवरी 2025 को की जाएगी।

22 लाख के कार्यो का भूमिपूजन

जामुल। नगर पालिका परिषद क्षेत्र में विकास कार्य की गति कॉफी तेजी से चल रहा हैं। नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने लगभग 22.65 लाख के विकास कार्य का भूमिपूजन कर जामुल की विकास यात्रा को लगातार जारी रखा हैं भूमिपूजन पर नपा अध्यक्ष ने बताया कि अध्यक्ष निधि से वार्ड 20 में 2.65 लाख सौंदर्यीकरण कार्य, वार्ड 19 में स्कुल तिराहा के पास 20.00 लाख से पथवे निर्माण कार्य किया जायेगा। हमारे पालिका में अभी और अनेको प्रकार के विकास कार्य सभी वार्डो में संपादित होगा। भूमिपूजन के अवसर पर विधि तथा सामान्य प्रशासन विभाग प्रभारी अहिल्या वर्मा, अध्यक्ष प्रतिनिधि बिसेश्वर वर्मा, तुलाराम टंडन, बल्लू ठाकुर, हीरा सिंह ठाकुर एवं अन्य गणमान्य नागरिकगण उपस्थित थें।

गंदगी पर की चालानी कार्यवाही

भिलाईनगर। निगम क्षेत्र के जोन 1 अंतर्गत सिंगलयूज प्लास्टिक पर सामग्री बेचने एवं खरीदने को रोकने पर कार्यवाही लगातार जारी है। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देश पर वार्ड 2 स्मृतिनगर में विभिन्न व्यवसासियों द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक पर सामग्री बेचने एवं गीला एवं सूखा कचरा पृथक कर नहीं देने वाले व्यापारियो पर चालानी कार्यवाही की गई। प्रमुख रूप से हैप्पी फास्ट फूड सेंटर 5सौ, नैवदयम द बैसिक इंडियन फास्ट फूड 11सौ, तिरूमाल ब्रेक फास्ट सेंटर 5सौ, यू टेस्ट डब सेंटर 2 हजार, आरएस सैलून 1हजार, गौरव सेनेटरी एवं हार्डवेयर 7सौ, वेदांश इंटरप्राईजेस 1हजार, स्कीजेर युनिसेक्स सैलून 1हजार, द स्ट्राईलैंड ब्यूटी पार्लर 1 हजार की चालानी कार्यवाही की गई।

गर्भवती महिलाओं के उच्च गुणवत्ता वाली देखभाल सुनिश्चित हो

सेक्टर-9 चिकित्सालय में प्रजनन एवं बाल स्वास्थ्य पर आरसीएच कार्यशाला

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। इस्पात संयंत्र के जवाहरलाल नेहरु चिकित्सालय एवं अनुसन्धान केंद्र में विगत दिनों प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग द्वारा गर्भवती महिलाओं के लिए उच्च गुणवत्ता वाली देखभाल सुनिश्चित करना विषय पर एक आरसीएच कार्यशाला आयोजित की गई। इसका उद्देश्य गर्भवती महिलाओं में गुणवत्तापूर्ण देखभाल की भूमिका के बारे में जागरूकता फैलाना और नर्सिंग छात्रों, नर्सिंग बहनों और डीएनबी छात्रों को प्रशिक्षित करना था, ताकि प्रसवपूर्व परिणामों को अनुकूलित किया जा सके और सतत विकास लक्ष्यों के मातृ एवं नवजात लक्ष्यों को प्राप्त करने के प्रयास किए जा सकें। कार्यपालक निदेशक (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवांयें) डॉ एम रविन्द्रनाथ के मार्गदर्शन में एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवांयें) डॉ विनीता द्विवेदी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवांयें) डॉ कौशलेन्द्र ठाकुर, मुख्य चिकित्सा अधिकारी (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवांयें) डॉ एस मुखर्जी, अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवांयें), विभागाध्यक्ष ओएंडजी और प्रभारी आरसीएच डॉ रोशन हुसैन और अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवांयें यूनिट ओएंडजी की प्रमुख डॉ शायला जेकब के नेतृत्व में यह कार्यशाला आयोजित की गई थी। इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए इन सभी ने अपना पूर्ण समर्थन और सहयोग दिया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ के ठाकुर ने बेहतर प्रसवपूर्व परिणामों के लिए प्रसूति एवं बाल रोग विशेषज्ञ की भूमिका पर जोर दिया। इसके बाद गर्भावस्था और प्रसवोत्तर अवधि में देखभाल के विभिन्न पहलुओं के साथ-साथ नवजात शिशु की देखभाल पर साइंटिफिक सेशन आयोजित किया साथ ही जेएलएनएच और आरसी के प्रसूति एवं स्त्री रोग और बाल चिकित्सा विभाग के परामर्शदाताओं और नर्सिंग कॉलेज के प्रोफेसरों द्वारा व्याख्यान दिए गए। डॉ हुसैन व डॉ जेकब ने कार्यशाला की योजना बनाई और पूरे कार्यक्रम की देखरेख की। डॉ हुसैन ने सभी का स्वागत किया और इस आरसीएच कार्यशाला के आयोजन के उद्देश्य को विस्तार से बताया। कार्यक्रम में लगभग 98 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। जिसमें पीजी नर्सिंग कॉलेज, श्री शंकराचार्य नर्सिंग कॉलेज, अपोलो नर्सिंग कॉलेज, जेएलएनएच नर्स और ओएंडजी विभाग सहित अन्य विभागों के डॉक्टर शामिल थे। ओएंडजी विभाग के डॉ हुसैन और डॉ जेकब के सक्रिय पर्यवेक्षण और मार्गदर्शन के परिणामस्वरूप यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। डिप्टी सीएमओ ओएंडजी डॉ नीना गुहा और चीफकंसल्टेंट डॉ निशा ठाकुर ने कार्यक्रम का संचालन किया।

कॉन्स्टेबल की हादसे में मौत

भिलाई/नवप्रदेश। आईजी ऑफिस में पदस्थ आरक्षक उपेंद्र तिवारी की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। उपेंद्र रात 11 बजे के करीब बाइक से स्मृति नगर स्थित अपने घर आ रहा था। इसी दौरान बाइक सड़क किनारे ट्रांसफॉर्मर से टकरा गई। इस हादसे में उपेंद्र के सिर में गहरी चोट लगी से जिससे मौके पर ही मौत हो गई। हरिनगर से पहले कृष-2 होटल के पास ये हादसा हुआ। सूचना मिलते ही सुपेला और स्मृति नगर पेट्रोलिंग टीम मौके पर पहुंची। 112 और 108 एम्बुलेंस भी आई। जिसके बाद उपेंद्र को बेहोशी की हालत में चंदूलाल चंद्राकर मेमोरियल हॉस्पिटल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि उपेन्द्र शराब पीने का आदि था। एक बार नशे में वो ऑनलाइन सट्टा ऐप का पैनल चलाने की बात कर रहा था। इसका वीडियो वायरल होने के बाद उसे सस्पेंड भी किया था। उपेंद्र 2007 बैच का सिपाही था। वह मूलतः उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जिले का रहने वाला था। भिलाई में वो अपनी पत्नी, तीन साल की बेटी और एक साल के बेटे के साथ रहता था।

शराब पिलाकर पत्थर से कुचला सिर, पुलिस ने करवाया क्राइम-सीन रिक्रिएट

उधार के पैसे नहीं देने पर दोस्त को मार डाला

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। खुर्सीपार इलाके में उधार के 3 हजार नहीं देने पर युवक ने अपने ही दोस्त को मार डाला। आरोपी अजय यादव उर्फ टंगिया ने प्लानिंग के तहत लोकेश्वर बंजारे को शराब पीने के लिए वीरांगना अवंती बाई भवन के पास नहर किनारे बुलाया। दोनों ने मिलकर शराब पी। अजय ने फिर लोकेश्वर से उधार की रकम मांगी। लोकेश्वर ने रकम देने से मना कर दिया, जिसके बाद उसने पास पड़े पत्थर को उठाकर लोकेश्वर के सिर में पटक दिया। इससे भी वो नहीं मरा तो पत्थर से उसके सिर में कई वार किए, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इसके बाद से अजय फरार था। 6 दिसंबर की रात हुई वारदात के बाद बुधवार देर शाम अजय को गिरफ्तार कर लिया गया। अजय को घटनास्थल पर लेजाकर क्राइम सीन रिक्रिएट करवाया।

सीसीटीवी में दिखा आरोपी

नहर किनारे खून से लथपथ लाश मिलने की खबर के बाद से पुलिस जांच में जुटी थी। संदेह के आधार पर दो आरोपियों को पहले ही हिरासत में लिया गया था। पूछताछ में दोनों ने बताया कि घटना वाले दिन उन्होंने लोकेश्वर को अजय के साथ जाते देखा था। पुलिस ने जब आसपास लगे सीसीटीवी खंगाला तो इसकी पुष्टि हो गई। अजय और लोकेश्वर दोनों साथ में जाते हुए नजर आए। जिसके बाद से पुलिस उसकी तलाश में जुटी थी। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली की अजय उर्फटंगिया कवर्धा में छिपा हुआ है। पुलिस की टीम वहां पहुंची और टंगिया को हिरासत में लिया। पूछताछ में उसने बताया कि लोकेश्वर ने उससे 3 हजार रुपए उधार लिया था, लेकिन दे नहीं रहा था। इसलिए उसने उसको मारने का प्लान बनाया।

फोन से मिला ठिकाने का पता

पुलिस अजय उर्फ टंगिया को काफी दिनों से खोज रही थी, अजय मोबाइल इस्तेमाल नहीं करता था इसलिए वो पुलिस की पकड़ में नहीं आ रहा था। इसी दौरान टंगिया ने अपने एक परिचित के मोबाइल से भिलाई में एक मित्र को फोन करके पूछा कि क्या पुलिस उसे खोज रही है। इसी कॉल से वो ट्रेस हो गया। पुलिस ने उसकी लोकेशन ट्रेस किया और कवर्धा से गिरफ्तार कर लिया।

कवर्धा में भी दर्ज है मामला

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक टंगिया के खिलाफकवर्धा में अपनी भाई से भी मारपीट करने का मामला दर्ज है। अजय कवर्धा से घटना को अंजाम देने के बाद भिलाई आया था। उसके बाद यहां लोकेश्वर का मर्डर करने के बाद फिर से कवर्धा में अपने रिश्तेदारों के यहां छिपा हुआ था।

भाजपा नेता के बेटे पर भी जानलेवा हमला

भिलाई में भाजपा नेता और पूर्व पार्षद के बेटे का उसके घर से अपहरण करने की कोशिश हुई है। आरोपी जब उसका अपहरण नहीं कर पाए तो उन्होंने हॉकी डंडे से उसे बेरहमी से पीटा और भाग गए। सेक्टर 9 हॉस्पिटल में भर्ती कराया है। भिलाई नगर पुलिस शिकायत मिलने का इंतजार कर रही है। रॉबर्ट कामिल ने बताया कि उनका बेटा उत्कर्ष एंथनी भिलाई स्टील प्लांट में जॉब करता है। देर रात 12 बजे वो अपने घर के बाहर बैठा था। इसी दौरान वहां अनीश उड़िया नाम का युवक 3-4 फोर व्हीलर गाड़ी में करीब 10-12 लड़कों ने आते ही उसने उत्कर्ष से गाली गलौज शुरू कर दी और उसे जबरदस्ती गाड़ी में बैठाने की कोशिश करने लगे। उत्कर्ष ने बचाव बचाव शोर मचाया तो आरोपी उसे ले नहीं जा पाए। वो लोग हाथ में हॉकी, राड और डंडा लिए थे। उसे से उत्कर्षक को घर के बाहर ही गिराकर पीटने लगे। शोर सुनकर मोहल्ले के लोग घर से रॉबर्ट कामिल बाहर निकले। उन्होंने डायल 112 को फोन किया और बचाया। मारपीट की घटना में उत्कर्ष के सिर और शरीर में काफी चोट आई। इसके बाद डायल 112 की टीम वहां पहुंची।

मितानिनों ने डॉ. रमन के समक्ष रखी अपनी मांग

दया ने मितानिनो को पूर्व सीएम व वर्तमान विस अध्यक्ष से मिलाया

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। मितानिन कार्यक्रम संघ अपनी विभिन्न मांगों को लेकर लगातार विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। अपनी मांग रख रहे हैं। लेकिन इनकी मांग पूरी नहीं होने की वजह से परेशान है। इसी कड़ी में निगम उपनेता प्रतिपक्ष दया सिंह ने मदद की है। मितानिन कार्यक्रम संघ के पदाधिकारियों ने विधानसभा अध्यक्ष व पूर्व सीएम डॉ रमन सिंह से मुलाकात कराने ले गए। मुलाकात कराकर उनकी समस्याओं को बताया। इस दौरान मितानिनों ने डॉ रमन को अपनी पूरी परेशानी बताई और मांग पत्र भी सौंपा। उन्होंने मांग कि शहरी मितानिन कार्यक्रम के अंतर्गत कहा एसी, एमटी, एसपीएस को एनएचएम में सिविलियन किया जाए। एनएचएम बजट या राज्य बजट कॉलम मे जोड़ा जाए। जब तक नहीं जुड़ता है तब तक उन्हें राज्य बजट में जोड़ा जाए। नियमित हर माह समय पर वेतन दिलाने की मांग रखी। इस दौरान अध्यक्ष सरोजसिंह सेंगर, समन्वयक पुष्पा मिश्रा, टोमिन, केएल कुमारी, एसी आरती वर्मा, शमीम बानो, एसपीएस सती वर्मा, गीता, पुनीता वर्मा, सरीता यादव, रत्ना, सुनिता, अनीता तिवारी, सुमन साहू, देवकी वर्मा, मनीषा चंद्राकर मधु देवी आदि उपस्थित रहे। सभी ने उपनेता प्रतिपक्ष सिंह का धन्यवाद और आभार व्यक्त किया। डॉ रमन ने मितानिनों की मांगों को गंभीरता से लिया। उनकी पूरी बात सुनी और जल्द ही पहल करने का आश्वासन दिया।

कांग्रेस कंट्रोल रूम स्थापित, बैठक में वार्ड शिफ्टिंग के मुद्दे पर गहन चर्चा

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। निगम चुनाव 2024 के संदर्भ में कंट्रोल कांग्रेस भवन में बनाया गया। जिसकी प्रथम बैठक राजीव भवन में पूर्व विधायक अरुण वोरा की आथित्य व जिला अध्यक्ष गया पटेल की अध्यक्षता में मुख्य कन्ट्रोल रूम प्रभारी परमजीत भुई ने की। बैठक के पूर्व पूर्व राष्ट्रपति शंकरदयाल शर्मा को उनकी पुण्यतिथि के अवसर पर मौन श्रद्धांजलि देखकर उन्हें याद किया। उनके द्वारा किए गए योगदान का स्मरण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। तत्पश्चात बैठक कंट्रोल रूम प्रभारी परमजीत भुई ने सभी से सुझाव आमंत्रित किया। बैठक में सुझाव स्वरूप यह बात आएगी वार्ड शिफ्टिंग नहीं की जाए। कार्यकर्ताओं की निष्ठा वार्ड में उनके द्वारा किए गए जनसंपर्क एवं विधानसभा लोकसभा में किए गए कार्यो का आकलन कर टिकट वितरण करने की मांग की गई। टिकट क्योंकि जो भी व्यक्ति वार्ड में मेहनत करता है पूरी निष्ठा के साथ कांग्रेस पार्टी के लिए कार्य करता है उसका अधिकार पहले है और यह चुनाव कांग्रेस के कार्यकर्ताओं का चुनाव है। आवेदन वरिष्ठ कांग्रेस नेता के पास जमा कर सकते हैं उनके द्वारा ब्लॉक अध्यक्ष को प्रेषित किया जाए। ब्लॉक अध्यक्ष के माध्यम से जिला कांग्रेस कमेटी को प्रेषित की जाएगी। फिर वहां से प्रदेश कांग्रेस कमेटी को प्रेषित किया जाए। अरुण वोरा ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा चुनाव घोषणा पत्र बन जाएगा वैसे ही नगर निगम हेतु भी घोषणा पत्र बनाया जाए ताकि आम जनता को यह पता लग सके कि पिछले एक वर्षों में भाजपा ने केवल कांग्रेस के शासनकाल में किए गए कार्यो का फीता काटा है 1 साल से कोई भी कार्य नहीं किया। प्रत्येक प्रत्याशी को यह दिशा निर्देशित किया गया है कि आरक्षण के अनुरूप ही अपने आवेदन पत्र तैयार करें अपने संपूर्ण विवरण उस आवेदन पत्र में देवे एवं स्वयं हस्ताक्षर कर उसे प्रमाणित करें। कंट्रोल रूम के माध्यम से पूरे 60 वार्डो के अध्यक्ष से सामंजस्य बनाने हेतु सह प्रभारी के रूप में ज्ञानू बांगडे की नियुक्ति की गई है। बैठक में पूर्व महापौर आरएन वर्मा, शंकरलाल ताम्रकार, राजेंद्र साहू, राजेश यादव, अल्ताफ अहमद, अजय मिश्रा, राजकुमार पाली महिपसिंह भुवाल मौजूद थे।

पार्षद लक्ष्मीपति राजू की माता अन्नपूर्णा का निधन

भिलाई/नवप्रदेश। पार्षद एवं एमआईसी सदस्य लक्ष्मीपति राजू की माता वाय अन्नपूर्णा पति वाय रामलु 75 वर्ष का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 27 दिसंबर को दोपहर 12 बजे पार्षद लक्ष्मीपति राजू के निवास क्वार्टर नंबर 10 डी सड़क 18 सेक्टर 7 से निकलेगी। जो रामनगर मुक्तिधाम भिलाई में किया जाएगा। श्रीमती वाय अन्नपूर्णा अपने पीछे पति वाय रामलु तीन पुत्रों में लक्ष्मीपति राजू, वाय भास्कर, वाय मुरली सहित बहू, नाती, पोतों से भरापूरा परिवार छोड़ गई है।

आवास हितग्राही अपना ओटीपी साझा ना करें: आयुक्त

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। शासन की जनकल्याणकारी योजनाओ में से एक प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 का शुभारंभ किया गया है। जिसमे बीएलसी (मोर जमीन-मोर मकान) योजना के तहत शासन से प्राप्त दिशा-निर्देश अनुसार प्राप्त आवेदनों का आनलाईन एंट्री पीएम आवास योजना के वेब यनिफाइड पोर्टल में किया जाना है। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने कहा कि आनलाईन एन्ट्री में आवेदक के मोबाइल में ओटीपी आता है। आनलाईन एन्ट्री की प्रक्रिया निगम कार्यालय/ अनुबंधित वास्तुविद के माध्यम से किया जा रहा है। आवेदक के मोबाईल पर प्राप्त ओटीपी आनलाईन एन्ट्री करने वाले निगम के कर्मचारी को ही देवे। जो आपके घर में आकर फार्म भरवारा है आप उसको जानते हैं उसी को देना है। किसी अन्य बाहरी व्यक्ति को ना देवें। जिससे वह गोपनीय जानकारी का दुरूपयोग न कर सकें, किसी अन्य व्यक्ति को ओ.टी.पी. साझा करने से आप फ्राड के शिकार हो सकते है। निगम के सभी नागरिकों से अपील की है कि शासन प्रशासन द्वारा बार-बार सूचना दी जा रही है। अपनी ओटीपी या बैंक संबंधी किसी प्रकार के डिटेल किसी भी व्यक्ति को ना दे, फोन पर जानकारी ना दे, संबंधित व्यक्ति को जानने के बाद ही साझा करें। किसी प्रकार की संदेह होने पर आप निगम से जानकारी प्राप्त कर सकते है।

मां कर्मा भवन का विधायक गजेन्द्र व महापौर ने किया लोकार्पण

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। पोटियाकला में माँ कर्मा भव्य भवन का विधायक गजेन्द्र यादव एवं महापौर धीरज बाकलीवाल ने लोकार्पण किया। 80 लाख की राशि से बने सर्वसुविधायुक्त भवन से शादी ब्याह जैसे बड़े आयोजन हो सकेंगे। कार्यक्रम में पहुँचे अतिथियों का पोटिया साहू समाज की ओर जोरदार स्वागत सम्मान किये। बुजुर्गो की टोली ने मंच तक बाजे गाजे के साथ ले गए। समाज की महिलाओ ने माँ कर्मा के आरती पश्चात् मंचीय कार्यक्रम प्रारंभ किये। इस दौरान पूरा भवन जय कर्मा जय राजिम के जयकारे से गूंज उठा। माँ कर्मा भवन के लोकार्पण कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए विधायक यादव ने कहा की जनहित एवं क्षेत्र का विकास मेरी पहली प्राथमिकता है। नए भवन लोकार्पण होने से सामाजिक एवं सुख दुख के विभिन्न कार्यक्रमों में समाज के लोगों को सुविधा मिलेगी। साय सरकार में सभी समाजो के मांग के अनुरूप निरंतर कार्य किये जा रहे है कई बड़ी सौगाते दिए है। उन्होंने सामाजिक गतिविधियो का उल्लेख करते हुए साहू समाज द्वारा किये रचनात्मक कार्यों की प्रशंसा की। समाज के बुजुर्गो को युवाओ को साथ लेकर स्वच्छ एवं कुरीतियों से मुक्त समाज निर्माण को लेकर आव्हान किये। उपस्थित महिलाओ को बेटियों को संस्कारीत एवं शिक्षित बनाने अपील किये।

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 37/अ-20(3)/ वर्ष 2024-25

आवेदक नेमी चंद जैन आ. स्व. ताराचंद जैन एवं अन्य 01 निवासी वार्ड नं. 32 गवलीपारा दुर्ग द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि दुर्ग स्थित नजूल भूमि शीट कं. 29 डी प्लाट नं. 43 क्षेत्रफल 103 वर्गमीटर आवासीय सह व्यव. धारक तारांचद आ. चिमनी राम ओसवाल निवासी सदर बाजार दुर्ग के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। धारक की मृत्यु दिनांक 10.12.2020 को हो चुकी है। मृतक धारक द्वारा अपने जीवनकाल में उक्त भूखण्ड का पंजीकृत वसीयतनामा दिनांक 24.09.2015 को आवेदकगण के पक्ष पृथक-पृथक क्षेत्रफल निष्पादित किया है। आवेदकगण द्वारा उक्त वसीयतनामा के आधार पर प्रश्नाधीन भूखण्ड से मृतक धारक का नाग विलोपित कर वसीयतनामा के अनुसार क्षेत्रफल का पृथक-पृथक नामान्तरण किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा या आपत्ति हो, तो प्रकरण की सुनवाई दिनांक 15.01.2025 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः या किसी व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिसे भू-खंड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावे। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आक्षेप/आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 23.12.2024 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

नजूल जांच अधिकारी
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र.202412104700048 /अ-6/वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका श्रीमती संध्या साहू पिता/पति स्व. गौकरण साहू निवासी ग्राम पुरानी बस्ती कुरुद तह. व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कचांदुर तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1029/2 रकबा 0.4100 हे. भूमि जो कि आवेदक/शामिलात सखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार गौकरण साहू की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 09.01.2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 20.12.2024 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

अतिरिक्त हसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00019 दुर्ग ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण-आर.डी. 202425430103900085

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00019 के अंतर्गत ग्राम दुर्ग के वर्तमान भूमिस्वामी संतोष सारथी पिता/पति स्व. सरजूराम सारथी पता सारथी मोहल्ला मठपारा दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 769/25(0.0020) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता श्रीमती निर्मलाबाई सारथी पिता/ पति स्व.संतोष सारथी पता सारथी मोहल्ला मठपारा दुर्ग, रवि कुमार सारथी पिता/पति स्व.संतोष सारथी पता सारथी मोहल्ला मठपारा दुर्ग, मुकुंद सारथी पिता/पति स्व.संतोष सारथी पता सारथी मोहल्ला मठपारा दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 08.01.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 21.12.2024 को जारी किया जाता है।

मुहर

तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00019 दुर्ग ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण-आर.डी. 202425430103900084

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00019 के अंतर्गत ग्राम दुर्ग के वर्तमान भूमिस्वामी यशोदा पिता/पति फेरु सारथी पता राजीवनगर दुर्ग, शांति पिता/पति फेरु सारथी पता राजीवनगर दुर्ग, बाबूलाल पिता/पति फेरु सारथी पता-राजीवनगर दुर्ग, दिलीप पिता/पति फेरु सारथी पता राजीवनगर दुर्ग, बीनू पिता/पति फेरु सारथी पता राजीवनगर दुर्ग, नंदकुमारी पिता/पति फेरु सारथी पता-राजीवनगर दुर्ग, शकुन पिता/पति-फेरु सारथी पता-राजीवनगर दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 769/31(0.0020) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता दिलीप पिता/पति फेरु सारथी पता राजीव नगर दुर्ग, श्रीमती मुन्नीबाई सारथी पिता/पति स्व.बाबूलाल सारथी पत्ता सारथीपारा दुर्ग, शकुन पिता/पति-फेरु सारथी पता राजीवनगर दुर्ग, नरेन्द्र कुमार सारथी पिता/पति स्व.बाबूलाल सारथी पत्ता सारथीपारा दुर्ग, नंदकुमारी पिता/ पति-फेरु सारथी पता-राजीवनगर दुर्ग, धर्मेन्द्र कुमार सारथी पिता/पति स्व. बाबूलाल सारथी पत्ता सारथीपारा दुर्ग, बीनू पिता/पति फेरु सारथी पता-राजीवनगर दुर्ग, यशोदा पिता/ पति फेरु सारथी पता-राजीवनगर दुर्ग, शांति पिता/ पति-फेरु सारथी पता-राजीवनगर दुर्ग के नाम पर पंजीयन/ फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 08/01/2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 21/12/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर

तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00052 उमरपोटी ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- सी.जी. 20242511214623

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00052 के अंतर्गत ग्राम उमरपोटी के वर्तमान भूमिस्वामी टेमन सिंह साहू पिता/पति जोहनलाल साहू पता दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 759/19(0.0139) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता सुनीता साहू पिता/पति मदनलाल साहू पता दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 07.01.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 26.12.2024 को जारी किया जाता है।

मुहर

अतिरिक्त तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00019 दुर्ग ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण-आर.डी. 202425430103900095

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00019 के अंतर्गत ग्राम दुर्ग के वर्तमान भूमिस्वामी कौशिल्या बाई पिता/पति पंचूराम पता दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 1307/11(0.0130) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता अनिल कुमार सोनगढ़े पिता/पति पंचू सोनगढ़े पता शंकरनगर दुर्ग, नरेन्द्र डहरवाल पिता/पति पंचू सोनगढ़े पता शंकरनगर दुर्ग, पंचूबालचंद सोनगढ़ पिता/पति स्व. बालचंद पता शंकरनगर दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 10.01.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 24.12.2024 को जारी किया जाता है।

मुहर

तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

मैं शपथकर्ता दीपक कुमार मौर्या पिता श्री जागेश्वर प्रसाद मौर्या जाति काछी निवासी दादर रोड नीतू इंग्लिस मिडियम स्कुल के सामने चरोदा तह. भिलाई- 3, जिला-दुर्ग (छ.ग) का निवासी हूं जो कि निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करता हूं यह कि मैं दर्शित पते पर निवास करता हूँ। यह कि मेरे पुत्र के भारत सरकार द्वारा जारी आधार कार्ड 7335 3821 6138 में मेरे पुत्र के नाम के स्थान में माता अर्थात मेरी पत्नि का नाम नमिता मौर्य त्रुटिवश दर्ज है। जो कि गलत एवं असत्य है। मेरे पुत्र के नाम से जन्म प्रमाण पत्र एवं अंकसूची में मेरे पुत्र का नाम उज्जवल मौर्य (UJJWAL MOURYA) दर्ज है, जो कि सत्य एवं सही है। यह क मै अपने पुत्र के आधार कार्ड में दर्ज मेरी पत्नि का नाम नमिता मौर्य को विलोपित कर अपने पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र एवं शैक्षणिक प्रमाण पत्रों में दर्ज नाम उज्जवल मौर्य (UJJWAL MOURYA) को आधार कार्ड में दर्ज करवाने तथा उज्जवल मौर्य (UJJWAL MOURYA) नाम से जाने पहचाने जाने व पुकारे जाने बाबत् शासकीय गजट में प्रकाशन करवाना चाहता हूं।

शपथकर्ता
दीपक कुमार मौर्या
पिता श्री जागेश्वर प्रसाद मौर्या
निवासी दादर रोड नीतू इंग्लिस मिडियम स्कुल के सामने
चरोदा तह. भिलाई-3
जिला-दुर्ग (छत्तीसगढ़)

कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल रिसाली, तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

क्रमांकः क्यू/रा.नि.2024 रिसाली
दिनांक 24.12.2024

प्रति,
आवेदक कमलेश कुमार पिता अर्जुन
सीमावर्ती भूमिस्वामी 1. छगन सिन्हा, 2. रोहित

विषय : सीमांकन/बंदोबस्त त्रुटि सुधार स्थल जांच में उपस्थित होने बाबत्।

ग्राम रिसाली प.ह.न. 49 रा.नि.मं. रिसाली तह. व जिला दुर्ग छ.ग. स्थित भूमि खसरा नं. 842/6, 701/2 रकबा 0.0100, 0.010 न्यायालय में सीमांकन बंदोबस्त त्रुटि सुधार स्थल जांच हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। माननीय न्यायालय तहसीलदार दुर्ग ज्ञापन क्रमांक.. वाचक/ना.तह. 2022/दुर्ग दिनांक.. के परिपालन में दिनांक 30.12.2024 को 11 से 5 बजे के बीच में सीमांकन, स्थल जांच किया जाना है। अतः दस्तावेज रजिस्ट्री बयनामा लेआउट सहित नियत समय पर उपस्थित होवे, बाद की आपत्ति स्वीकार नही होगी।

मुहर

राजस्व निरीक्षक
रिसाली
तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यूज गैलरी

मटेरियल सप्लायर से हुई साढ़े आठ लाख की साइबर ठगी

रायपुर/नवप्रदेश। गुरुवार को भारत भूषण गुप्ता ने तेलीबांधा थाना में साइबर ठगी कि रिपोर्ट दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि वह अवंतिविहार कालोनी में रहते हैं। कंस्ट्रक्शन मटेरियल कारोबारी है। 21 दिसंबर को उनके फोन पर आशीष शुक्ला नाम के व्यक्ति का फोन आया था। फोन करने वाले ने खुद को अल्ट्राट्रेक सीमेंट कंपनी का एजेंट बताया। फोन कर कंपनी से तीन हजार बोरी सीमेंट भेजने का आर्डर लिया था। जिसके बाद उसने माल भेज दिया गया है कह कर सीमेंट का पैसा जमा करने को कहा। जिस पर भारतभूषण गुप्ता ने उसके बताए खाता में आठ लाख 83 हजार 500 रुपये को खाता में जमा कर दिए। 21 दिसंबर से अब तक कोई माल प्राप्त नहीं हुआ। पुनः नंबर पर फोर करने पर कोई जवाब नहीं दिया गया। इस पर भारतभूषण ने फ्राड होने के शक में थाना में अज्ञात आरोपित के खिलाफठगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई है

ठगों ने बटोर ली 8 लाख की मलाई पर नहीं हुई दवा की सप्लाई

रायपुर/नवप्रदेश। पंडरी पुराना बस स्टैंड के दवा कारोबारी कमलजीत सिंह बग्गा से दवाइयां सप्लाई का झांसा देकर सात लाख 88 हजार की ठगी की गई है। ठगों ने ब्रांडेड कंपनी के नाम से कारोबारी को मेल किया। उनसे दवाइयों का आर्डर लिया। कारोबारी ने आर्डर देने के बाद आनलाइन पेमेंट कर दिया। उसके बाद दवाइयों की सप्लाई नहीं हुई। उन्होंने कंपनी में संपर्क किया, तब इस फर्जीवाड़ा का राजफाश हुआ है। पुलिस ने बताया कि पंडरी पुराना बस स्टैंड में कारोबारी कमलजीत सिंह बग्गा की दुकान है। उनका थोक दवा का कारोबार है। उनके पास कुछ माह पहले हिंदुस्तान एंटीबायोटिक्स लिमिटेड कंपनी के नाम से मेल आया। इस कंपनी से उनका कारोबार चलता है। उन्होंने दवाइयों का आर्डर दिया। इसी कंपनी के नाम से मिलते जुलते आइडी से फिर मेल आया। उसमें आर्डर मांगा गया तो कारोबारी ने फिर आर्डर किया। ठगों ने दवा कारोबारी को एक खाता नंबर दिया था। उसमें एडवांस पेमेंट के लिए कहा गया। कारोबारी ने सात लाख 88 हजार पेमेंट कर दिए। इसके बाद न दवा आई और न ही पैसे वापस हुए। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुट गई है।

निधन

शुभम शंकर मजूमदार

रायपुर/नवप्रदेश। अत्यंत दुख के साथ सूचित किया जा रहा है कि शुभम शंकर मजूमदार का आकस्मिक निधन कल शाम 7 बजे हो गया है। जिसकी अंतिम यात्रा दिनांक 26-12-24 को दोपहर 3 बजे शैलेन्द्र नगर निवास से मारवाड़ी शमशान घाट के लिए निकाली गई।

देश में छत्तीसगढ़ राज्य प्रकृति परीक्षण में नौंवे स्थान पर

- आयुर्वेद चिकित्सकों से अपना प्रकृति परीक्षण करवाने का सीएम ने की अपील
- 4 लाख से अधिक लोगों का हुआ प्रकृति परीक्षण

रायपुर/नवप्रदेश। भारत सरकार आयुष मंत्रालय द्वारा देश में चलाए जा रहे आयुर्वेदीय देश का प्रकृति परीक्षण अभियान के प्रथम चरण का समापन कल 25 दिसंबर को जशपुर के कुनकुरी में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री को उनके प्रकृति परीक्षण उपरांत प्राप्त प्रकृति प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस अभियान के तहत मोबाइल एप्लीकेशन के द्वारा देश के एक करोड़ नागरिकों के आयुर्वेद सिद्धांत अनुसार प्रकृति (वात-पित्त-कफ) का विश्लेषण करने का लक्ष्य रखा गया था। इसके तहत एक करोड़ 30 लाख नागरिकों का प्रकृति परीक्षण किया गया।

इस स्थान पर पहुंचा छत्तीसगढ़

छत्तीसगढ़ राज्य में आयुर्वेद पद्धति से जुड़े 3,547 शिक्षकों, चिकित्सकों और छात्रों ने 4 लाख 45 हजार से अधिक नागरिकों का प्रकृति परीक्षण किया गया। छत्तीसगढ़ राज्य प्रकृति परीक्षण के आंकड़ों के मुताबिक देश में नौंवे स्थान पर तथा लॉगिन वालिंटियर्स द्वारा किए गए कुल प्रकृति परीक्षण यानि स्ट्राइक रेट के मानक में तीसरे स्थान पर रहा।

इस अवसर ये रहे मौजूद

इस अवसर पर संयुक्त संचालक आयुष डॉ. सुनील दास द्वारा विभागीय प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए इस अभियान के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर अभियान के राज्य समन्वयक और आयुर्वेद, यूनानी और प्राकृतिक चिकित्सा परिषद के रजिस्ट्रार डॉ. संजय शुक्ला, महाविद्यालय समन्वयक डॉ.ओपी. राउत तथा जशपुर के जिला आयुष अधिकारी डॉ. भुवनेश्वर पैकरा भी उपस्थित थे। डॉ संजय शुक्ला ने बताया कि आगामी जनवरी माह में इस अभियान के अंतर्गत प्रथम और द्वितीय क्रम में सर्वाधिक प्रकृति परीक्षण करने वाले आयुर्वेद महाविद्यालयों, शिक्षकों, छात्रों , जिलों,आयुर्वेद अधिकारियों एवं निजी चिकित्सकों को परिषद द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

सीएम साय ने बताया इसका महत्व

मुख्यमंत्री ने समारोह में उपस्थित जनसमुदाय से आधुनिक जीवनशैली और खान-पान के कारण बढ़ते गैर संचारी रोगों के प्रसार के रोकथाम हेतु आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति अपनाने पर जोर देते हुए लोगों से आयुर्वेद महाविद्यालयों, चिकित्सालयों, औषधालयों एवं आयुर्वेद चिकित्सकों से अपना प्रकृति परीक्षण करवाने का अनुरोध किया।

बीजेपी मंडल अध्यक्ष की नियुक्तियां विवादों के घेरे में, पार्टी और कार्यकर्ताओं के हित में लेंगे निर्णय: किरण देव

भाजपा ने रद्द की दो नियुक्तियां, बाकी पर फैसला कल

रायपुर/नवप्रदेश । बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कार्यकर्ताओं की शिकायत पर माना और कवर्धा के पिपरिया मंडल अध्यक्ष की नियुक्ति को रद्द कर दिया है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा, कल भाजपा कार्यालय में बैठक होगी, जिसमें बाकी विवादित जगहों की चर्चा कर पार्टी और कार्यकर्ताओं के हित में निर्णय लेंगे।

छत्तीसगढ़ में भाजपा मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति के बाद कई जगह कार्यकर्ताओं ने इसका विरोध किया है। कल फाइनल अध्यक्षों के नाम का पैनल तय हो सकता है। जिला अध्यक्षों के नामों का पैनल भी फाइनल किया जाएगा। 29 दिसंबर को दिल्ली में संगठन की बैठक होगी, जहां अंतिम मुहर लगेगा। भाजपा मंडल अध्यक्ष चुनाव विवाद पर बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने कहा, चर्चा के बाद विवादित मंडल अध्यक्षों पर निर्णय लिया जाएगा। बीजेपी का बड़ा परिवार है। एक दो जगहों पर इस तरह के प्रॉब्लम आते हैं। बैठकर पार्टी और कार्यकर्ताओं के हित में निर्णय लेंगे। जहां-जहां विवाद है उस पर बात करेंगे। कार्यकर्ताओं ने विरोध किया: भीमवंत निषाद को माना भाजपा मंडल अध्यक्ष बनाए गए थे, जिसका कार्यकर्ताओं ने विरोध किया था। भाजपा कार्यकर्ताओं का आरोप है कि कांग्रेस से आए भीमवंत निषाद को मंडल अध्यक्ष बनाया गया है, जिसके विरोध में भाजपा माना मंडल के सदस्य प्रदेश कार्यालय पहुंचकर वरिष्ठ नेताओं से शिकायत की थी। साथ ही विधायक मोतीलाल साहू के खिलाफ जमकर नारेबाजी की थी।

शिकायत पर चर्चा के बाद लेंगे फैसला : उपासने

मामले में भाजपा पुनर्विचार समिति के सहसंयोजक सच्चिदानंदन उपासने ने कहा कि लगातार शिकायत मिल रही थी, इसके बाद कुछ जगह की नियुक्तियां रद्द हुई हैं। इसमें माना मंडल, पिपरिया मंडल जैसे मंडल शामिल हैं। जीतने नियुक्ति निरस्त हो रहे या स्थगित हुए हैं, उन सभी के चुनाव जिला चुनाव के बाद होंगे। उन्होंने कहा, 27 दिसंबर को प्रदेश कार्यालय में बैठक बुलाई गई है, जिसमें जहां-जहां से शिकायत मिली है उस पर चर्चा की जाएगी। किसी की उम्र कम है, किसी के खिलाफ अपराधिक प्रकरण दर्ज हुए हैं। प्रमाणित शिकायत पर बैठक होगी, जिसमें प्रदेश के लोगों को बुलाया गया है। शिकायतकर्ता को भी बुलाया गया है। जितनी भी नियुक्ति रद्द हुई है उसमें सुनवाई के बाद ही फैसला होगा।

विधायक मोतीलाल साहू के खिलाफ कार्यकर्ताओं ने लगाए नारे

विधायक पर कार्यकर्ताओं ने लगाया अपमान का आरोप: बताया जा रहा है कि रायपुर ग्रामीण विधानसभा के अंतर्गत मेघुराम साहू का नाम सर्वसम्मति से मंडल अध्यक्ष के लिए तय किया गया था, इसके बाद अचानक भीमवंत निषाद का नाम सामने आ गया। इसके बाद माना स्थित सामुदायिक भवन में तोडफ़ोड़ करते हुए कार्यकर्ताओं ने विधायक मोतीलाल साहू का विरोध किया था। कई कार्यकर्ता भाजपा विधायक की गाड़ी के सामने लेट गए थे। कार्यकर्ताओं ने विधायक साहू पर आरोप लगाया था कि उन्होंने कर्मठ मंडल अध्यक्ष को नियुक्त नहीं करके उनका अपमान किया है।

गरियाबंद जिले में भी मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति पर विवाद

गरियाबंद में भी भाजपाइयों ने जिले में हाल ही में किए गए मंडल अध्यक्षों की नियुक्तियों को लेकर विवाद खड़ा किया था. विशेष रूप से झाखरपारा और फिंगेश्वर मंडल में कार्यकर्ताओं के बीच असंतोष है। झाखरपारा में उमाशंकर को मंडल अध्यक्ष बनाने का ऐलान पहले ही किया गया था, लेकिन अंतिम समय में भगवानो बेहेरा का नाम घोषित कर दिया गया, जिससे माली समाज के नेताओं में नाराजगी है. इस फैसले के खिलाफ बिंद्रानवागढ़ के नेता राजधानी रायपुर पहुंचकर नियुक्तियों में अनियमितता का आरोप लगाया था।

लिफाफा दूसरे नाम का खुला

जिलेभर में सबसे ज्यादा अप्रत्याशित नियुक्ति झाखरपारा मंडल मानी जा रही है। इलाका माली समाज बाहुल्य है। वोटर्स का 68 फीसदी हिस्सा माली समाज से आते हैं इसलिए भाजपा संगठन में पूर्व से माली समाज का दबदबा भी रहा है। झाखरपारा मंडल में ज्यादातर बड़े नेताओं ने मंडल अध्यक्ष के लिए उमाशंकर निधि के नाम पर सहमति दी थी। कॉन्फिडेंस इतना कि नाम के ऐलान से एक दिन पहले ही जश्न मना लिया गया। उमाशंकर को फूल मालाओं से लाद मुंह मीठा कराया गया। सोशल मीडिया में बधाई तक दे दी गई, लेकिन अगले दिन प्रभारी ने बंद लिफाफा से भगवानो बेहेरा का नाम खोल दिया था।

अभी मंत्रिमंडल का विस्तार नहीं: साय

रायपुर/नवप्रदेश। सरल-सौम्य और शांत स्वभाव के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय किसी चीज को बिना लाग लपेट के सीधे तौर पर बोलते हैं। उनकी यही खासियत उन्हें एक जनप्रिय नेता बनाती है। बीते कई महीने से मंत्रिमंडल विस्तार की चर्चा और अटकलों का दौर चल रहा है। मीडिया से बातचीत करते हुए उन्होंने मंत्रिमंडल के विस्तार पर विराम लगा दिया है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि मंत्रिमंडल का विस्तार तो करना ही है, लेकिन अभी थोड़ा इंतजार करना होगा। मुख्यमंत्री का बयान ऐसे समय में आया है, जब न केवल पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता बल्कि प्रदेश की जनता भी मंत्रिमंडल विस्तार पर ध्यान लगाए हुए है। बता दें कि साय मंत्रिमंडल में इस वक्त मंत्रियों के दो पद रिक्त हैं. संगठन की कोशिश है कि हरियाणा की तर्ज पर छत्तीसगढ़ में भी 14 मंत्रियों का फार्मूला लागू किया जाए। सत्ता और संगठन के अहम चेहरे दिल्ली दौरे पर हैं, जहां एक उच्च स्तरीय बैठक की गई है. हालांकि, यह बैठक संगठन चुनाव पर केंद्रित थी, मगर माना जा रहा है कि तमाम आला नेताओं की मौजूदगी में मंत्रिमंडल विस्तार पर भी मुहर लगाई है।

आरडीए की संपति विक्रय हुई ऑनलाईन

- देश दुनिया से कोई भी भारतीय नागरिक खरीद सकेगा रायपुर विकास प्राधिकरण में संपत्ति

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर विकास प्राधिकरण की संपत्तियां अब घर बैठे ही खरीदी जा सकेगी। आवास एवं पर्यावरण मंत्री ओपी चौधरी ने प्राधिकरण की ऑनलाईन संपत्ति विक्रय की प्रक्रिया का शुभारंभ किया। इस अवसर पर चौधरी ने कहा कि प्राधिकरण की यह एक अच्छी पहल है इसका फायदा आम लोगों को मिलेगा। इससे संपत्ति के व्ययन प्रकिया में पारदर्शिता आएगी। इस कार्यक्रम में आवास एवं पर्यावरण विभाग के सचिव अंकित आनंद, नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सौरभ कुमार भी उपस्थित थे।

सांसद बृजमोहन ने किया हमर हॉस्पिटल और लाइब्रेरी भवन का लोकार्पण

रायपुर/नवप्रदेश। स्वास्थ्य और शिक्षा पर निवेश करना, समाज को दीर्घकालिक रूप से सशक्त बनाने का सबसे प्रभावी तरीका है। इन दोनों क्षेत्रों को प्राथमिकता देकर, हम न केवल वर्तमान बल्कि आने वाली पीढ़ियों का भविष्य उज्जवल बना सकते हैं। यह कहना है सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल का जिन्होंने गुरुवार को पं. भगवती चरण शुक्ल वार्ड, बैरन बाजार में हमर हॉस्पिटल और जिमखाना क्लब में नवनिर्मित लाइब्रेरी भवन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि, स्वास्थ्य और शिक्षा जीवन की मूल आवश्यकताएं हैं, जो व्यक्ति और समाज के समग्र विकास को सुनिश्चित करती हैं। शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है, जिससे क्षेत्र के नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं और पढ़ाई के लिए एक शांत और सुसज्जित वातावरण प्राप्त होगा। इस अवसर पर विधायक सुनील सोनी, नगर निगम सभापति प्रमोद दुबे, मनोज वर्मा और अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

डयूटी के बाद अपने गांव गया हुआ था सिपाही सनत भारती

ट्रैफिक कांस्टेबल के सूने मकान से 6 लाख की चोरी

रायपुर/नवप्रदेश। राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र में एक शातिर चोर ने पुलिस कर्मी के सूने मकान में सेंध लगा दी। ट्रैफिक पुलिस में पदस्थ आरक्षक सनत कुमार भारती के अमलीडीह बरडिया कालोनी का निवासी है। जिसके घर कुल 3 लाख नकदी समेत 3 लाख के जेवर मिलाकर 6 लाख की चोरी हुई है। आरक्षक के घर और कालोनी में लगे सीसीटीवी कैमरे में चोर की तस्वीर कैद हुई है। इसके आधार पर पुलिस आरोपित की पतासाजी में जुटी हुई है। आरक्षक सनत हाल ही में पिता बने हैं और छुट्टी लेकर परिवार से मिलने भाटापारा गए हुए थे। सिपाही गुरुवार को गांव से जब लौटा, तब उसे इस वारदात की जानकारी हुई। जिसकी एफआईआर उसने राजेंद्र नगर थाना में दर्ज कराई है लेकिन पुलिस के ढीले रवैए के चलते अब तक चोर को नहीं पकड़ा जा सका है। चोर 20 दिसंबर की रात करीब 3 बजे घर के भीतर घुसा और आलमारी तोड़कर तीन लाख नकदी और करीब 3 लाख की ज्वेलरी समेत कुल 6 लाख की चोरी कर फरार हो गया। वह कालोनी में पैदल ही आया और गया। वहीं पुलिस की पड़ताल में सामने आया है की चोर कालोनी में पैदल घूम कर पिछले कुछ दिनों से रेकी कर रहा था और वारदात को अंजाम देने के बाद बिना नंबर की पल्सर 220 बाइक से फरार हो गया। पुलिस जांच में जुटी है।

एक और घर में कर चुका है चोरी

स्थानीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इसी चोर ने राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र की ही एक वर्तिका विहार नामक कालोनी में एक महिला के मकान में भी धावा बोला था और 20 हजार रुपए की चोरी कर फरार हो गया था। लेकिन पीड़ित महिला ने चोरी की रकम छोटी होने और थाना, कचेहरी के चक्कर काटने की जद्दोजहद से किनारा करते हुए इसकी शिकायत पुलिस में नहीं की थी। इसके चलते इस शातिर चोर का हौसला बढ़ता गया और उसने पुलिस वाले के ही घर हाथ साफ कर दिया।

प्रथम पेज का शेष

देश के पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन...
खोलकर तारीफ की थी। उन्हें देश का मार्गदर्शक बताया था. मोदी ने कहा था कि जब भी देश के लोकतंत्र की बात होगी, मनमोहन सिंह जी की चर्चा जरूर होगी। उन्होंने हमेशा देश के लिए मार्गदर्शक का काम किया. वो एक सांसद के तौर पर अपना कर्तव्य पूरा कर रहे थे. मैं मानता हूं कि गणतंत्र को मजबूती देने के लिए वो सदन में आए थे।
बात इसी साल फरवरी की है, जब मनमोहन सिंह का राज्?यसभा में कार्यकाल खत्?म हो रहा था. उनके विदाई भाषण में सांसदों ने भारत की अर्थव्यवस्था में मनमोहन सिंह के योगदान को याद किया और कहा कि ईमानदारी और सच्चाई उनका मूल गुण रहा है. बारी जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आई तो उन्?होंने मनमोहन सिंह की दि?ल जमकर तारीफ की. पीएम मोदी ने कहा था, पीएम ने कहा कि मेरे मनमोहन जी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं, लेकिन उन्होंने हमेशा देश के लिए मार्गदर्शक का काम किया. सदन और देश का मार्गदर्शन करने वाले मनमोहन सिंह हमारे देश के लोकतंत्र की हर चर्चा में शामिल रहेंगे.
उस पल को भूल नहीं सकता
पीएम मोदी ने कहा था, मनमोहन सिंह 6 बार इस सदन को अपने मूल्यवान विचारों से नेता के रूप में और प्रतिपक्ष के नेता के रूप में भी बहुत बड़ा योगदान दे चुके हैं. पीएम मोदी ने कहा, मैं उस पल को नहीं भूल सकता, जब राज्यसभा में एक महत्वपूर्ण बिल पर वोटिंग हो रही थी, ये सभी को पता था कि बहुमत होने के कारण वोटिंग का नतीजा सरकार के पक्ष में रहेगा, इसके बावजूद मनमोहन सिंह एक व्हीलचेयर पर सदन में आए थे. चुनाव में हिस्सा लेने व्हीलचेयर तक पर पहुंच गए.
देवेगौड़ा ने बताया था 'दिल से ईमानदार'
सिर्फ पीएम मोदी नहीं, पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा ने भी मनमोहन सिंह को दिल से ईमानदार व्यक्ति बताया। उन्होंने कहा, मनमोहन सिंह जी को हमेशा दूसरों के किए गलत काम के लिए बदनाम किया गया। कांग्रेस के मौजूदा अध्?यक्ष खरगे ने कहा था कि अगर मनमोहन सिंह नहीं रहते तो आज देश की आर्थिक स्थिति ऐसी नहीं होती. उन्होंने मनमोहन सिंह के योगदान को याद करने के लिए पीएम मोदी को धन्यवाद भी कहा था।

बस्तर की बेटी राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से ...
कोण्डागांव की जूडो खिलाड़ी हेमबती को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2024 से सम्मानित किया।
सीएम साय ने बताया कि हेमबती ने कठिन परिस्थितियों में भी अपना हौसला नहीं खोया, अपनी अथक मेहनत और कड़े संघर्ष से उन्होंने खेलो इंडिया नेशनल गेम्स और राष्ट्रीय स्तर की अन्य प्रतियोगिता में स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदक जीतकर छत्तीसगढ़ का परचम लहराया है।
अन्य बेटियों के लिए प्रेरणास्त्रोत
हमारी सरकार ऐसे प्रतिभावान बच्चों को प्रोत्साहित करने और उनके सपनों को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध है। निश्चित ही बिटिया की यह उपलब्धि प्रदेश की अन्य बेटियों के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने हेमबती को मिले सम्मान के लिए बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।
शाबाश बिटिया!
राष्ट्रीय जुडो खिलाड़ी, कोंडागांव की बिटिया हेमबती नाग को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू जी द्वारा प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार- 2024 से सम्मानित किया जाना, समस्त प्रदेशवासियों के लिए गर्व का विषय है। अगरतला (त्रिपुरा) में 12 से 15 दिसंबर तक 68वीं राष्ट्रीय स्कूल प्रतियोगिता में जिले 4 खिलाडियों ने प्रतियोगिता में भाग लिया। इसमें बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए हेमबती नाग ने रजत पदक प्राप्त किया। वहीं पंजाब के लुधियाना में 6 से 11 जनवरी तक आयोजित जूडो प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतने वाली जूडो खिलाड़ी हेमबती नाग का कलेक्टर कुणाल दुदावत ने अभिनंदन किया तथा उन्हें बधाई व शुभकामनाएं दीं।

स्टालिन के खिलाफ भाजपा ..
तक डीएमके सत्ता से बाहर नहीं हो जाती, मैं जूते नहीं पहनूंगा... अन्नामलाई ने कहा कि वे अन्ना यूनिवर्सिटी की छात्रा के यौन उत्पीडऩ मामले में इंसाफ दिलाने के लिए सरकार के तरीके से असंतुष्ट हैं और सरकार की असंवेदनशीलता के खिलाफ प्रदर्शन करेंगे।

साईं टीवीएस में अपाचे 160 4V USD के नए मॉडल की लांचिंग

रायपुर/नवप्रदेश। विश्व प्रसिद्ध कंपनी टीवीएस द्वारा दिनांक 26.12.2024 को फाफाडीह स्थित टीवीएस का एक्सक्लूसिव शोरूम साईं टीवीएस में अपाचे 160 4V USD के नए मॉडल की लांचिंग की गई लॉन्चिंग के बाद ग्राहकों को 6 अपाचे की डिलीवरी तुरंत की गई इस अवसर पर टीवीएस मोटर कंपनी के TM नीरज सिंह एवं देवाशीष पांडा विशेष रूप से उपस्थित थे साथ ही शोरूम के डायरेक्टर हरीश मथानी, सुमित सजनानी,विकास मथानी,लक्ष्य मथानी एवं अमनमित सिंह सलूजा उपस्थित थे। शोरूम के मैनेजर भूपेंद्र यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि अपाचे तीन कलर में उपलब्ध कराई गई है गाड़ी ब्लैक, ग्रे एवं व्हाइट कलर में उपलब्ध है। अपाचे 160 4V में थ्री राइट मोड्स, ड्यूल चैनल ABS, रेड अलॉय विल एडजेस्टेबल लीवर एवं क्लच और स्मार्ट्स कनेक्ट ब्लूटूथ कनेक्टिविटी की खूबियां दी गई है।

न्यूज गैलरी

विधायक से मिलकर शरीफ अब्बास ने सदर वार्ड से की दावेदारी

भाटापारा/नवप्रदेश। आगामी नगरीय निकाय चुनाव के लिए वार्डों का आरक्षण होने के बाद चुनाव लड़ने के इक्ष्छुक दावेदार अपनी दावेदारी को प्रस्तुत करना चालू कर दिए हैं। दावेदारों का मानना है कि प्रजातंत्र में सबको टिकट मांगने का अधिकार है और उस अधिकार के तहत ही वार्ड के नागरिकों की मंशा के अनुरूप दावेदारी प्रस्तुत कर दी है। प्रदेश में नगरीय निकाय चुनाव का बिगुल फूंक गया है। नगरपालिका क्षेत्र के अंतर्गत वार्डों के लिए आरक्षण की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद पार्षद चुनाव लड़ने के इच्छुक दावेदार अपने अपने वार्ड में घूमना फिरना भी प्रारंभ कर दिए है। इस बीच अपनी दावेदारी को भी पुख्ता करने कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। पिछड़े कार्यकाल के दौरान अपने वार्ड के लोगों के विकास और उनकी जनसमस्या को लेकर लगातार क्षेत्र का विकास करने वाले पूर्व पार्षद शरीफअब्बास ने इस बार सदर वार्ड के लोगों की मंशा और उनकी भावनाओं की कद्र करते हुए कांग्रेस के जाबांज सिपाही के रूप में कार्यकर्ताओं के साथ क्षेत्र के विधायक इंद्र साव से उनकी निवास में मुलाकात कर सदर वार्ड से अपनी दावेदारी प्रस्तुत कर दी है। इस दौरान पूर्व पार्षद शरीफ अब्बास ने विधायक साव को वार्ड की भौगोलिक स्थिति और वर्तमान परिस्थितियों के बारे में भी अवगत कराया।

टेड़ेसरा में सतनामी समाज के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि की आसन्दी से कहा

गुरु घासीदास का संदेश आज भी प्रासंगिक : सुदेश देशमुख

राजनांदगांव/नवप्रदेश । पूर्व महापौर सुदेश देशमुख ने टेड़ेसरा में सतनामी समाज के द्वारा आयोजित गुरु घासीदास जयंती समारोह में मुख्य अतिथि की आसंदी से कहा कि संत बाबा का मनखे मनखे एक समान का संदेश आज भी प्रासंगिक है। आज जब समाज को जाति और धर्म में बांटने की कोसीसे हो रही है। आपसी वैमनस्य फैलाया जा रहा है। ऐसे दौर में मानवता का यह संदेश हर किसी को अपने जीवन में उतरने की आवश्यकता है।

श्री देशमुख ने आगे कहा कि जिले सहित छत्तीसगढ़ में सतनाम पंथ के लाखों अनुयाई है। जो इस संदेश का निरंतर प्रचार प्रसार कर रहे हैं वह धन्यवाद के पात्र हैं। बौद्धिक सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से संत गुरु घासीदास के मानवता के संदेश से छत्तीसगढ़ की अलग ही पहचान बनी है। कार्यक्रम के अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष भागवत ने ग्राम टेड़ेसरा सतनामी समाज के द्वारा आयोजित सतनाम भवन में संत शिरोमणि घासीदास जयंती को लेकर सभी को बधाई व शुभकामनाएं उन्होंने कहा कि संत शिरोमणि घासीदास के उपदेशों को आत्मसात करना चाहिए और अपने जीवन में उतरना चाहिए। इस अवसर पर आयोजित पंथी नृत्य ने सबका मन मोह लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सुदेश देशमुख, अध्यक्षता भागवत साहू जिलाध्यक्ष कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव, पंकज बांधव महामंत्री जिला कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव, योगेन्द्र दास वैष्णव संयुक्त महामंत्री जिला कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव, नरेंद्र दास वैष्णव उपाध्यक्ष किसान कांग्रेस राजनांदगांव, खिलेश्वरी साहू क्षेत्रीय जनपद सदस्य, पुनीत कुर्रे पूर्व जनपद सदस्य, दीना साहू सरपंच, देवलाल साहू उपसरपंच, चुम्मन निषाद महामंत्री ब्लॉक कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव, धर्मेन्द्र साहु मीडिया प्रभारी, सुनील कोठारी, पुनीत कुर्रे, पिंकी कोठारी, गुरु दयाल, जेठू कुर्रे, गागेशवरी कुर्रे पंच, संजू बघेल, विश्राम कोठारी, पोषण कुर्रे, लक्ष्मण कोसरे सहित सतनामी समाज के गाना माना नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए तनमय भुनेश्वर रवाना

गंडई पंडरिया/नवप्रदेश। उच्च शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन के तत्वाधान में विगत दिनों शासकीय ई. राघवेंन्द्र राव विज्ञान महाविद्यालय बिलासपुर में राज्य स्तरीय एथलेटिक्स महिला एवं पुरूष प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें देवी प्रसाद चौबे शास. महा. गंडई के अनिल कुमार साहू, तनमय पौषार्य, उत्तम निर्मलकर, कु. श्रृद्धा साहू और कु. मनीषा मेरावी ने प्रतिनिधित्व किया। तनमय पौषार्य ने लम्बीकुद में श्रेष्ट प्रदर्शन करते हुए ऑल इंडिया इंटर युनिवर्सिटी एथलेडिक्स प्रतियोगिता के लिय चयनित हुए है। जो आगामी 27 दिसम्बर से 30 दिसम्बर तक चढ्ढस्स युनिवर्सिटी भुनेश्वरी उडीसा में आयोजित है। जिसमें भाग लेने के लिये 24 दिसम्बर को रवाना हुए है। तनमय की उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. डी.पी. कुर्रे, वरिष्ट प्राध्यापक डॉ. एन. एस. वर्मा, क्रीड़ा अधिकारी श्रीमती अनीता पौषार्य एवं प्राध्यापक, अतिथि प्राध्यापक, छात्र-छात्राओं सहित महा. परिवार ने बधाई देकर उज्जवल भविष्य की कामना की है।

गातापार, बरगांव में मना अटल सुशासन दिवस

खैरागढ़/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत गातापार जंगल और नवागांव बरगांव में पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती ग्राम पंचायत के अटल चौक में मनाया गया। कार्यक्रम में उपस्थित कंवल राम छेदैया ने कहा अटल जी की देन है आज हम छत्तीसगढ़ विकसित राज्य में अपना विकास कर पा रहे है । सरपंच कृष्णा मंडले ने कहा बाजपेयी ने निस्वार्थ भाव से देश और समाज की सेवा की और भाजपा की स्थापना के माध्यम से देश में राष्ट्रवादी राजनीति को नई दिशा दी। जहां एक ओर उन्होंने परमाणु परीक्षण और कारगिल युद्ध में विश्व को उभरते भारत की शक्ति का एहसास करवाया तो वही दूसरी ओर देश में सुशासन की परिकल्पना को चरितार्थ किया। उनके विराट योगदान को देश हमेशा याद करेगा इस मौके पर प्रमोद जंघेल ,मानिक यदू ,समिति प्रबंधक दीपा मानिकपुरी , उपसरपंच सूर्या झा , मुरारी धुर्वे पंचायत प्रतिनिधि वार्ड पंच सहित ,पंचायत सचिन खेलन धुर्वे श्याम सिंह ,सहायक सचिव पन्नालाल नेताम ,देवल नेताम, भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

मनखे मनखे एक सामन का संदेश आज भी प्रासंगिक

संपूर्ण मानव जाति के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित किया था संत गुरुघासी दास बाबा ने : भूपेश बघेल

भाटापारा/नवप्रदेश। संत शिरोमणि गुरु घासीदास बाबा की 268 वीं जयंती भाटापारा विधानसभा क्षेत्र के सिमगा में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाई गई इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और क्षेत्र के विधायक इंद्र साव ने उपस्थित लोगों को जयंती की बधाई और शुभकामना दी। इसके पूर्व सिमगा पहुंचने पर पूर्व सी एम बघेल का समाज के लोगों ने पुष्प वर्षा आतिशबाजी के साथ आत्मीय स्वागत किया ।

इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जोड़ा जैतखाम में पूजा अर्चना कर प्रदेश की जनता के लिए सुख समृद्धि की कामना करते हुए उपस्थित लोगों से अपने संक्षिप्त और सारगर्भित संबोधन में कहा कि आज हम संत शिरोमणि गुरु घासीदास बाबा की 268वीं जयंती बना रहे हैं क्योंकि उन्होंने अपना जीवन संपूर्ण मानव जाति के लिए समर्पित कर दिया था और समाज में फैले छुआछूत एवं अन्य बुराइयों को दूर करने का महत्वपूर्ण कार्य किया था । वह एकमात्र संत थे जो मानव समाज को मनखे मनखे एक समान का सबसे बड़ा मंत्र दिया था । हम सब एक ईश्वर की संतान है जिसमें न कोई छोटा है न कोई बड़ा है । गुरु घासीदास बाबा ने हम सबको सत्य अहिंसा प्रेम सद् भाव का रास्ता दिखाया था ।उनका कहना था कि हमें मानव जीवन बहुत ही सौभाग्य से प्राप्त हुआ है ।

वही पूर्व सी एम बघेल ने प्रदेश की भाजपा सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि आज प्रदेश में चारों तरफ अराजकता का माहौल है । जिधर देखों उधर भ्रष्टाचार नजर आता है । बलौदाबाजार कलेक्ट्रेट परिसर में आगजनी की घटना सरकार की नाकामी को सिद्ध करता है उस घटना में कई निर्दोष लोगों को भी जेल में डाल दिया गया है । जिन्हें आज तक उनको जमानत नहीं मिल पाई है । उन्होंने सरकार से छाता पहाड़ में जैतखाम को तोड़ने की घटना के पूरे मामले की सीबीआई जांच की मांग किया । भाजपा की सरकार सतनामी समाज के लोगों आदिवासी समाज के लोगों पर अत्याचार कर रही है आदिवासी लोगों को नक्सली बताकर कर मारा जा रहा है ।

जैतखाम को तोड़ने की घटना के पूरे मामले की सीबीआई जांच की मांग

बलौदाबाजार कलेक्ट्रेट परिसर में आगजनी की घटना सरकार की नाकामी को सिद्ध करता है उस घटना में कई निर्दोष लोगों को भी जेल में डाल दिया गया है । जिन्हें आज तक उनको जमानत नहीं मिल पाई है । उन्होंने सरकार से छाता पहाड़ में जैतखाम को तोड़ने की घटना के पूरे मामले की सीबीआई जांच की मांग किया । भाजपा की सरकार सतनामी समाज के लोगों आदिवासी समाज के लोगों पर अत्याचार कर रही है आदिवासी लोगों को नक्सली बताकर कर मारा जा रहा है ।

महतारी वंदन सम्मेलन का आयोजन

हितग्राही महिलाओं का सम्मान ,आधार कार्ड बनाने के साथ ही सुकन्या योजना के तहत खाता भी खुलवाएं

खैरागढ़/नवप्रदेश। सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने एवं सुशासन सप्ताह के अवसर पर जिला सहित विकासखण्ड स्तर पर सरकार की उपलब्धियों और योजनाओं से संबंधित विभिन्न कार्यक्रम के दौरान जिला मुख्यालय स्थित स्व.दिलीप सिंह मंगल भवन में महतारी वंदन सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस दौरान महतारी वंदन योजना की हितग्राही विद्या मेश्राम, अंजली पाल, सुधा तुरकर, उषा पाल, मनीषा महोबे पुनीता साहू, अनूपा वर्मा, अंजनी चतुर्वेदी व भारती ब्रम्हें को सम्मानित किया गया। महतारी वंदन सम्मेलन में बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुई। इस दौरान महतारी वंदन सम्मेलन में बच्चों का आधार कार्ड बनाने, सुकन्या योजना के तहत खाता खुलवाने सहित अन्य स्टॉल भी लगाए गए थे। उपस्थित हितग्राहियों को बताया गया कि सुकन्या समृद्धि योजना भारत की एक छोटी बचत योजना है, जिसकी शुरुआत बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत की गयी। जिसके अंतर्गत माता-पिता या कानूनी अभिभावक कन्या के नाम से खाता खोल सकते हैं। इस योजना के अंतर्गत खाता खुलवाने के लिए बच्ची की आयु सीमा 10 वर्ष से कम होनी चाहिए। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पाती का वितरण किया गया। महिलाओं ने विष्णु की पाती का वाचन किया गया और उपस्थित महिलाओं ने अपने विचार साझा किए।

खुटेरी से भर्रेगांव-मोखला जर्जर सड़क पर चलना मुश्किल, जिम्मेदार मौन

राजनांदगांव/नवप्रदेश। विकासखंड के नेशनल हाईवे खुटेरी से होकर भर्रेगांव -मोखला आरला सुरगी मार्ग को जाने वाली सड़क काफी जर्जर हो चुकी है इससे क्षेत्र वासियों को आने-जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।यह मार्ग काफी जर्जर हो चुका है। जगह-जगह से सड़क पर बड़े बड़े गड्ढे बन गए है। साइकिल और मोटरसाइकिल में सवार लोग अक्सर अनियंत्रित होकर गिरते पढ़ते रहते हैं। सबसे बड़ी समस्या तो इस मार्ग पर छात्रों को होती है यहां प्रतिदिन सैकड़ो छात्रो को शिक्षा ग्रहण करते हैं उन लोगों को आने-जाने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

गांव और शहर के विकास के लिए सड़क की अहम भूमिका होती है एक तरफसरकार गांव और शहरों में चमचमाती सड़क बनाने की बात करती है तो वही राजनांदगांव विकासखंड क्षेत्र के सड़कों का मुख्य सड़क की बनी दयनीय हालत सरकारी दावे को उल्टे साबित कर रही है नेशनल हाइवे खुटेरी से सुरगी मार्ग को जोड़ने वाली इस महत्वपूर्ण सड़क रखरखाव और मरम्मत के अभाव में दम तोड़ चुकी है यह सड़क आज पूरी तरह से टूटकर गड्ढे में तब्दील हो चुका है।इस जर्जर सड़क वाहन चलना मुश्किल हो गया है जर्जर सड़क के चलते आए दिन दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। कई साल पहले बने इस महत्वपूर्ण सड़क का सही से रख रखाव व समय पर मरम्मत नहीं होने से आज इसकी हालत काफी खस्ता हो गई है।

मरम्मत व नया डामरीकरण की दरकार,विभाग का ध्यान नहीं

शासन प्रशासन को कराया गया अवगत सड़क की मांग को लेकर स्थानीय लोग आसपास के ग्रामीण कई बार शासन और प्रशासन का ध्यान इस ओर ला चुके हैं लेकिन इसके बाद भी संबंधित विभाग के अफसर ने सड़क की मरम्मत और डामरीकरण की ओर अब तक कोई पहल नहीं की है।

आयुष विभाग का पंचकर्म सहायक निरंजन पातर निलंबित

राजनांदगांव/नवप्रदेश। जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य डोंगरगढ़ में पदस्थ पंचकर्म सहायक स्पेशलाइज्ड थेरेपी सेंटर निरंजन पातर संस्था प्रभारी अधिकारी से दुर्व्यवहार के मामले में सस्पेंड कर दिए गए हैं निलंबन की अवधि में उनका मुख्यालय जिला आयुष अधिकारी कार्यालय कबीरधाम होगा। इस अवधि में उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता भी दिया जाएगा।

जिला साहू संघ की आवश्यक बैठक साहू सदन में 28 को

राजनांदगांव/नवप्रदेश। बसंतपुर स्थित साहू सदन में 28 दिसंबर 2024 दिन शनिवार को समय एक बजे जिला साहू संघ की अति आवश्यक बैठक जिलाध्यक्ष भागवत साहू की अध्यक्षता में रखी गई है।उत्काशय की जानकारी देते हुए जिला साहू संघ के महामंत्री नीलमणी साहू ने बताया कि उक्त बैठक में संत शिरोमणी राजिम माता जयंती महोत्सव में शामिल होने व अन्य विषय पर बैठक में निर्णय लिया जायेगा।महामंत्री नीलमणी साहू ने शनिवार को आयोजित इस जरूरी बैठक में समस्त पदाधिकारी, अध्यक्ष, सचिव, तहसील एवं परिक्षेत्र पदाधिकारियों से नियत समय पर साहू सदन में उपास्थि की अपील की है।

नगर में रैली निकालकर भाजपा ने मनाया सुशासन दिवस

बालोद/नवप्रदेश। लोहारा के पुराना जनपद पंचायत परिसर से अटल चौक तक निकाली गई रैली, भारतीय राजनीति में अटल जी के योगदान को किया याद डौंडीलोहारा। बुधवार को देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व अटल बिहारी वाजपेयी जी के जन्मजयंती को भाजपा मंडल डौंडीलोहारा द्वारा सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। जनपद पंचायत परिसर से अटल चौक तक रैली निकालकर पार्टी व देश की राजनीति में उनके योगदान को याद किया गया। इस दौरान प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर जिला कोषाध्यक्ष दिलीप शर्मा,ज़िलामंत्री जयेश ठाकुर होरी लाल रावटे ,जसराज शर्मा ,मंडल अध्यक्ष कुसुम शर्मा, लाल निवेंद्र सिंह टेकाम ,बलराम गुप्ता ,संजय दुबे जयलाल मालेकर, धर्मेंद्र निषाद ,सोमेन्द्र देशमुख, नरेन्द्र जैन, रवि जैन, इकबाल अरोरा,धीरज जैन, पलाश ,दुष्यंत गिरी,धीरेन्द्र टांक, दीपक थवानी,माया ठाकुर ,सुभद्रा टाण्डेकर, लता गुप्ता, दसोदा भुआर्य , नेहा उपाध्याय, पूर्णिमा चक्रधारी,डोमेन्द्र देशमुख, जीवराखन कौमार्य,दिलीप बाफना, पदम संचेती,मोहन निषाद, निखिल शर्मा आरती संचेती, रीना कोटेन,हीरा ठाकुर चंचल टेमरे, सरस्वती,राहुल सांखला ,भूषण साहू, ,नीलकमल साहू,सूर्यकांत कौशिक,प्रिंस शर्मा, डेविड साहू, हेमंत कुमार,निरंजन पटौदी, शिव मसिया, टेक राम, दिलीप कोसमा,भुवन यादव, लीलेंद्र कुमार सिन्हा, तुकाराम साहू, मौजूद रहे। विराट व्यक्तित्व के धनी थे अटल जी, राष्ट्र को बनाया परमाणु सम्पन्नः कुसुम शर्मा नवनिर्वाचित भाजपा मंडल अध्यक्ष कुसुम शर्मा ने उनके योगदान को याद करते हुए कहा कि भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती को हम सब सुशासन दिवस के तौर पर मनाते हैं। कहा भाजपा मंडल डौंडीलोहारा उनके जन्मजयंती के अवसर पर उन्हें नमन करता है।

देवकर में अटल की जयंती पर अटल परिसर निर्माण कार्य का भूमिपूजन

देवकर/नवप्रदेश। भारत रत्न पूर्व प्रधानमन्त्री अटल बिहारी बाजपेयी जी के 100 वीं जयंती में सुशासन दिवस के अवसर पर कार्यालय नगर पंचायत देवकर परिसर में अटल परिसर निर्माण कार्य के वर्चुअल भूमिपूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री छ.ग. शासन विष्णुदेव साय एवं अध्यक्ष के रूप में उपमुख्यमंत्री एवं भारसाधक मंत्री नगरीय प्रशासन एवं विकास छ.ग.शासन वर्चुअल माध्यम से जुड़े। कार्यक्रम का शुभारंभ जनप्रतिनिधियों द्वारा छत्तीसगढ़ महतारी एवं श्रद्धेय अटल जी के छायाचित्र में उपस्थित में जनप्रतिनिधियों द्वारा माल्यार्पण कर किया गया। मुख्यमंत्री द्वारा कुनकुरी में विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया गया। साथ ही नगरीय प्रशासन विकास विभाग अंतर्गत प्रदेश के समस्त नगर निगम, नगर पालिका एवं नगर पंचायतों में अटल परिसर निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। जिसके साथ ही नगर पंचायत देवकर में प्रस्तावित अटल परिसर निर्माण कार्य का भूमिपूजन वर्चुअल माध्यम से किया गया। वर्चुअल भूमिपूजन पश्चात केंद्र सरकार की नमस्ते योजना के तहत सेप्टिक टैंक सफाई कार्य में संलग्न सफाई कर्मचारियों को पीपीई कीट का वितरण उपस्थित अतिथियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम में नगर पंचायत देवकर के उपाध्यक्ष अजय अग्रवाल, पार्षद मनोज शर्मा, अनिल साहू, ताराचंद चक्रधारी सहित जनप्रतिनिधि तथा नगर पंचायत के मुख्य नगर पालिका अधिकारी केशराम साहू, उपभियंता संजय मोटवानी, लेखापाल गजाधर यादव एवं कर्मचारी तथा नगर के गणमान्य नागरिकगण उपस्थित रहे।

क्रिकेट प्रतियोगिता... सभी समाज को एक मंच पर जोड़ने का प्रयास

अहिंसा कप क्रिकेट पर महावीर इंडियंस का कब्जा, पंजाब किंग्स उपविजेता

राजनंदगांव/नवप्रदेश। जैन युवा संगठन द्वारा आयोजित अहिंसा कप के पहले सीजन में महावीर इंडियंस ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया। सामाजिक सद्भावना और एकता के उद्देश्य से आयोजित किए गए इस प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में जैन समाज की महावीर इंडियंस टीम ने सिख समाज की किंग्स ऑफपंजाब को पाँच विकेट से हराकर खिताब जीता। आयोजन समिति की तरफ़ से विजेता टीम को 51 हज़ार नगद व आकर्षक ट्रॉफी और उपविजेता टीम को 41 हज़ार नगद व ट्रॉफी प्रदान की गई।

आयोजन से जुड़े प्रशांत बोहरा ने बताया की शहर के सभी समाज को एक मंच पर जोड़ने के प्रयास हेतु इस प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया था। उन्होंने बताया की इस प्रतियोगिता में ब्राह्मण समाज,जैन समाज,सिख समाज,गुजराती समाज,सिंधी समाज, माहेश्वरी समाज सहित खंडेलवाल समाज की टीम ने हिस्सा लिया था। ज्ञात हो 23 से 25 दिसंबर के मध्य लीग मुकाबले खेले गए,इसके पश्चात शीर्ष चार टीम के मध्य सेमीफाइनल मुकाबले हुए।

संघर्षपूर्ण मुकाबले ने बढ़ाया रोमांच

प्रतियोगिता के अंतिम दिन बुधवार को दो सेमीफाइनल मुकाबले के साथ ही फाइनल मैच खेला गया। पहले सेमीफाइनल में सिख समाज की टीम ने ब्राह्मण इलेवन को 23 रन से हराकर फाइनल में प्रवेश किया।

इन खिलाड़ियों को भी मिले पुरस्कार...

प्रतियोगिता में सभी मुकाबलों को मिलाकर कुल 171 रन और 8 विकेट लेने वाले खिलाड़ी आशीष जैन को प्लेयर ऑफ़थे टूर्नामेंट चुना गया। ऐसे ही सिख समाज के खिलाड़ी हरनेक जोहल को सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज़ और पवनदीप कक्कड़ को सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज चुना गया। वहीं तेजस चौरड़िया को सर्वश्रेष्ठ फ़ील्डर की ट्रॉफी दी गई।समापन समारोह में सभी समाज के पदाधिकारीगण, सदस्य तथा अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

दुगली, कौहाबाहरा, कोलियारी में मना सुशासन दिवस

नगरी/नवप्रदेश। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न स्व. अटल बिहारी बाजपेयी जी के 100वां जन्मदिवस मुनईकेरा, दुगली, कौहाबाहरा, कोलियारी पंचायत के अटल चौक में सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दिनेश्वरी नेताम जनपद अध्यक्ष नगरी, विशेष अतिथि महेन्द्र नेताम सरपंच मुनईकेरा, शिवा नेताम सरपंच कौहाबाहरा, रामकुंवर मंडावी सरपंच दुगली, तुलसीराम मंडावी सरपंच कोलियारी थे। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष दिनेश्वरी नेताम ने अटल बिहारी वाजपेयी जी की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए देश हित में किये उनके कार्यों को याद किया और बताया कि किसानों के लिए क्रेडिट कार्ड योजना प्रारंभ की। उन्होंने सदैव विचारधारा को प्राथमिकता दी। महेन्द्र नेताम सरपंच मुनईकेरा ने स्व अटल बिहारी वाजपेयी जी की 100वीं जयंती पर उन्हें नमन करते हुए बताया कि जनजाति वर्ग के कल्याण के लिए पहली बार देश में आदिवासी मंत्रालय बनाकर जनजाति वर्ग के लिए अलग से बजट पेश किया। पहली बार अंतिम छोर पर बसे लोगों के बारे में सोचा और गांव गांव तक प्रधानमंत्री सड़क निर्माण कराया। देश में सर्व शिक्षा अभियान चलाकर बच्चों की अनिवार्य शिक्षा पर जोर दिया। परमाणु परीक्षण सहित अनेक दूरगामी योजना प्रारंभ की।

■ न्यूज गैलरी

बाबा ने समाज को समानता और भाईचारे का दिया संदेश : तिवारी

बेमेतरा। बेमेतरा विधानसभा के ग्राम मोहलई (दमई) में परमपूज्य बाबा गुरु घासीदास की जयंती पर भव्य पंथी कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम में गुरु बालकदास युवा समिति और समस्त ग्रामवासियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में भाजपा नेता एवं सर्व हिंदू सनातन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेश तिवारी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। मुख्य अतिथि योगेश तिवारी ने अपने संबोधन में बाबा गुरु घासीदास के जीवन और उनके उपदेशों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बाबा ने समाज में समानता और भाईचारे का संदेश दिया था। उन्होंने सभी से बाबा के बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। जिसमें भजन, कीर्तन और लोक नृत्यों की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे और उन्होंने इस कार्यक्रम को सफल बनाया। ग्राम मोहलई में बाबा गुरु घासीदास की जयंती धूमधाम से मनाई गई। ग्रामीणों में इस कार्यक्रम को लेकर काफी उत्साह देखने को मिला। उन्होंने आयोजकों को इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बधाई दी। कार्यक्रम में चोखराम जांगड़े, भेमराज जांगड़े, डॉक्टर जांगड़े, देवप्रकाश जांगड़े, उजाला जांगड़े, दिलीप जांगड़े, सुनील जांगड़े, किरण जांगड़े, हेमंत जोशी, ललित जांगड़े, योगेश मांडले, कमल कोसले, मनीष जांगड़े, मुकेश मांडले, कुणाल जांगड़े, मनोज सिन्हा, नरेश राय, यशवंत टंडन, मनोज बंजारे सहित समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर मनाया सुशासन दिवस

नगरी। भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर सुशासन दिवस एवं अटल परिसर का उद्घाटन कार्यक्रम नगर पंचायत मे अटल चौक वार्ड क्रमांक 13 पर नगर पंचायत नगरी द्वारा आयोजन ।जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व विधायक पिंकी शिवराज शाह रही साथ में नगर पंचायत के जनप्रतिनिधि एवं भाजपा संगठन के कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान नगर पंचायत के कर्मचारियों द्वारा मुख्यातिथि के साथ जनप्रतिनिधियों का सम्मान किया गया। और कुछ वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान किया गया। किंतु भाजपा के अनेक सक्रिय कार्यकर्ता वहां मौजूद रहे, किसी का नाम नहीं लिया गया और ना ही उन्हें कुर्सी पर आमंत्रित किया गया। भाजपा के जिला कार्यकारिणी सदस्य एवं विधानसभा मीडिया प्रभारी रामगोपाल साहू भी अतिथियों के पहले क्रम में थे, उनका भी स्वागत नहीं किया गया और वह नाराज होकर मंच छोड़कर उस कार्यक्रम से बाहर चले गये। भाजपा मंडल नगरी के नए मंडल अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा जी को बनाए जाने के बाद यह उनका पहला मंचीय कार्यक्रम था, जिस मंच से कार्यकर्ता नाराज होकर गए। इस कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष आराधना शुक्ला एवं मंडल अध्यक्ष ने भी कार्यकर्ताओं का लिस्टिंग बनाना उचित नहीं समझा और ना ही नगर पंचायत के कर्मचारियों ने।

मारपीट के मामले में 3 गिरफ्तार

भाटापारा। छट्ठी कार्यक्रम में जा रहे वाहन सवार के साथ गाली गलौज कर डंडे से मारपीट कर चालक को गंभीर चोट पहुंचाने के मामले में ग्रामीण पुलिस ने कार्यवाही करते हुए मामले में 3 लोगों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ वैधानिक कार्यवाही कर रही है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार 20 दिसंबर को प्रार्थी ऋषभ धृतलहरे द्वारा थाना भाटापारा ग्रामीण में रिपोर्ट दर्ज कराया गया। जिसमें उन्होंने कहा कि वह कुछ लोगों के साथ बोलेरो वाहन में छट्ठी कार्यक्रम में शामिल होने बिल्हा जा रहे थे। इसी बीच रात 11 बजे लगभग मेनरोड सेंदरी-बोरसी ब के पास एक अज्ञात व्यक्तियों द्वारा सामने से टार्च की रोशनी दिखाया गया, जिसे हम लोगों ने मना किया, तो तुम लोग मना करने वाले कौन होते हो कहकर गंदी-गंदी गाली गलौच कर, जान से मारने की धमकी देते हुए अपने पास रखे डंडा से मारपीट किए हैं। मारपीट करने से वाहन चालक विक्रम जोगी को गंभीर चोट आया है। उक्त रिपोर्ट पर धारा 296,115(2), 351(2), 324(4), 3(5),109(1) बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले में ग्रामीण पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए प्रकरण में शामिल अमर बांधे,उरेन्द्र उर्फ गोलू और हीरालाल को हिरासत में लिया गया।

अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर सहसपुर लोहारा में सुशासन दिवस मनाया गया

कवर्धा। भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती के अवसर पर जनपद पंचायत सहसपुर लोहारा में विकासखंड स्तरीय सुशासन दिवस का आयोजन हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ किया गया। कार्यक्रम में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष पटेल, लालाराम साहू, रणबीरपुर नरेश साहू, जनपद पंचायत सभापति, सदस्यगण, स्थानीय जनप्रतिनिधि, एवं जनपद पंचायत के मुख्य कार्य पालन अधिकारी शिव कुमार साहू एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत भारत रत्न एवं देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर और

उनके विचारों को याद करते हुए की गई। इस अवसर पर सुशासन शपथ दिलाई गई, जिसमें सभी उपस्थित लोगों ने ईमानदारी, पारदर्शिता और जनसेवा के संकल्प को दोहराया।

पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष पटेल ने अपने संबोधन में कहा की भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी

अधिकारी-कर्मचारी और जनप्रतिनिधियों ने लिया सुशासन का संकल्प

जी का जीवन, नेतृत्व और उनकी नीतियां हमें सुशासन, पारदर्शिता और जनसेवा का महत्व सिखाती हैं। हमें उनकी विचारधारा को अपनाते हुए समाज और प्रशासन को बेहतर बनाने की दिशा में कार्य करना चाहिए। लालाराम साहू ने कहा की सुशासन दिवस का उद्देश्य सिर्फ कार्यक्रम आयोजित करना नहीं है, बल्कि इसे व्यवहारिक जीवन में लागू करना है। हमें अटल जी के आदर्शों को आत्मसात करते हुए गांव-गांव, गली-गली में सुशासन को साकार करना है। रणबीरपुर के श्री नरेश साहू ने अपने उद्बोधन में कहा की इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों और जनप्रतिनिधियों ने सुशासन की शपथ ली। इसके पूर्व स्वच्छता अभियान कार्यक्रम के बाद अटल चौक सहित अन्य सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। श्री अटल जी की कविताएं और विचार अटल जी की विचारों को साझा किया गया, जिससे कार्यक्रम में मौजूद लोगों को प्रेरणा मिली। महिला समूहों, युवाओं और ग्रामीणजनों ने कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में जनपद सीईओ श्री शिव कुमार साहू ने सुशासन की भावना को बनाए रखने और सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए प्रतिबद्धता व्यक्त की। उन्होंने बताया कि कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा और जिला पंचायत सीईओ श्री अजय त्रिपाठी के निर्देश पर जनपद क्षेत्र के सभी 96 ग्राम पंचायतों में सुशासन दिवस बड़े हर्षोउल्लास एवं श्रद्धा पूर्वक मनाया गया, जिसमे ग्रामीण, किसान, महिलाओं की भागीदारी रही। कार्यक्रम का समापन ÷अटल जी अमर रहें÷ के उद्घोष और उनके आदर्शों को जीवन में अपनाने के संकल्प के साथ हुआ।

अटल बिहारी वाजपेयी ऐसे व्यक्तित्व हैं, जिनका लोहा दुनिया मानती रही

अटल बिहारी वाजपेयी के बहुआयामी विचार से देश को मिल रही दिशा : सांसद संतोष पाण्डेय

■ सुशासन दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन

राजनांदगांव दैनिक नव प्रदेश। देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती तथा सुशासन दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जशपुर जिले में अटल परिसर के भूमि पूजन कार्यक्रम में शामिल हुए तथा वर्चुअल माध्यम से राजनांदगांव जिले में आयोजित कार्यक्रम से जुड़े। इस अवसर पर सांसद संतोष पाण्डेय ने आज राजनांदगांव शहर के वर्धमान नगर में अटल परिसर का भूमि पूजन किया तथा कार्यक्रम में शामिल हुए। सांसद श्री संतोष पाण्डेय ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृति में आज प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में अटल परिसर का भूमि पूजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी ऐसे व्यक्तित्व हैं, जिनका दुनिया लोहा मानती रही। उनका व्यक्तित्व इतना सशक्त था कि न केवल पक्ष बल्कि विपक्ष के भी

जनप्रतिनिधि उनके प्रति सम्मान रखते थे। सांसद श्री पाण्डेय ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि तत्कालीन प्रधानमंत्री श्री पीवी नरसिम्हा राव ने विपक्ष के मंत्री होने के बावजूद संयुक्त राष्ट्र संघ में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए अटल बिहारी वाजपेयी को दायित्व सौंपा। जिसे उन्होंने बखूबी निभाया। उन्होंने बताया कि स्टेट स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में अटल बिहारी वाजपेयी जी के कार्यक्रम का संचालन करने तथा सुनने का अवसर मिला। तत्कालीन सांसद प्रमोद महाजन कहा करते थे कि कुशल वक्ता को अटल बिहारी जैसा होना चाहिए। सांसद श्री पाण्डेय ने कहा कि अटल बिहारी जी देश के महान राजनेता, एक अच्छे लेखक, कवि और साहित्यकार थे। उनकी राष्ट्रीय कविताओं का उल्लेख साहित्य में मिलता है। उनके बहुआयामी विचार एवं सोच इस तरह है कि संकट के समय जब हम इतिहास के पन्ने पलटेंगे तो राहत मिलेगी और देश को दिशा मिलेगी। उनकी कविताओं को हम आज भी सुनते हैं और आत्मसात करते हैं। गीत नया गाता हूं, हार नहीं मानूंगा रार नहीं ठानूंगा.., तेरा वैभव अमर रहे मां हम रहे या न रहे.. जैसे उनकी प्रेरक पंक्तियां आज भी हमारा मनोबल बढ़ाती हैं।

नगर पालिका निगम के लिए 50 लाख रूपए की राशि स्वीकृत

नगर पालिक निगम राजनांदगांव के लिए 50 लाख रूपए की राशि स्वीकृत की गई है। वही छोटे नगरीय निकायों के लिए 20-25 लाख रूपए की राशि स्वीकृत की गई है। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास रहेगा कि इस परिसर को भव्य रूप में विकसित करें, ताकि देश के महान राजनेता एवं उनके उत्कृष्ट विचारों को नागरिक आत्मसात कर सकें। इस अवसर पर श्री रमेश पटेल, श्री शिव वर्मा, श्री सुमित भाटिया, श्री देवशरण सेन, श्री गगन आईच, सुश्री आभा तिवारी, सुश्री मणिभास्कर गुप्ता, श्री आलोक बिंदल, श्रीमती खेमीन यादव सहित अन्य पार्षद, अन्य जनप्रतिनिधि, एसडीएम श्री खेमलाल वर्मा सहित अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

दुग्ध और मत्स्य समितियों को पंजीयन प्रमाण पत्र प्रदान

डेयरी और मत्स्य सहकारी समितियों का शुभारंभ

कवर्धा। सुशासन दिवस, भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर आज सहकारिता विभाग, जिला कबीरधाम द्वारा समृद्धि योजना के तहत नवीन बहुउद्देशीय डेयरी और मत्स्य समितियों के उद्घाटन का आयोजन कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष सुशीला भट्ट ने की। विशेष अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य राम कुमार भट्ट उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विभिन्न नवीन पंजीकृत दुग्ध और मत्स्य सहकारी समितियों को पंजीयन प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इनमें प्रमुख रूप से श्री कृष्णा दुग्ध समिति सेनाहाभाटा, कान्हा दुग्ध सहकारी समिति चारभाठा खुर्द, मां महामाया दुग्ध सहकारी समिति मानिक चौरी, गोपाल दुग्ध सहकारी समिति रुसे और बिलासा देवी मछुआ सहकारी समिति कोलगांव शामिल हैं। इस अवसर पर जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित, राजनांदगांव की कुंडा शाखा द्वारा कृष्णा दुग्ध सहकारी समिति सेनाहाभाटा को किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) वितरित किया गया। साथ ही, सेवा सहकारी समिति के माध्यम से संचालित सीएससी के तहत सर्वाधिक ट्रांजैक्शन करने वाली समिति कवर्धा के प्रबंधक और ऑपरेटर को शाल और श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। प्रधानमंत्री जनऔषधि केंद्र में सर्वाधिक दवाइयां वितरित करने पर समिति बिरकोना के प्रबंधक को भी शाल और श्रीफल से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सहकारिता उप आयुक्त सतीश कुमार पाटले, उपसंचालक डॉ. एस.के. मिश्रा, सहायक संचालक आर.डी. सिंह, नोडल अधिकारी सहकारी बैंक श्री रवि प्रकाश मिश्रा सहित सहकारिता विभाग के अन्य कर्मचारी और समिति प्रबंधक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अंकेक्षण अधिकारी ऋषि कुमार ध्रुव ने किया और आभार नोडल अधिकारी श्री रवि मिश्रा ने दिया।

संयुक्त संचालक ने बताया डीपीसी हो चुकी

प्रधान पाठक पदोन्नति बहुत जल्द जारी करने का जेडी ने दिया भरोसा

बेमेतरा। उच्च वर्ग शिक्षक से माध्यमिक शाला प्रधान पाठक पद्दोन्नति में विलंब को लेकर विनोद गुप्ता, ओम प्रकाश पांडेय, कमल वैष्णव ने संयुक्त संचालक आरएल ठाकुर एवं सहायक संचालक केके शुक्ला से मुलाकात कर पद्दोन्नति में हो रहे विलंब को लेकर चर्चा किया।

जिस पर संयुक्त संचालक दुर्ग द्वारा बताया गया कि डीपीसी हो चुकी है, सूची मुझ तक आ गई है, परीक्षण उपरांत तत्काल जारी कर दिया जाएगा। इ एवं टी संवर्ग में कुल कितने पद्दोन्नति होगी पूछने पर बताया गया कि 623 पद ई संवर्ग और 95 पद टी संवर्ग के लिए हैं, संख्या में बदलाव हो सकता हैं। पूर्व के चर्चा में जेडी से मांग किया गया था कि पद्दोन्नति के पूर्व तक सभी रिक्त पदों में पद्दोन्नति की जाए, उसी के अनुरूप दिसम्बर तक का रिक्त पद लिया जा रहा है।

3 तारीख तक काउंसलिंग करने का आग्रह

पद्दोन्नति सूची जारी करने के उपरांत 3 तारीख तक काउंसलिंग करने का आग्रह किया गया है। सहायक शिक्षक से उच्च वर्ग शिक्षक संस्कृत विषय पर चर्चा किया गया, जो कोर्ट के अधीन था, इस संबंध में उनके द्वारा बताया गया कि न्यायालय से जो निर्देश प्राप्त हुआ है, उसी के अनुरूप परीक्षण करके जारी किया जाएगा, इस मामले में समस्त दस्तावेज जेडी कार्यालय में हैं, अतिरिक्त जानकारी मंगाने की आवश्यकता नही हैं। उच्च परीक्षा के लिए आज पर्यंत के विषय का अनापत्ति जारी नहीं करने पर बताया कि जिस विषय को यूजीसी से मान्यता नहीं मिला हैं, उनका रुका हैं, शेष जारी किया जा रहा है। जिस पर संघ के सदस्यों द्वारा मांग किया कि अभी तक प्राप्त आवेदन अन्नाप्ति जारी कर दिया जाए और आगामी समय के लिए निर्देश जारी कर किया जाए। चर्चा के दौरान डोंगरगढ़ से श्रवण यदु, रवि शंकर मरकाम, महेंद्र कंवर, जितेंद्र पाल, संतोष धुर्वे, किसुन चन्द्रवंशी, बेमेतरा जिला से एमएल साहू, चंद्र शेखर जंघेल, योगेश्वर साहू उपस्थित रहें।

सभी नागरिकों से प्रकृति परीक्षण कराने का निवेदन

नगरी/नवप्रदेश। प्रकृति परीक्षण÷ भारत सरकार के आयुष मंत्रालय के तत्वाधान में संविधान दिवस के दिन प्रारंभ देश का ÷प्रकृति परीक्षण÷ अभियान चल रहा है।महेन्द्र नेताम, सरपंच ग्राम पंचायत, मुनईकेरा देश एवं नगरी सिहावा क्षेत्र के सभी नागरिकों से निवेदन किया है कि सभी प्रकृति परीक्षण कराकर देश के यशस्वी प्रधानमंत्री के द्वारा जनहित के लिए प्रकृति परीक्षण कार्यक्रम को आगे बढ़ाएं एवं स्वस्थ समाज का निर्माण में सहयोग करें। प्रदेश में अब तक 5 लाख से ज्यादा नागरिकों का आयुर्वेदिक सिद्धांत के अनुसार प्रकृति वात, पित्त, कफका परीक्षण किया जा चुका है।

गांव के विकास में स्थानीय जनप्रतिनिधि व वरिष्ठ निभा सकते हैं अग्रणी भूमिका : रंजना साहू

धमतरी/नवप्रदेश। धमतरी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सरसोंपुरी में यादव समाज की बहु प्रतीक्षित मांग समाजिक भवन की स्वीकृति दिलाकर भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक श्रीमती रंजना डीपेंद्र साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर यादव समाज के सपनों को साकार करते हुए उनके सामाजिक भवन का फीता काट कर लोकार्पण पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष बालाराम साहू, यादव समाज प्रदेश उपाध्यक्ष भगत यादव, पूरी सोसायटी समिति अध्यक्ष चिरौंजी साहू, ग्राम पंचायत सरपंच पोषण रिंकू सेन सहित समाजजनों व ग्रामवासियों की उपस्थिति में किए। श्रीमती रंजना साहू ने उपस्थित सभी को नवीन भवन की बधाई देते हुए कहा कि गांव के विकास में स्थानीय जनप्रतिनिधि चाहे वह सरपंच हो या पंच, या गांव के वरिष्ठजन अग्रणी भूमिका निभा सकते

हैं, क्योंकि उनकी विचारधारा सदैव गांव के विकास से जुड़ी होती है। श्रीमती साहू ने आगे कहा कि प्रदेश में भाजपा की सरकार आने से पुनः विकास कार्यों को प्रगति मिली है, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सरकार जनहित कार्यों को प्राथमिकता से पूरा कर रही है। भगत यादव ने समाजिक बंधुओं को भवन स्वीकृत कर लोकार्पण करने के लिए पूर्व विधायक रंजना साहू को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि विकास कभी रुक नहीं सकती जब हमारे क्षेत्र में सबसे सक्रिय जनप्रतिनिधि रंजना साहू हो, जिन्होंने हमेशा सर्वहित के लिए गांव हो शहर सभी के लिए जनहित के लिए कार्य किए हैं।

कंसौधन वैश्य गुप्ता समाज के नवनियुक्त पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण

धमतरी। आज कंसौधन वैश्य गुप्ता समाज धमतरी के नव नियुक्त पदाधिकारीयों का शपथ ग्रहण समारोह, बच्चों का प्रतिभा सम्मान समारोह, नवविवाहित जोड़ो का सम्मान , रक्तदान करने वालो का सम्मान समारोह का आयोजन रत्नाबांधा मंगलम भवन में किया गया । जिसमे जिला गुप्ता समाज के पदाधिकारी व सामाजिक जन बड़ी संख्या में उपस्थित रहें । विधायक ओंकार साहू व उपस्थित अतिथियो नें समाज के ईष्ट पूज्य कश्यप ऋषि व महर्षि संत कबीर का पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया तत्पश्चात बच्चों नें कार्यक्रम के दौरान नृत्य प्रस्तुत कर लोगों का उत्साह बाढ़या । विधायक नें समाज को सम्बोधित करते हुए कहा गुप्ता समाज बहुत ही प्रगतिशील समाज हैं उन्होंने

कहा किसी भी समाज के विकास के लिए शिक्षा बहुत जरुरी होता हैं। साथ में उन्होंने कहा मृत्यु भोज में विभिन्न प्रकार के पकवान बनाने कि जगह सादा भोजन परोस कर शोक कार्यक्रम को सम्पन्न बनाना चाहिए। क्योंकि परिवार में शोक का समय होता हैं । तत्पश्चात विधायक महादेय नें नवनियुक्त गुप्ता समाज के पदाधिकारीयों को शपथ दिलाकर उन्हें समाज के उत्थान के लिए तन - मन- धन से समर्पित रहने को कहा और इसी तरताम्या में प्रतिभागी प्रतिभावान बच्चो व रक्तदान करके समाज सेवा करने वाले सामाजिक जनों को प्रतीक चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस समारोह में मुख्य रूप से धमतरी विधायक ओंकार साहू ,प्रदीप गुप्ता जी अध्यक्ष गुप्ता समाज, राजेश गुप्ता उपाध्यक्ष, विजय साहेब गोस्वामी सचिव , प्रकाश गुप्ता , संजय गुप्ता कोषाध्यक्ष, नारायण प्रसाद गुप्ता , राजेंद्र गुप्ता, अमरनाथ गुप्ता जी, किरण साहेब, धनराज गुप्ता, संजय गुप्ता, डा. राधेश्याम गुप्ता , विजय गोस्वामी, अनिल साहेब, राहुल साहेब , दिलीप गुप्ता, प्रगति गोस्वामी, स्वेता गुप्ता , संगीता गुप्ता साथ में बड़ी संख्या में मातृ शक्ति व सामाजिक जनों कि उपस्थिति रही।

संविदा कर्मचारी चुप नहीं बैठेंगे... जब तक सभी मांग पूरी नहीं हो जाती, आंदोलन कर सरकार को मजबूर करेंगे

सुशासन दिवस पर संविदा एनएचएम कर्मियों ने लिया हक की लड़ाई का संकल्प

गरियाबंद। भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के 100वें जन्मदिन को सुशासन दिवस मनाया जा रहा है। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग के संविदा कर्मियों ने अपनी पीड़ा व्यक्त की है। अपने हक की लड़ाई को अब और तेज करने का संकल्प इस सुशासन दिवस में सभी संविदा एनएचएम कर्मचारियों ने लिया है और जब तक सभी मांग पूरी नहीं हो जाती। आंदोलन सहित सभी तरह से सरकार को मजबूर करेंगे।

उनका कहा है कि अपने वादे को भुलाकर छत्तीसगढ़ सरकार सुशासन का खोखला दावा कर रही जब तक संविदा कर्मचारी भूखे हैं, उनका परिवार मजबूर है। तब तक सुशासन की पोल खोलने संविदा कर्मचारी चुप नहीं बैठेंगे। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संविदा कर्मचारियों को कहना है इस सरकार से हमको बहुत ही भरोसा है और निश्चित रूप से स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण मसलों को ध्यान में रखते हुए.एन एच एम में कार्य कर रहे संविदा कर्मचारियों को नियमितीकरण सहित नियमित कर्मचारियों की जैसे सुविधा मिले। एन एच एम कर्मचारियों का कहना

हैं। भारतरत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी जी का सपना साकार हो सच्चा सुशासन सभी कर्मचारियों को प्राप्त हो और उनके जीवन में में सुधार हो, कर्मचारियों का कहना हैं कि छत्तीसगढ़ सरकार इस ओर सकारात्मक पहल करते हुए नियमितीकरण की सौगात देने में देरी न करें और उनके सपना साकार हो।

कर्मचारी बोले, शासन की शोषणकारी नीति

ग्रामीण व शहरी आम जनता को स्वास्थ्य के क्षेत्र में अनेकों प्रकार से लाभ मिल रहा पर इसे सुचारु रूप से दिनरात मेहनत कर चलाने वाले कर्मचारियों को संविदा जैसे शोषणकारी नीति नियम के जाल में फंसा कर प्रताड़ना के सभी हद को पार कर दिया है। समान काम समान वेतन के मूल नीति भुलकर मनमर्जी का नियम बनाते हैं। और संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों के लिए नियमित कर्मचारियों को मिलने वाले आधारभूत सुविधाओं से वंचित रखकर सुशासन का ढोल पीटकर शासन प्रशासन क्या साबित करना चाहते हैं। जबकि चुनावी घोषणा में 100 दिन में संविदा कर्मचारियों के सभी विसंगतियों को दूर कर उनकी मांगों को पूरा करने का वादा था।

प्रधानमंत्री के रूप अनेक यादगार कार्य किए थे अटल जी ने: विजय मोटवानी

धमतरी/नवप्रदेश। आजादी के बाद पहली बार आजाद भारत के प्रधानमंत्री के रूप में ऐतिहासिक नेतृत्वकर्ता स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई की जयंती पर आमापारा वार्ड के पार्षद विजय मोटवानी ने उन्हें शत-शत नमन करते हुए कहा है कि दृढ़ निश्चय, कठोर परिश्रम तथा राष्ट्र के प्रति समर्पण का सदैव भाव रखने वाले अटल जी का पूरा देश हमेशा ऋणी रहेगा। श्री मोटवानी ने आगे कहा है कि उन्होंने भारत के शौर्य साहस और पराक्रम का लोहा मनवाते हुए पोखरण में परमाणु विस्फोट कर महा शक्तियों को भी

इस बात के लिए सोचने पर मजबूर कर दिया कि सैन्य शक्ति के दृष्टिकोण से भारत किसी से कमजोर नहीं वहीं दूसरी ओर विश्व के सबसे दुर्गम एवं ऊंचे युद्ध मैदान कारगिल पर विजय का तिरंगा फहराकर अपने नेक इरादे को बता दिया कि भारत की तरफआंख उठा कर देखने वाले की खैर नहीं है।

न्यूज गैलरी

18 दिवसीय संत समागम एवं सुंदरकांड महाकुंभ आज से

राजनांदगांव/नवप्रदेश। श्री श्याम के दीवाने एवं हनुमान भक्तों के द्वारा श्री सुंदरकांड पाठ की अनवरत सेवा वर्ष 2015 से चल रही है । 108 पाठ पूर्ण होने पर विशेष महोत्सव के रूप में 108 जोड़ो के द्वारा सामूहिक पाठ करने अभी तक दो दिवसीय , पांच दिवसीय , नौ दिवसीय भव्य आयोजन संपन्न किया गए , अब तक सत्रह माला की पूर्णाहुति हो चुकी है एवं अठारहवीं माला के 107 पाठ पूर्ण हो चुके है । इस अठारहवीं माला की पूर्णाहुति पर अठारह दिवसीय भव्य संत समागम एवं सुंदरकांड महोत्सव महाकुंभ का आयोजन आज 27 दिसंबर गुरुवार से होने जा रहा है ।

पंथी जीवन में उत्साहित के साथ करती हैं ऊर्जा का संचार–छाबड़ा

बेमेतरा/नवप्रदेश। पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ग्राम अछोली में आयोजित बाबा घासीदास जयंती में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। जहां उन्होंने उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि परम पूज्य बाबा गुरु घासीदास की जयंती के अवसर पर सतनामी समाज के द्वारा जयंती का जो आयोजन किया गया हैं वह बहुत ही सराहनीय हैं। बाबा गुरु घासीदास ने हमें जीवन जीने का तरीका सिखाया हैं, मनखे के मनखे के एक समान का संदेश दिया हैं।

नवनियुक्त सोसायटी अध्यक्ष दोहाई लाल वर्मा के कार्यभार शपथ ग्रहण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि विधायक साहू हुए शामिल

दोहाई लाल वर्मा बेमेतरा सेवा सहकारी समिति का अध्यक्ष मनोनीत

बेमेतरा/नवप्रदेश। बेमेतरा विधानसभा के विभिन्न सेवा सहकारी समितियों में प्राधिकृत अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। जिनमें बेमेतरा विस अंतर्गत क्षेत्रीय विधायक दीपेश साहू की अनुशंसा पर भाजपा नेता दोहाई लाल वर्मा को बेमेतरा के सेवा सहकारी समिति का अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। गुरुवार को कृषि उपज मंडी में नवनियुक्त मनोनीत अध्यक्ष दोहाई लाल का कार्यभार शपथ ग्रहण समारोह रखा गया था, जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में बेमेतरा विधायक दीपेश साहू शामिल हुए। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा छत्तीसगढ़ महतारी की छाया चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन कर शुरुआत किया गया। तत्पश्चात समस्त अतिथियों का स्वागत किया गया और स्वगात भाषण समिति प्रबंधक विनोद कुमार राजपूत ने किया। इस दौरान विधायक नवनियुक्त अध्यक्ष दोहाई लाल वर्मा नव विधायक साहू का बुके श्री फ्ल

एवं शाल भेटकर स्वागत किया और नवनियुक्त अध्यक्ष मनोनीत होने पर विधायक दीपेश साहू का आभार प्रकट किया। तत्पश्चात स्कुल बालिकाओं द्वारा छत्तीसगढ़िया गाने पर शानदार मनमोहक प्रस्तुति देते हुए कार्यक्रम में शमा बाँधी।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक दीपेश साहू ने कार्यभार शपथ ग्रहण समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि साय सरकार किसानों की हितैषी हैं, किसानों के धान का एक एक दाना सरकार लेगी। जिलें में बेमेतरा सोसायटी को बेहतर सोसायटी माना जाता हैं, यह किसानों की सोसायटी हैं, हम सब को मिल कर काम करना हैं। इस दौरान कार्यक्रम में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, महेश साहू, नवनियुक्त अध्यक्ष दोहाई लाल वर्मा, नगर पालिका उपाध्यक्ष पंचूराम साहू, विकाश तंबोली, मोंटी साहू, नीलू राजपूत पार्षद, नरेश साहू, देव राम साहू, युगल देवांगन, धर्मेंद्र साहू, शोभनाथ ध्रुव पार्षद, लक्ष्मी लहरे पार्षद, नीतू कोठारी पार्षद, अवध राम साहू, ममता साहू, संतोष वर्मा, साधेलात बघेल, राकेश मोहन शर्मा, लक्की साहू, मीनू पटेल, ओमेश्वरी साहू, कार्यकर्त्तागण, समिति के समस्त अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

सुशासन का एक साल, छत्तीसगढ़ हुआ खुशहाल

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 27 दिसम्बर को स्वामित्व कार्ड आबादी के अधिकार अभिलेख वितरण कार्यक्रम में करेंगे शिरकत

धमतरी/नवप्रदेश। सुशासन का एक साल, छत्तीसगढ़ हुआ खुशहाल के तहत 27 दिसम्बर को स्थानीय डॉ.शोभाराम देवांगन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धमतरी के एकलव्य खेल परिसर में दोपहर 12 बजे स्वामित्व कार्ड, आबादी के अधिकार अभिलेख वितरण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय शिरकत करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश के खेल एवं युवा कल्याण, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन तथा जिले के प्रभारी मंत्री श्री टंकराम वर्मा द्वारा की जाएगी। विशिष्ट अतिथि के तौर पर छ.ग.राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष श्री नेहरू राम निषाद, सांसद लोकसभा क्षेत्र महासमुंद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी, सांसद लोकसभा क्षेत्र कांकेर श्री भोजराज नाग, विधायक कुरूद श्री अजय चन्द्राकर, विधायक धमतरी श्री ओंकार साहू, विधायक सिहावा श्री अंबिका मरकाम, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कांति सोनवानी और महापौर नगरनिगम धमतरी श्री विजय देवांगन उपस्थित रहेंगे। कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी ने आज कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया। इस अवसर पर कलेक्टर ने मंच व्यवस्था, बैठक व्यवस्था, पेयजल, पार्किंग व्यवस्था, स्टॉल लगाने की व्यवस्था, पानी, बिजली इत्यादि व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जन सहभागिता से किया गया कार्य सबके हितों के लिए होता है : सांसद रुप कुमारी चौधरी

धमतरी/नवप्रदेश। ग्राम पोटियाडीह में वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान समारोह, सांसद निधि से निर्मित साहू समाज भवन का लोकार्पण एवं धीवर समाज भवन का लोकार्पण कार्यक्रम आयोजित किया गया, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महासमुंद सांसद श्रीमती रूप कुमारी चौधरी, अध्यक्षता भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक धमतरी श्रीमती रंजना साहू, विशिष्ट अतिथि पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष नेहरू निषाद, जनपद सदस्य अनिल तिवारी, झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक महेंद्र पंडित की गरिमामय उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। अतिथियों द्वारा धार्मिक, राजनीतिक, व्यवसायिक, शिक्षा क्षेत्र के मेधावी छात्र-छात्राओं, विभिन्न क्षेत्रों के प्रमुख व्यक्तियों का सम्मान, मितानिन, स्वच्छता दूत, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का सम्मान प्रतीक चिन्ह देकर किया गया। साथ ही गांव के वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान किया गया। सभी निर्माण कार्यों को समाज व ग्रामीणों को समर्पित करते हुए महासमुंद सांसद रुपकुमारी चौधरी ने कहा कि जन सहभागिता से किया गया कार्य सबके हितों के लिए होता है, गांव के विकास में जनप्रतिनिधि के सहयोग के साथ साथ क्षेत्र के स्थानीय जनप्रतिनिधि व ग्रामीणों का सहयोग होना आवश्यक है, तभी विकास की सार्थकता सिद्ध होती है। रंजना साहू ने बताया कि वरिष्ठजनों का सम्मान हमारी सनातन संस्कृति की पहचान है।

पुलिस की नौकरी पाने कड़े मेहनत से पीछे नहीं है युवा

भाटापारा/नवप्रदेश। नगर के युवाओं में प्रदेश की विष्णु देव सरकार के सत्ता संभालते ही काफी उम्मीद जाग उठी है। वही सरकार ने भी प्रदेश के युवाओं के लिए रोजगार के दरवाजे खोलते हुए विभिन्न विभागों में नए-नए पदों में नियुक्तियों के लिए अवसर देने का काम शुरू किया है सबसे ज्यादा उत्साह तो इन दिनों पुलिस विभाग में जाने के लिए देखने को मिल रहा है ।

बैहाटोला में मना वीर बाल दिवस, बलिदानी वीर सपूतों को दी श्रद्धांजलि

खैरागढ़/नवप्रदेश। ग्राम बैहाटोला शास प्राथमिक शाला में वीर बाल दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नरोत्तम सिन्हा अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष पांडादाह गोरे लाल वर्मा ने की। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता व वीर बलिदानी बच्चों के तैल चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। मुख्य अतिथि सिन्हा ने वीर बाल दिवस मनाने के उद्देश्य पर प्रकाश डाला,उन्होंने कहा कि सिक्ख संप्रदाय के धर्मगुरु गुरुगोविंद सिंह के पुत्र अजीत सिंह,जुझार सिंह,जोरावर सिंह और फतेह सिंह ने किस तरह अपने देश और धर्म की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी।

न्यायालय विवाह अधिकारी एवं अपर कलेक्टर दुर्ग (छ.ग.)

क्रमांक: /प्रस्तुतकार/वि.अधि./2024-25

फार्म-अ

सार्वजनिक सूचना (विषय-6 देखिये)

सर्वसाधारण को जानकारी के लिए अधिसूचित किया जाता है कि आवेदक मोतरु शैलेश कुमार पिता एम. सुरेश कुमार निवासी बी-305 आनंदपुरम फेस-01 मोतीलाल नेहरु नगर भिलाई जिला दुर्ग छ.ग. आवेदिका प्रतिभा प्रसाद पिता कोमल प्रसाद निवासी 19 ई सड़क नंबर 4 सेक्टर-1 भिलाईनगर तह. व जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 के अंतर्गत अपने विवाह के लिए आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तावित विवाह के आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में दिनांक 31.12.2024 के पूर्व निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी तथा यह शून्य माना जावेगा।

आज दिनांक 23.12.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा सहित जारी है।

मुहर — अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 40/अ-20(3)/ वर्ष 2024-25

आवेदक विजय ताम्रकार आ. स्व. मंगल प्रसाद ताम्रकार निवासी वार्ड नं. 32 बनियापारा दुर्ग द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि दुर्ग स्थित नजूल भूमि शीट कं. 28 डी प्लाट नं. 228 क्षेत्रफ्ल 186 वर्गमीटर भूमि धारकगण कुमारी बाई बे. मंगल प्रसाद, अजय, विजय, संजय पिस.स्व. मंगल प्रसाद बनिया पारा दुर्ग के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। सहधारक कुमारी बाई की मृत्यु दिनांक 06.10.2024 को हो चुकी है। सहधारक कुमारी बाई द्वारा अपने जीवनकाल में अपने हक हिस्से की उक्त भूखण्ड का टु. क्षेत्रफ्ल 46.5 वर्गमीटर भूमि आवेदक सहित अपने अन्य सहधारक पुत्रों अजय कुमार, विजय कुमार, संजय के पक्ष में पंजीकृत हक त्याग पत्र दिनांक 30.08.2024 को निष्पादित किया है। आवेदक द्वारा उक्त पंजीकृत हक त्याग पत्र के आधार पर प्रश्नाधीन भूखण्ड से हक त्यागकर्ता सहधारक का नाम विलोपित कर हक प्राप्तकर्तागण का नाम नजूल अभिलेख में यथावत रखे जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा या आपत्ति हो, तो प्रकरण की सुनवाई दिनांक 15.01.2025 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः या किसी व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिसे भू-खंड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावे। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आक्षेप/आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 23.12.2024 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर — नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार बोरी जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202412102700003 /ब-121/वर्ष 2024-25

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदिका राजेश्वरी वैष्णव पिता तिलकदास वैष्णव निवासी ग्राम सेमरिया, तहसील बोरी, जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि ग्राम सेमरिया, प.ह.नं.-08, रा.नि.म. बोरी, तहसील बोरी, जिला दुर्ग में राजेश्वरी वैष्णव पिता तिलकदास वैष्णव की मृत्यु दिनांक 04.06.1990 को ग्राम सेमरिया, तहसील बोरी, जिला दुर्ग में होने के कारण मृत्यु प्रमाण पत्र आदेश प्रदाय बाबत् आवेदन पत्र मय शपथ-पत्र, पुलीस जॉच रिपोर्ट, ग्राम पंचायत अप्राप्यता प्रमाण पत्र, पटवारी प्रतिवेदन एवं जिला योजना एवं सांख्यिकी विभाग जिला दुर्ग का अनुपलब्धता प्रमाण पत्र संलग्न कर पेश किया गया है, जोकि इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः आवेदिका को उपरोक्तानुसार मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति/दावा हो तो वे नियत समय में स्वयं अथवा अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ सुनवाई दिनांक 14/01/2025 को या उसके पूर्व उपस्थित होकर अपना आपत्ति / दावा प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 26/12/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार बोरी जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार बोरी जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202412102700004 /ब-121/वर्ष 2024-25

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदिका धनेश्वरी पिता सुरेन्द्र बन निवासी ग्राम सेमरिया, तहसील बोरी, जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि ग्राम सेमरिया, प.ह.नं.-08, रा.नि.म. बोरी तहसील बोरी जिला दुर्ग में स्वयं धनेश्वरी पिता सुरेन्द्र बन का जन्म दिनांक 09.12.1983 को ग्राम सेमरिया तहसील बोरी जिला दुर्ग में होने के कारण जन्म प्रमाण पत्र आदेश प्रदाय बाबत् आवेदन पत्र मय शपथ-पत्र, पुलीस जॉच रिपोर्ट, ग्राम पंचायत अप्राप्यता प्रमाण पत्र, पटवारी प्रतिवेदन संलग्न कर पेश किया गया है, जोकि इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः आवेदिका को उपरोक्तानुसार जन्म प्रमाण पत्र जारी किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति/दावा हो तो वे नियत समय में स्वयं अथवा अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ सुनवाई दिनांक 14/01/2025 को या उसके पूर्व उपस्थित होकर अपना आपत्ति / दावा प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 26/12/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार बोरी जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-74/वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कार्यालय कलेक्टर जिला-दुर्ग का ज्ञापन कं./9137/वरि.लि.प्र./2024 दुर्ग दिनांक 24/10/2024 के अनुसार आवेदिका श्रीमती सरोजनी सागर पति स्व. कृष्णा कुमार सागर निवासी म.नं.-352, वार्ड नं.-19, तितुरडीह, दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा अपने पति स्व. कृष्णा कुमार सागर पिता स्व. कपूर सागर जो कि रेल्वे के कमर्शियल विभाग में चीफ कमर्शियल क्लर्क के पद पर पदस्थ थे, जिनकी मृत्यु दिनांक 04/05/2023 को हो चुकी है। मृतक के वैध वारिसान के रूप में पत्नि- श्रीमती सरोजनी सागर, पुत्र-राहुल सागर, रोहित सागर होने से मृतक के शासकीय देयकों के भुगतान हेतु उत्तराधिकारी प्रमाण पत्र हेतु आवेदन पत्र जांच एवं प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय में प्राप्त हुआ है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 09/01/2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 23/12/2024 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र./अ-6अ/वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक राजेश कुमार मिश्रा पिता स्व. एस.एन. मिश्रा निवासी स्ट्रीट न 05 शक्ति विहार रिसाली भिलाई (छ.ग.) द्वारा मौजा रिसाली प.ह.न.19 रा.नि.म. रिसाली स्थित भूमि खसरा न. 191/8 का टुकड़ा क्षेत्रफ्ल 2,000 वर्गफीट भूमि को विक्रेता हिदेराम वल्द सरजू यादव निवासी रिसाली से पंजीकृत बैनामा दिनांक 05.08.1986 को केता एस.एन. मिश्रा (आवेदक के पिता) द्वारा कय किया गया था जिसे प्रमाणीकरण कर केता एस.एन. मिश्रा के नाम पर दर्ज कर केता को नया खसरा न. 191/73 रकबा 0.02 हे भूमि अभिलेखों में प्रविष्ठि की गई थी जो उक्त भूमि बन्दोबस्त नया खसरा न. 492/7 रकबा 0.02 हे. भूमि के स्थान पर रकबा 0.01 हे. अभिलेखों में दर्ज कर दी गई है। बंदोबस्त बाद का रकबा 0.02 हे. के स्थान पर रकबा 0.01 हे. त्रुटिपूर्ण अशुद्ध प्रविष्टि राजस्व अभिलेख में कर दी गई है जिसे सुधार कर भूमि का सही क्षेत्रफ्ल 0.02 हे. दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएवं इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो नियत पेशी दिनांक 22/01/2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 23/12/2024 को यह ईश्तहार मेरे उबयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा के साथ जारी किया गया ।

मुहर — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 05/अ-20(1)/ वर्ष 2024-25

आवेदक नवनीत सिंह कश्यप आ. स्व. एस.एस. कश्यप निवासी आमदी नगर हुडको भिलाई द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि आमदी नगर हुडको भिलाई में स्थित खसरा नं. 1/2, 2/2 का दु. प्लाट नं. एम.आई.जी.2/430 क्षेत्रफ्ल 160 वर्गमीटर भूमि आवेदक के पिताजी एस.एस. कश्यप को भिलाई इस्पात संयंत्र, भिलाई द्वारा आबंटित किया गया है। आबंटिती एस.एस. कश्यप की मृत्यु दिनांक 04.08.1992 को एवं उनकी पत्नि अर्चना कश्यप की मृत्यु दिनांक 12.10.2024 को हो चुकी है। मृतक आबंटिती के वारिसान पुत्र नवगीत सिंह कश्यप, नितिन सिंह कश्यप है। आवेदक द्वारा प्रश्नाधीन भूखण्ड का आबंटिती के वारिसानों के नाम पर नामान्तरण करते हुए नवीन पटटा जारी किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा या आपत्ति हो, तो प्रकरण की सुनवाई दिनांक 15.01.2025 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः या किसी व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिसे भू-खंड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावे। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आक्षेप/आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 23.12.2024 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर — नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

छत्तीसगढ़ शासन वन विभाग
सुकमा वनमण्डल, सुकमा जिला सुकमा (छ.ग.)

ईमारती काष्ठ का नीलाम विज्ञापन सुकमा वन मण्डल सुकमा, जगदलपुर वृत्त जगदलपुर

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है जगदलपुर वृत्त के सुकमा वन मण्डल के अन्तर्गत सुकमा काष्ठागार में संग्रहित ईमारती काष्ठ का ई-नीलाम दिनांक 02/01/2025 समय प्रातः 09.00 बजे से ई-ऑक्सन द्वारा निवर्तन किया जावेगा ।

अतः इच्छुक व्यापारियों ई-ऑक्सन में अवश्य भाग लेवें। ई-ऑक्सन की शर्ते व अन्य जानकारियों कार्यालयीन दिवसों में काष्ठागार अधिकारी या वनमण्डल कार्यालय सुकमा से प्राप्त की जा सकती है ।

सुकमा काष्ठागार में ईमारती काष्ठ की मात्रा

प्रजाति	पुराना काष्ठ की मात्रा		
	लट्ठा घ.मी.	बल्ली नग	डेंगरी नग
सागौन	283.726	126	388
साल	4.108	0	0
बीजा	48.334	35	0
साजा	1.781	82	0
हल्दु	3.579	0	0
अन्य	71.876	468	0
शिवना	1.031	6	0
योग	**414.435**	**717**	**0**

टीप :- 1. क्रेता को ई-ऑक्सन के पूर्व एम.एस.टी.सी. ई-कार्मस पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है ।
2. केताओं को ई-ऑक्सन के पूर्व कय लाटो के अपसेट प्राईज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने वॉलेट में रखना अनिवार्य है। सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर शेष 15 प्रतिशत ई.एम.डी. की राशि जमा करना अनिवार्य है ।
3. लॉट की थप्पी एवं फोटो एम.एस.टी.सी. ई-कार्मस पोर्टल में अपने आई.डी. से लॉगईन करके देख सकते है ।

जी-242504879/4 — वनमण्डलाधिकारी सुकमा वनमण्डल, सुकमा

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रमांक-10)
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
Email: rmczone10@gmail.com

ईश्तहार

नामंतरण प्र.क्र. 16785 दिनांक 24.12.2024
वार्ड का नाम 56 - अरविंद दीक्षित वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 56 में स्थित भवन/भूमि जिसकी प्राप्टी आई.डी. RPR447C00153 जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती CHANDER ARORA पिता/पति श्री/श्रीमती --- के नाम से दर्ज है। जिसको श्री/श्रीमती SMT AARTI ARORA पिता/पति श्री/श्रीमती W/O LT. SHRI CHANDER ARORA ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सहपत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख के अनुसार द्वारा प्राप्त आवेदन नगर निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के अंतर्गत किया है। यदि किसी व्यक्ति/ संस्था के पास उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में कोई स्वामित्व या दावा है, तो प्रकाशन के 30 दिनों के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित रूप में अपना दावा प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के बाद प्राप्त दावे/आपत्तियों पर कोई सुनवाई नहीं की जायेगी जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे — श्री राकेश शर्मा (जोन कमिश्नर) जोन (10) नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02, शंकर नगर, रायपुर (छ.ग.)
फोन नं. 0771-4903223
Email ID: eocghbzone2@gmail.com

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाात है कि सामान्य आवास योजनांतर्गत शंकर नगर, रायपुर में स्थित भवन क्र. एम.आई.जी.-40, सेक्टर 02 श्री हसमत राय गजवानी पिता स्व. रिझूमल गजवानी को इस कार्यालय के आबंटन आदेश क्र. 2142-49 दिनांक 21.01.1982 के माध्यम से आबंटित है। उक्त भवन का पूर्णमूल्य जमा कर दि. 07.03.1995 को सेलडीड पंजीकृत करा लिया गया है। वर्तमान में आबंटी श्री हसमत राय गजवानी पिता श्री रिझूमल गजवानी की मृत्यु दिनांक 17.05.2012 को हो जाने के कारण उनके पुत्र श्री विजय कुमार गजवानी पिता स्व. हरीशचंद गजवानी निवासी जी-03, आदर्श नगर वार्ड नं. 42, दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा अपने नाम पर नामांतरण करने हेतु निर्धारित आवेदन पत्र, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र अन्य वारिसानों का सहमति पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेज के आधार पर उपरोक्त भवन को उनके पुत्र श्री विजय कुमार गजवानी पिता स्व. हरीशचंद्र गजवानी के नाम पर नामांतरण किया जाना है।

अतः उक्त भवन के नाह्यमांतरण के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02, रायपुर

ईश्तहार
-: भवन/भूमि दावा आपत्ति :-

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि अमलेश्वर नगरीय सीमा क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 01 स्थित भवन वुड आई लैण्ड अन्नेक्स कालोनी जो कि नगर पालिका परिषद अमलेश्वर के डिमांड पंजी में श्री निरांश पटेल पिता श्री राजेन्द्र आर. पटेल के नाम पर दर्ज है। जिसका मकान हस्तांतरण विक्रय विलेख पत्र के उपरांत 1. यशस्वी अग्रवाल पिता श्री अनिल अग्रवाल 2, श्रीमती सरोज शर्मा पति श्री श्रीकांत शर्मा द्वारा बैनामा प्राप्त कर डिमांड पंजी में नाम परिवर्तन/नामांकरण हेतु आवेदन पत्र दस्तावेज इस कार्यालय में प्रस्तुत किया गया है।

छ.ग. नगर पालिका अधिनियम 1961 धारा 150 अंतर्गत नगर पालिका की डिमांड पंजी में स्वामित्व के रूप में नामांतरण हेतु संबंधित प्रकाशन दिनांक से 30 दिन के भीतर लिखित आपत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर सकते हैं, तत्संबंध में प्रशासक/मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा विचार किया जा सकता है प्रकाशन के समयावधि पश्चात आपत्ति पर विचार नहीं किय जावेगा एवं आवेदक 1. यशस्वी अग्रवाल पिता श्री अनिल अग्रवाल 2. श्रीमती सरोज शर्मा पति श्री श्रीकांत शर्मा के नाम से दर्ज किया जावेगा।

सील — मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद अमलेश्वर

कार्यालय पुलिस अधीक्षक जिला-नारायणपुर (छ.ग.)

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा क्रमांक /M- 1438/पुअ/ना. पुर/एसी-1/2024-25/ नारायणपुर, दिनांक 12/12/2024

पुलिस अधीक्षक, नारायणपुर की ओर से निम्नलिखित निर्माण कार्य के लिए मुहरबंद निविदायें प्रपत्र-अ में प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग रायपुर द्वारा 01.01.2015 (भवन) एवं निविदा जारी दिनांक तक संशोधित वर अनुसूची के आधार पर लोक निर्माण विभाग के एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत पंजीकृत सक्षम ठेकेदार ('डी' श्रेणी एवं अधिक) पंजीकृत ठेकेदारों से दो लिफाफा पद्धति, जिसमें एक अमानत राशि व दूसरा निविदा प्रपत्र का लिफाफा होगा, निविदा पंजीकृत डाक स्पीड पोस्ट द्वारा आमंत्रित की जाती है। कार्यालय पुलिस अधीक्षक, नारायणपुर में निविदाओं उपस्थित निविदाकार या उनके अधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष खोले जाने की प्रक्रिया प्रारंभ की जावेगी। उक्त तिथि को अपरिहार्य परिस्थिति में निविदा संबंधी कार्यवाही अगले कार्य दिवस को की जावेगी।

(1) निविदा प्रपत्र विक्रय की अंतिम तिथि :- 01.01.2025 के 05.00 बजे तक
(2) निविदा प्राप्ति/जमा की अंतिम तिथि :- 02.01.2025 के 04.00 बजे तक
(3) निविदा खोले जाने की तिथि :- 02.01.2025 के संध्या 5.00 बजे
(4) निविदा प्रपत्र का मूल्य :- 750/- (चालान के माध्यम से पुलिस 0055, 800- अन्य प्राप्तियां)
(5) कार्य पूर्ण करने की अवधि :- 03 माह (वर्षा ऋतु सहित)
(6) ठेके की आमंत्रण क्रमांक :- 'डी' एवं उच्च श्रेणी लोनिवि के श्रेणी के पात्रतानुसार (प्रथम बार)
(7) प्रभावी दर अनुसूची :- लो.नि.वि. द्वारा दिनांक 01 जनवरी 2015 को जारी एस.ओ.आर. में प्रचलित

क्र.	कार्य का विवरण	कार्य की अनुमानित लागत	धरोहर राशि
1.	जिला नारायणपुर क्षेत्रांतर्गत ऑप्स मॉनिटरिंग कमाण्डर्स सेल निर्माण कार्य	18.58 (लाख)	37200/-

नोट :- निविदा संबंधी अन्य जानकारी के लिए पुलिस अधीक्षक, कार्यालय नारायणपुर में सम्पर्क कर सकतें है।

जी-242504871/3 — पुलिस अधीक्षक, नारायणपुर

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-1, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर
email ID-eocghbzone1@gmail.com

आम सूचना

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा कबीर नगर कालोनी रायपुर में निर्मित ई.डब्ल्यू.एस. फ्लैट भवन योजना के अंतर्गत भवनों में से भवन क्रमांक EWS Flat 2/301 Third Floor श्री मोहम्मद करीम खान पिता श्री स्व. मोहम्मद रफातुल्लाह खान को भाड़ाक्रय/पूर्णमूल्य आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा दिनांक 7.1.2020 को विक्रय विलेख निष्पादित कर लिया गया।

आबंटी उक्त भवन के दान हेतु दिनांक 13.12.24 को निष्पादित दान इकरारनामा की छायाप्रति प्रस्तुत कर भवन श्रीमती अजरा खानम पति श्री मोहम्मद करीम खान के नाम से दान करने के लिए दान अनुमति की मांग की है।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/ अर्द्ध शासकीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/ भवन के दान के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अंदर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करे। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं की जावेंगी।

सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01 कबीर नगर, रायपुर

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रमांक-10)
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
Email: rmczone10@gmail.com

ईश्तहार

नामंतरण प्र.क्र. 16336 दिनांक 26.12.2024
वार्ड का नाम 53 - बाबू जगजीवनराम वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 53 में स्थित भवन/भूमि जिसकी प्राप्टी आई.डी. RPR651J00833 जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती PRIYA UDWANI पिता/पति श्री/श्रीमती VIJAY UDWANI के नाम से दर्ज है। जिसको श्री/श्रीमती SATRUPA SAHU पिता/पति श्री/श्रीमती KULDEEP SAHU ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सहपत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/**पंजीकृत विक्रय विलेख** /वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख के अनुसार द्वारा प्राप्त आवेदन नगर निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के अंतर्गत किया है। यदि किसी व्यक्ति/ संस्था के पास उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में कोई स्वामित्व या दावा है, तो प्रकाशन के 30 दिनों के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित रूप में अपना दावा प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के बाद प्राप्त दावे/ आपत्तियों पर कोई सुनवाई नहीं की जायेगी जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे — श्री राकेश शर्मा (जोन कमिश्नर) जोन (10) नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रमांक-10)
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
Email: rmczone10@gmail.com

ईश्तहार

नामंतरण प्र.क्र. 16910 दिनांक 26.12.2024
वार्ड का नाम 53 - बाबू जगजीवनराम वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 53 में स्थित भवन/भूमि जिसकी प्राप्टी आई.डी. RPR651O00116 जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती JUGAL KISHOR CHANDAK पिता/पति श्री/श्रीमती LT. M.G. CHANDAK के नाम से दर्ज है। जिसको श्री/श्रीमती KOMAL JASUJA पिता/पति श्री/श्रीमती W/O VIDYANAND JASUJA ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सहपत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख के अनुसार द्वारा प्राप्त आवेदन नगर निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के अंतर्गत किया है। यदि किसी व्यक्ति/ संस्था के पास उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में कोई स्वामित्व या दावा है, तो प्रकाशन के 30 दिनों के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित रूप में अपना दावा प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के बाद प्राप्त दावे/आपत्तियों पर कोई सुनवाई नहीं की जायेगी जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे — श्री राकेश शर्मा (जोन कमिश्नर) जोन (10) नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

GOVERNMENT OF CHHATTISGARH, WATER RESOURCES DEPARTMENT
OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER
Shivnath Circle DURG (CG)
e-PROCUREMENT TENDER NOTICE
eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in
(1st CALL)

System Tender No.: 163171/NIT No.: 03/EM/Durg /2024-25, Durg, Dated: 24-12-2024
Online Tenders are invited for the following works up to 14-01-2025 at 17.30 Hour

Name of work: **Gate painting work and gate strengthening work at Khatutola Barrage of Dongargarh block of Rajnandgaon District.**

Probable Amount of Contract: **Rs. 45.58 Lakhs**

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh Integrated e-Procurement Portal **(https://eproc.cgstate.gov.in) from Date 31-12-2024 at 17.31 Hours.(IST) onwards.**

NOTE:- All eligible/intrested contractors/bidders are mandated to get enrolled on the Integrated e-procurement portal (https://eproc.cgstate.gov.in) and get approval on specific vendor class from PWD under Centralized Contractor/Supplier Registration in order to download the tender documents and participate in the subsequent bidding process.

G-242504856/4 — Executive Engineer, E/M Light Machinery Tubewell & Gates Division Durg (C.G.), For Superintending Engineer, Shivnath Circle Durg (C.G.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, राजस्व विभाग रायपुर
जोन क्रमांक - 06
नवीन अंतर्राज्यीय बस स्टैण्ड, तृतीय तल, जलगृह मार्ग रावणभाठा
ईमेल-ID rmczone6@gmail.com

क्रमांक- 175/जो.क्र.6/राज.वि./न.पा.वि./न.पा.नि./2024-25 दिनांक 24/12/2024

-:: रूचि की अभिव्यक्ति का आमंत्रण ::-

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि गोकुल नगर, भाठागांव स्थित, गौठान का संचालन एवं संधारण 3 वर्षों के लिए किए जाने हेतु इच्छुक पंजीकृत जीवित सामाजिक संगठन/ एन.जी.ओ. (NGO) रायपुर नगर सीमा क्षेत्र में स्थित हो ऐसे संगठनों/संस्था से **रूचि की अभिव्यक्ति** का आमंत्रण दिनांक 15/01/2025 तक कार्यालयीन समय में किया जाता है, जो भी पंजीकृत जीवित सामाजिक संगठन/एन.जी.ओ. (NGO) रूचि की अभिव्यक्ति में भाग लेना चाहते हैं वह अभिव्यक्ति निर्धारित प्रारूप में दिनांक 10.01.2025 तक कार्यालयीन समय में राशि 5000/रु. जमा कर जोन कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं। रूचि की अभिव्यक्ति के संबंध में विस्तृत जानकारी कार्यालयीन समय में जोन क्र. 06 नगर निगम, रायपुर के कार्यालय से एवं न.पा.नि. रायपुर के nagarnigamraipur.nic.in से प्राप्त कर सकते हैं। अभिव्यक्ति स्पीड पोस्ट के माध्यम से ही जमा कर सकते हैं। इसके अलावा सीधे या अन्य माध्यम से अभिव्यक्ति पर और निर्धारित तिथि उपरांत प्राप्त अभिव्यक्ति में विचार नहीं किया जायेगा। गौठान का नगर निगम द्वारा देय स्वीकृत दर 28.50 रु. है। इसके कम या अधिक दर आमंत्रित है स्वीकृत दर का 100% प्रथम वर्ष में, द्वित.य वर्ष में 75% एवं 50% तृतीय वर्ष में भुगतान देय होगा। सामाजिक संगठन/NGO द्वारा 3 लाख का अमानत राशि आयुक्त नगर पालिक निगम, रायपुर के पक्ष में जमा करना होगा, जो कि निर्धारित नियम शर्तों का उल्लंघन करने पर राजसात, किया जा सकेगा।

घरों से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।

जोन आयुक्त, जोन क्रमांक-06, नगर पालिक निगम, रायपुर

कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग (भ/स) कांकेर संभाग-कांकेर

निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक-4197/एनआईटी-5/2024-2025/ वलेलि — दिनांक 24/12/2024

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 07/01/2025 अपरान्ह 5.30 बजे तक
ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदाएं प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 13/01/2025 अपरान्ह 5.30 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि :- 14/01/2025 प्रातः 11.30 बजे
निविदा प्रपत्र की कीमत (रु. में) :- A= 750.00
निविदाकारों की श्रेणी :- ई-पंजीयन के अंतर्गत श्रेणी 'द' से 'अ' तक

एनआईटी क्र. निविदा क्र.	कार्य का नाम / No Of Calls	कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) राशि अमानत (रु.मे) बैंक साल्वेंसी (रु. में)	कार्य की अवधि
1	2	3	4
T0021	जिला जेल कांकेर में मुख्य दीवार के प्लास्टरिंग का कार्य (कार्य वर्ष 2024-25) प्रथम आमंत्रण	12.25 9200.00 183750.00	02 माह वर्षा ऋतु सहित
T0022	जिला जेल कांकेर में उच्च सुरक्षा वार्ड का निर्माण (कार्य वर्ष 2024- 25) प्रथम आमंत्रण	6.59 5000.00 98900.00	02 माह वर्षा ऋतु सहित
T0023	जिला जेल कांकेर में आवासीय भवनों के लिए सर्विस मार्ग (सी.सी.मार्ग) का निर्माण (कार्य वर्ष 2024-25) प्रथम आमंत्रण	20.51 15400.00 307650.00	03 माह वर्षा ऋतु सहित
T0024	जिला जेल कांकेर के आवासीय भवनों के चारों ओर नाली निर्माण (कार्य वर्ष 2024-25) प्रथम आमंत्रण	2.81 2200.00 42150.00	01 माह वर्षा ऋतु सहित
T0025	जिला जेल कांकेर के आवासीय भवनों के छत में रूफ ग्रेडिंग कार्य (कार्य वर्ष 2024-25) प्रथम आमंत्रण	4.11 3081.00 61650.00	02 माह वर्षा ऋतु सहित
T0026	जिला जेल कांकेर के आवासीय भवनों का जीणोद्धार कार्य (कार्य वर्ष 2024-25) प्रथम आमंत्रण ।	11.11 8500.00 166650.00	03 माह वर्षा ऋतु सहित

निविदा संबंधी शर्ते विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।

जी-242504878/5 — कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग (भ/स) कांकेर संभाग-कांकेर

जीजाबाई महिला मंडल भिलाई

नाउम्मीदी के धरातल पर उम्मीद के बढ़ते कदम..

मातृ शक्ति को मंच प्रदान करता है भिलाई का जीजाबाई महिला मंडल समाज के लिए एक मिसाल

- महिलाएं खुद तो आगे बढ़ रहीं, आत्मनिर्भर भारत के सपनों को भी साकार कर रहीं.
- पौधरोपण हर साल, पर्यावरण को बचाने पॉलिथीन के कम उपयोग पर समाज को जागरूक भी कर रहीं.
- समाजसेवी संस्था के रूप में दीगर संस्थाओं में जाकर जरूरतमंदों, पीड़ितों की सेवा कर अलख जगा रहीं.
- स्त्रियों को समाज में सम्मान दिलाने और घरेलू हिंसा को रोकने मंडल की महिलाएं किसी की पहल का इंतजार नहीं करतीं.

शशांक खरे

नाउम्मीदी के धरातल पर उम्मीद के कदम जब आगे बढ़ते हैं, तो राहें भी आसान हो जाती हैं और मंजिल भी सामने दिखाई देती है। सपना किसी ने देखा होगा, लेकिन जमीन पर उसे उतारने न जाने कितने और सपनों का जन्म होता है, उसे साकार करने न जाने कितने हाथ, कितने कदम उठते हैं, कुछ कहा नहीं जा सकता। भिलाई का जीजाबाई महिला मंडल, सुनहरे सपनों और जीवंत यथार्थ का नायाब उदाहरण है। जो न केवल नारी सशक्तीकरण की दिशा में एक कैंपेन चला रहा है, बल्कि समाज को प्रेरणा भी दे रहा है, कि

व्यर्थ नहीं जाता बोया हुआ पसीना, भले ही उगने में देर हो जाए

समाज सेवा के लिए 11 साल का सफर बहुत कम ही समय होता है। लेकिन, भिलाई की जीजाबाई महिला मंडल ने इन 11 सालों में नारी सशक्तीकरण की दिशा में इतिहास रच दिया है। शुरूआती दौर में कुल 13 महिलाओं ने इस सफर को साथ-साथ शुरू किया, लेकिन आज इस महिला मंडल में ढाई सौ से अधिक महिलाएं समाजसेवा और आत्मनिर्भरता का अलख जगा रही हैं। इस सफर में पहला नाम है, **शशि पारखे** का। जिन्होंने नारी सशक्तीकरण की दिशा में कुछ करने का सपना देखा, सपनों को पूर्ण करने महिला मंडल का गठन किया। उनके सपनों में रंग भरने महिलाओं की बड़ी फौज खड़ी हो गई। अब जीजाबाई महिला मंडल की महिलाएं मंडल को गति देने चल पड़ीं हैं, मंजिल की ओर... बिना रुके, बिना थके।

साल 2013 में 13 सदस्य थीं, अब 250... घरेलू उत्पाद को बेचने आनंद मेला समेत विविध आयोजन सालभर...

नवप्रदेश व्यू

भारतीय संस्कृति में नारी की पूजा देवी के रूप में की जाती है। जहां नारी का सम्मान होता है, वहां देवताओं का वास होता है। आज महिलाएं जल, थल, नभ हर जगह भारत की पताका फहरा रहीं हैं। इससे ये बात स्पष्ट होती है कि नारी अब केवल चूल्हा-चौके तक नहीं सिमटी है, बल्कि घर-परिवार के अलावा उनकी लंबी छलांग चांद-सितारों तक है। आज भारत वर्ष में जिस ढंग से बेटियां पढ़ रही हैं और तरक्की की इबारत लिख रही हैं, उससे साफ हो जाता है कि देश के सर्वांगीण विकास में महिलाओं का अहम स्थान है। महिलाएं नए-नए स्टार्टअप के माध्यम से उद्योग का नया आयाम स्थापित कर रही हैं। सरकारी नौकरियों के अलावा उद्योग में महिलाओं की धमक से देश दिन दुगुनी रात चौगुनी तरक्की कर रहा है।

बिना रुके, बिना थके संघर्ष जारी : वंदना पाटनकर

जीजाबाई महिला मंडल की वर्तमान अध्यक्ष वंदना पाटनकर बताती हैं, कि 19 फरवरी 2013 को मंडल का गठन किया गया। मंडल में 16 महिलाओं की कोर कमेटी है। सारी प्लानिंग, सारे कार्यक्रम इन 16 महिलाओं पर केंद्रित है। फंडिंग की व्यवस्था भी इन्हीं सदस्यों के द्वारा की जाती है। अध्यक्ष का कार्यकाल दो साल का होता है। प्रत्येक सदस्य से साल में केवल 80 रुपए की फीस ली जाती है। वास्तव में ये फीस रजिस्ट्रेनशन फीस होती है। किसी भी प्रकार से हमें सरकारी मदद नहीं मिलती। इसका हमें मलाल भी नहीं। ईश्वर की सेवा और पूजा समझकर हम समाज की सेवा में लगे हैं। मंडल की गतिशीलता को बनाए रखने बीच लगातार कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। हमारी संस्था महिलाओं को उनके घरेलू उत्पाद को बेचने मंच प्रदान करती है। आनंद मेले का आयोजन इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है। मंडल पुरानी विचारधारा को बदलने और समाज में एक रचनात्मक गतिविधियों को बढ़ावा देने, स्वच्छता और प्रदूषण मुक्त समाज के लिए संगठन लगातार काम कर रहा है। पॉलिथीन से लोगों को बचाने हमने बड़े पैमाने पर कागज और पटसन से बने थैले / पैकेट का वितरण किया और आज भी जारी है। हमारी संस्था द्वारा किसी भी व्यक्ति को बर्थ डे, शादी-ब्याह या किसी भी सेलिब्रेशन पर गिफ्ट के रूप में पौधे भेंट किए जाते हैं। दिवाली मिलन, होली मिलन, पिकनिक और समय-समय पर स्थानीय तीज-त्योहारों में भी कोई न कोई आयोजन किया जाता है, ताकि किसी भी महिला सदस्य को निरसता का अहसास न हो। हमारे आयोजन से महिलाओं में एक नई चेतना और स्फूर्ती का अहसास होता है। फिर नए सिरे से घर के काम के अलावा संगठन के काम में हाथ बंटाती हैं। हमारी इस संस्था के कार्यों से दीगर समाज के लोगों में चेतना पैदा होती है।

अब नारी प्रधान हो गया है समाज

वंदना कहती हैं, कि आज की तारीख में महिलाएं किसी से कम नहीं हैं। हर क्षेत्र में महिलाओं की बढ़ती भूमिका और उपलब्धि को देखते हुए ये कहना अनुचित होगा कि, अब हमारा भारतीय समाज, पुरुष प्रधान समाज है। बड़ी शान के साथ कहना होगा, कि भारत वर्ष का समाज नारी प्रधान हो गया है। जल, थल, नभ हर जगह महिलाएं अपना परचम लहरा रही हैं। अब तो महिलाएं ऐसे-ऐसे फील्ड पर काम कर रही हैं, जो क्षेत्र कभी महिलाओं के लिए निषिद्ध थे। नारी अब अबला नहीं रही, नारी पढ़कर लिखकर आसमान में इतिहास लिख रही है। जो देश के लिए, समूचे विश्व के लिए गौरव का विषय है। हमारी बेटियों ने इस मिथक को तोड़ा कि, केवल बेटे ही माता-पिता, खानदान का नाम रौशन करते हैं। हमारी बेटियां, देश और समाज के लिए किसी गौरव से कम नहीं हैं। हमें गर्व होता है, नारी शक्ति पर।

आश्रमों में जाकर सेवा का अलख

जीजाबाई महिला मंडल की सक्रिय सदस्य समाज सेवा के नाम पर अलग-अलग आश्रमों में जाकर समाज सेवा करती हैं। आश्रम में रहने वालों की यथाशक्ति सेवा करके जमाने के लिए एक नजीर पेश करती हैं। ये सिलसिला बीच-बीच में सालभर चलता है। वंदना बताती हैं, कि आश्रम में पीड़ितों के आंसू पोंछकर जो सुख और आनंद की अनुभूति होती है, उसे शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता है। ऐसा लगता है, कि ईश्वर ने जैसे हमें इसी काम के लिए धरती पर भेजा है।

आनंद मेला हर साल

मंडल अध्यक्ष वंदना बताती हैं, कि आनंद मेले का आयोजन हर साल होता है। जो कि भव्य होता है। इस मेले में महिलाओं द्वारा अपने घरेलू उत्पाद बेचने के लिए स्टॉल उपलब्ध कराए जाते हैं। महिला मंडल की सदस्यों के लिए प्रति स्टॉल 1000/- रुपए और बाहरी महिलाओं से प्रति स्टॉल 1500/- रुपए का शुल्क लिया जाता है। आनंद मेले में महिलाएं कपड़ों, बेकार पड़ी चीजों से बने शो पीस, बांस से बनी चीजें, बॉटलों को आकर्षक ढंग से सजाकर बिक्री की जाती है। इसके अलावा कई वस्तुएं बेची जाती हैं। आनंद मेले को अलग- अलग स्थानों पर लगाया जाता है। इसमें महिलाओं की जबर्दस्त भागीदारी रहती है। आनंद मेले से महिलाओं को अच्छा खासा मुनाफा मिल जाता है। इससे उनकी माली हालत तो ठीक हो जाती है, साथ ही उन्हें अपने व्यवसाय को और कैसे आगे बढ़ाया जाए, ये सोचने का एक नजरिया भी मिल जाता है।

न्यूज गैलरी

कृष्णा श्रॉफ ने प्रतिष्ठित एंटरप्रेन्योर ऑफ द ईयर पुरस्कार जीता

मुंबई। बेहतरीन फिटनेस आइकन और एंटरप्रेन्योर कृष्णा श्रॉफ को हाल ही में एक प्रतिष्ठित समारोह में एंटरप्रेन्योर ऑफ द ईयर के पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। इस शानदार शाम की शोभा को बढ़ाते हुए, यह पुरस्कार भारत की पूर्व शिक्षा मंत्री स्मृति ईरानी द्वारा प्रस्तुत किया गया, जिन्होंने कृष्णा की उल्लेखनीय यात्रा और अथक प्रयासों की प्रशंसा की। स्मृति ईरानी ने साझा किया कि ऐसी कई भारतीय महिलाएं हैं जिन्हें फिटनेस, खेल और व्यवसाय जैसे क्षेत्रों में व्यापक रूप से अपनी पहचान बनाई है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि आज जो महिलाएं पुरस्कार जीत रही हैं, जैसे कृष्णा और अन्य, उन्होंने न केवल उन्हें प्रेरित किया बल्कि दूसरों को भी उदाहरण प्रस्तुत करके सशक्त किया। यह दिल से किया गया सम्मान कृष्णा की प्रेरणादायक करियर का एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर बन गया। एमएमए मैट्रिक्स जिम के सह-संस्थापक के रूप में, कृष्णा भारत में फिटनेस के क्षेत्र में क्रांति ला रही हैं। उनके नेतृत्व में, ब्रांड ने प्रमुख शहरों में जिम फ्रेंचाइजी की बढ़ती श्रृंखला में तेजी से विस्तार किया है। कृष्णा मैट्रिक्स फाइट नाइट के पीछे भी प्रेरक शक्ति हैं, जो घरेलू एमएमए प्रतिभा को वैश्विक मंच पर उजागर करने की एक पहल है। उनकी उद्यमशीलता की भावना और फिटनेस के प्रति समर्पण ने उन्हें इंडस्ट्री में सबसे आगे स्थापित किया है। एमएमए मैट्रिक्स जिम के लिए कृष्णा का दृष्टिकोण लगातार बढ़ रहा है, मुंबई में सफल शाखाओं के साथ-साथ पुणे, पठानकोट, लखनऊ, सोलापुर और कोलकाता में विस्तार करने की योजना है। बाधाओं को तोड़कर और नए मानक स्थापित करके, कृष्णा श्रॉफ उभरते एंटरप्रेन्योर और फिटनेस प्रेमी लोगों के लिए एक प्रेरणा हैं।

बजाज फ़िन्सर्व एएमसी पेश करते हैं 'बजाज फ़िन्सर्व एलएसएस टैक्स सेवर फंड'

रायपुर। बजाज फ़िन्सर्व एएमसी 'बजाज ईएलएसएस टैक्स सेवर फंड', 3 वर्षीय वैधानिक लॉक इन अवधि और कर लाभों के साथ इक्विटी से जुड़ी एक ओपन एंडेड योजना, की शुरुआत की घोषणा करते हैं। यह फंड 24 दिसम्बर 2024 को सदस्यता के लिए खुल जाएगा और 22 जनवरी 2025 को यह बंद हो जाएगा। यह फंड ईक्विटी में निवेश के माध्यम से दीर्घावधि में कर लाभ और पूँजी निर्माण के दोहरे लाभ का लक्ष्य रखता है। यह योजना उन निवेशकों के लिए लाभप्रद है जो दीर्घावधि में महत्वपूर्ण पूँजी लाभ का लक्ष्य रखते हैं और आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 80 सी के अंतर्गत कर लाभ प्राप्त करते हुए इक्विटी और इक्विटी से संबंधित साधनों में निवेश करना चाहते हैं। यह योजना बीएसई 500 टोटल रिटर्न इंडेक्स (टीआरआई) के समक्ष बेंचमार्क की गई है। धारा 80 सी के अंतर्गत उपलब्ध सभी कर-बचत साधनों के बीच अपनी 3 वर्षीय लॉक इन अवधि के साथ ईएलएसएस का लॉक इन समय सबसे कम है। इसकी तुलना में पीपीएफ, एनएससी, या कर-बचत करने वाले बैंक एफडीकी लॉक इन अवधि 5 - 15 वर्ष होती है। इस तरह इस योजना के दीर्घावधि में होने वाले दोहरे लाभ - कर बचत और महत्वपूर्ण पूँजी निर्माण इस योजना को ऐसे दीर्घावधि निवेशकों के लिए उचित बनाते हैं जो इक्विटी से पूँजी निर्माण करना चाहते हैं। साथ ही, व्यवस्थित निवेश योजना (एसआईपी) के माध्यम से किफायती और अनुशासित किस्तें चुकाने की सुविधा ईएलएसएस को वेतनभोगी लोगों और प्रथम बार निवेश करने वालों के लिए एक आकर्षक चुनाव बनाती है। बजाज फिन्सर्व एएमसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गणेश मोहन कहते हैं, ÷हम व्यक्तियों को स्मार्ट वित्तीय समाधान, जो उनके दीर्घकालिक लक्ष्यों के अनुरूप हों, उपलब्ध करवा कर सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हालाँकि, इक्विटी बाजार अल्पावधि में अस्थिर हो सकते हैं किन्तु उनमें लंबी अवधि में पूँजी निर्माण की क्षमता होती है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा 1 फरवरी को संसद में 2025-26 के लिए केंद्रीय बजट पेश किया जाएगा

2025-26 में राजकोषीय घाटा कम करने पर जोर देगी सरकार

नई दिल्ली। वित्त मंत्रालय के एक बयान के अनुसार, सरकार गुणवत्तापूर्ण व्यय में सुधार, सामाजिक सुरक्षा को मजबूत करने और वित्त वर्ष 2025-2026 में राजकोषीय घाटे को जीडीपी के 4.5 प्रतिशत तक कम करने पर ध्यान केंद्रित करना जारी रखेगी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा 1 फरवरी को संसद में 2025-26 के लिए केंद्रीय बजट पेश किया जाएगा। इस दौरान राजकोषीय घाटे को नियंत्रण में रखते हुए बड़े बुनियादी ढांचे की परियोजनाओं और गरीबों के लिए सामाजिक कल्याण योजनाओं पर खर्च बढ़ाने की सरकार की स्थिति को जारी रखे जाने की उम्मीद है। प्राप्तियों और व्यय के रुझानों की अर्ध-वार्षिक समीक्षा पर वित्त मंत्रालय के बयानों के अनुसार, सरकार राजकोषीय कंसोलिडेशन के के ग्लाइड पथ पर चलने के लिए प्रतिबद्ध है, जिसका लक्ष्य वित्त वर्ष 2025-26 तक राजकोषीय घाटे को जीडीपी के 4.5 प्रतिशत तक कम करना है। समीक्षा में कहा गया है, सार्वजनिक व्यय की गुणवत्ता में सुधार लाने पर जोर दिया जाएगा, साथ ही गरीबों और जरूरतमंदों के लिए सामाजिक सुरक्षा को मजबूत किया जाएगा। यह दृष्टिकोण देश के बड़े आर्थिक बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और वित्तीय स्थिरता सुनिश्चित करने में मदद करेगा। बयानों के अनुसार, बजट 2024-25 यूरोप और मध्य पूर्व में युद्धों के कारण वैश्विक अनिश्चितताओं को ध्यान में रखते हुए पेश किया गया था। भारत के

मजबूत आर्थिक बुनियादी ढांचे ने देश को वैश्विक अर्थव्यवस्था को प्रभावित करने वाली अनिश्चितताओं से बचाया है। बयान में कहा गया, इसने देश को राजकोषीय समेकन के साथ विकास को आगे बढ़ाने में भी मदद की है। नतीजतन, भारत दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक के रूप में अपना गौरव बरकरार रखता है। हालांकि, विकास के लिए जोखिम अभी भी बने हुए हैं। 2024-25 के बजट अनुमान के अनुसार कुल व्यय 48.21 लाख करोड़ रुपये अनुमानित था, जिसमें राजस्व खाते और पूंजी खाते पर व्यय क्रमशः 37.09 लाख करोड़ रुपये और 11.11 लाख करोड़ रुपये अनुमानित था। 48.21 लाख करोड़ रुपये के कुल व्यय के मुकाबले, वित्त वर्ष 2025 की पहली छमाही में व्यय 21.11 लाख करोड़ रुपये या बजट अनुमान का लगभग 43.8 प्रतिशत था। पूंजीगत परिसंपत्तियों के निर्माण के लिए अनुदान को ध्यान में रखते हुए, प्रभावी पूंजीगत व्यय 15.02 लाख करोड़ रुपये अनुमानित किया गया था। सकल कर राजस्व 38.40 लाख करोड़ रुपये अनुमानित था, जिसमें निहित कर-जीडीपी अनुपात 11.8 प्रतिशत था। केंद्र की कुल गैर-ऋण प्राप्ति 32.07 लाख करोड़ रुपये अनुमानित थी। इसमें 25.83 लाख करोड़ रुपये का कर राजस्व (केंद्र को शुद्ध), 5.46 लाख करोड़ रुपये का गैर-कर राजस्व और 0.78 लाख करोड़ रुपये की विविध पूंजी प्राप्तियां शामिल थीं।

पर्यटन से विदेशी मुद्रा आय (एफईई) बढ़कर 2,31,927 करोड़ रुपये हो गई

2023 में भारत आए 1.88 करोड़ अंतरराष्ट्रीय सैलानी : केंद्र सरकार

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने बुधवार को बताया कि 2023 में भारत में 1.88 करोड़ अंतरराष्ट्रीय सैलानी आए थे। इस कारण पर्यटन से विदेशी मुद्रा आय (एफईई) बढ़कर 2,31,927 करोड़ रुपये हो गई है। पर्यटन मंत्रालय से जारी आंकड़ों के अनुसार, 2023 के दौरान भारत में फॉरेन टूरिस्ट अराइवल (एफटीए) 95 लाख और डॉमेस्टिक टूरिस्ट विजिट्स (डीटीवी) 2.5 अरब थी। मंत्रालय ने बताया कि स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत 5,287.90 करोड़ रुपये की लागत से कुल 76 परियोजनाओं को मंजूरी दी गई, जिनमें से 75 परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं।



23 राज्यों में वैश्विक स्तर के प्रतिष्ठित पर्यटन केंद्रों के विकास पर पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता (एसएएससीआई) स्कीम के तहत 3,295.76 करोड़ रुपये की 40 परियोजनाओं और स्वदेश दर्शन 2.0 पहल के तहत 793.20 करोड़ रुपये की 34 परियोजनाओं को मंजूरी दी गई।स्वदेश दर्शन योजना को स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी2.0) से नया रूप दिया गया है, जिसका उद्देश्य पर्यटक और डेस्टिनेशन केंद्रित एप्रोच के साथ टिकाऊ और जिम्मेदार गंतव्यों को विकसित करना है।पर्यटन मंत्रालय ने प्रसाद योजना के तहत 1,646.99 करोड़ रुपये की कुल 48 परियोजनाओं को भी मंजूरी दी है, जिनमें से 23 परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं।केंद्रीय एजेंसियों को सहायता योजना के तहत 937.56 करोड़ रुपये की कुल 65 परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है, जिनमें से 38 परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं।चलो इंडिया अभियान की शुरुआत प्रवासी भारतीयों को दुनिया भर में अपने गैर-भारतीय मित्रों को भारत दिखाने के लिए आमंत्रित करने के लिए की गई थी, अभियान के तहत भारत आने वाले विदेशी पर्यटकों के लिए एक लाख निःशुल्क ई-वीजा जारी किए गए।मंत्रालय ने इनक्रेडिबल इंडिया कंटेंट हब का भी अनावरण किया। इसका उद्देश्य ग्लोबल ट्रैवल और टूरिज्म इंडस्ट्री को इनक्रेडिबल इंडिया पर कंटेंट के लिए यूनिफाइड सोर्स देना था।

पैसालो डिजिटल लि. ने प्रिफरेंशियल इश्यू के माध्यम से धन जुटाने की मंजूरी दी

दिल्ली। भारतीय रिज़र्व बैंक के साथ पंजीकृत एक समृद्ध सूचीबद्ध गैर-जमा लेने वाली एनबीएफसी, ने घोषणा की है कि उसके बोर्ड ने गैर-प्रवर्तक (non-promoter) समूह इकाइयों को वारंट रूप में परिवर्तनीय प्रिफरेंशियल इश्यू के माध्यम से 258.16 करोड़ रुपये तक जुटाने की मंजूरी दी है, जिसकी कीमत प्रति वारंट 58.20 रुपये है।

एफपीआई यूनिको ग्लोबल अपॉर्चुनिटीज फंड लिमिटेड और नोवा ग्लोबल अपॉर्चुनिटीज फंड पीसीसी-टचस्टोन प्रस्तावित अलोटियों में शामिल हैं।हाल ही मे इसके बोर्ड ने निजी प्लेसमेंट के माध्यम से 5,00,000 रुपये के अंकित मूल्य के 600 सूचीबद्ध वाणिज्यिक पत्रों (सीपी) के आवंटन को मंजूरी दे दी है, जो कुल मिलाकर 29.20 करोड़ रुपये है। पैसालो डिजिटल लिमिटेड ने घोषणा की है कि उसने सफलतापूर्वक 50 मिलियन अमेरिकी डॉलर के पहले किश्त में सुरक्षित विदेशी मुद्रा परिवर्तनीय बांड (स्न्नष्टक्क) जारी किए हैं, जो भारत के रिजर्व बैंक द्वारा निर्धारित लागू ईसीबी (श्वष्टक्क) दिशानिर्देशों के अनुसार है। पैसालो डिजिटल लिमिटेड (क्कष्ठरु) ने अपनी पहली विदेशी मुद्रा परिवर्तनीय बांड (FCCB) सफलतापूर्वक जारी की है, जो कंपनी के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। इस इश्यू ने वैश्विक स्थायी आय फंडों और प्रमुख अंतरराष्ट्रीय क्रेडिट फंडों से मजबूत सहभागिता देखी, जो कंपनी की विकास प्रक्षेपवक्र में विश्वास को दर्शाता है। एफसीसीबी एक 7.5त्न सुरक्षित साधन है जिसकी परिपक्वता अवधि पाँच साल है, जो 2029 में पूरी होगी, और निवेशकों को अपनी होल्डिंग्स को पूरी तरह चुकता इक्विटी शेयरों में परिवर्तित करने या उन्हें परिपक्वता तक बनाए रखने की लचीलेपन प्रदान करती है। यह रणनीतिक पहल पैसालो की विकास को प्रोत्साहित करने और एक गतिशील बाजार वातावरण के बीच वित्तीय स्थिरता को बनाए रखने की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। इस इश्यू से जुटाए गए धन भारत की विशाल अंडर-बैंक्ड जनसंख्या को सुलभ और समावेशी वित्तीय समाधान प्रदान करके सशक्त बनाने के पैसालो के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने में सहायक होंगे।

ओला इलेक्ट्रिक ने ईवी क्रांति को नई ऊंचाई पर पहुंचाया, देश में 4,000 स्टोर्स तक का रिकॉर्ड बनाया

बेंगलुरु। ओला इलेक्ट्रिक जो भारत की सबसेबड़ी ईवी कंपनी के नाम से जानी जाती है, उसने आज अपने नेटवर्कको 4,000 स्टोर्स तक बढ़ाने की घोषणा करी, जो मौजूदा नेटवर्क सेचार गुना ज्यादा है। यह दुनिया में ईवी नेटवर्क के सबसे बड़े विस्तारोंमें से एक माना जा रहा है, इस विस्तार से यकीनन देश में ईवी तकलोगों की पहुंच आसान हो जाएगी और ईवी के क्षेत्र में बहुत बड़ाविकास होने की संभावनाएं भी काफी हद तक बढ़ जाएंगी साथ हीईवी के प्रति भरोसा और उसे अपनाने को मजबूती भी मिलेगी।कंपनी ने बड़े पैमाने पर ईवी अपनाने की अपनी प्रतिबद्धता के चलते 3,200 से भी ज्यादा नए स्टोर्स को लॉन्च किया है, जो सर्विससुविधाओं के साथ जुड़े हुए हैं। ऐसा कर कंपनी ने

टियर-1 औरटियर-2 शहरों के अलावा छोटे छोटे कस्बों और तहसीलों तक अपनीपहुंच को बड़ी गहराई से बढ़ाया है। इस विस्तार के साथ ओलाइलेक्ट्रिक ने अपने त्तसेविंग वाला स्कूटर अभियान के तहत किए गएवादे को पूरा कर दिया है।

ईयर एंडर 2024 : म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री के लिए ऐतिहासिक रहा यह साल

नई दिल्ली। भारतीय म्यूचुअल फंड (एमएफ) इंडस्ट्री के लिए 2024 एक ऐतिहासिक वर्ष रहा। इस दौरान सभी एमएफ स्कीमों के एसेट्स अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) में 17 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा की बढ़त हुई है। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के डेटा के अनुसार, म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री का एयूएम नवंबर के अंत में 68 लाख करोड़ रुपये था, जो कि दिसंबर 2023 के आंकड़े 50.78 लाख करोड़ रुपये से 17.22 लाख करोड़ रुपये या 33 प्रतिशत अधिक है। बीते चार वर्षों में म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री की एयूएम में करीब 37 लाख करोड़ रुपये का इजाफा हुआ है। 2023 में एयूएम 11 लाख करोड़ रुपये, 2022 में 2.65 लाख करोड़ रुपये

और 2021 में करीब 7 लाख करोड़ रुपये बढ़ा था। म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री का एयूएम दिसंबर 2023 में 50.78 लाख करोड़ रुपये, दिसंबर 2022 में 40 लाख करोड़ रुपये, दिसंबर 2021 में 37.72 लाख करोड़ रुपये और दिसंबर 2020 में 31 लाख करोड़ रुपये था। इसके अलावा नवंबर 2024 के अंत में फोलियो की संख्या 22.02 करोड़ थी, जो कि जनवरी में 16.89 करोड़ थी। यह फोलियो की संख्या में 5.13 करोड़ की वृद्धि को दर्शाता है। इसमें दिसंबर 2024 के आंकड़ों को नहीं जोड़ा गया है, क्योंकि वे जनवरी 2025 के पहले हफ्ते में जारी किए जाएंगे।

एम्फी के डेटा के मुताबिक, 2024 में करीब 174 ओपन-एंडेड स्कीम जुड़ी थी। कुल स्कीम की संख्या नवंबर में 1,552 थी। यह जनवरी में 1,378 थी। इस साल इक्विटी म्यूचुअल फंड स्कीम में सबसे अधिक 3.76 करोड़ नए फोलियो जुड़े हैं। इसके बाद इंडेक्स फंड, गोल्ड ईटीएफ, अन्य ईटीएफ और विदेशी फंडों में निवेश करने वाले फंड ऑफ फंड में 1.17 करोड़ फोलियो जुड़े हैं। इसके अलावा हाइब्रिड म्यूचुअल फंड्स में 2024 में 19.42 लाख फोलियो जुड़े हैं। वहीं, सॉल्यूशन ओरिएंटेड म्यूचुअल फंड्स में 1.87 लाख फोलियो जुड़े हैं। हालांकि, इस दौरान डेट म्यूचुअल फंड्स में फोलियो की संख्या में 3.11 लाख की गिरावट दर्ज की गई है।

खेल

भारत-ऑस्ट्रेलिया चौथा टेस्ट-कंगारुओं का स्कोर 311/6

स्टीव स्मिथ 68 रन बनाकर नाबाद लौटे, बुमराह को 3 विकेट

मेलबर्न। ऑस्ट्रेलिया ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के चौथे टेस्ट के पहले दिन भारत के खिलाफ 6 विकेट पर 311 रन बना लिए हैं। गुरुवार को स्टंप्स तक स्टीव स्मिथ 68 और कप्तान पैट कमिंस 8 रन पर नाबाद लौटे। मेलबर्न के स्ट्टत्र पर ऑस्ट्रेलियाई टीम ने टॉस जीतकर बैटिंग करने का फैसला लिया। 19 साल के युवा ओपनर सैम कोंस्टास (60 रन) और उस्मान ख्वाजा (57 रन) ने कंगारू टीम को सधी शुरुआत दिलाई। दोनों ने 116 बॉल पर 89 रन की ओपनिंग पार्टनरशिप हुई। मार्नस लाबुशेन 72 रन और विकेटकीपर एलेक्स कैरी 31 रन का योगदान दिया। मिचेल मार्श 4 और ट्रैविस हेड शून्य के निजी स्कोर पर आउट हुए। दिन के पहले सेशन में ऑस्ट्रेलिया का दबदबा रहा,

जबकि दूसरा सेशन मिलाजुला रहा। फिर इंडिया ने दिन के आखिरी सेशन में वापसी की। फिलहाल, 5 मैचों की सीरीज 1-1 की बराबरी पर है। भारत ने पहला और ऑस्ट्रेलिया ने दूसरा टेस्ट जीता। तीसरा टेस्ट ड्रॉ रहा था।

मेलबर्न टेस्ट के लिए दोनों टीमें

भारत- रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, विराट कोहली, ऋषभ पंत, रवींद्र जडेजा, नीतीश रेड्डी, वॉशिंगटन सुंदर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, आकाश दीप।

ऑस्ट्रेलिया- पैट कमिंस (कप्तान), उस्मान ख्वाजा, सैम कोंस्टास, मार्नस लाबुशेन, स्टीव स्मिथ, ट्रैविस हेड, मिचेल मार्श, एलेक्स कैरी (विकेटकीपर), मिचेल स्टार्क, नाथन लायन और स्कॉट बोलैंड।

मैं सोच रही थी कि मेरी मां मेरे पहले वनडे शतक पर कितनी खुश होंगी: हरलीन

नई दिल्ली। भारत की बल्लेबाज हरलीन देओल, जिन्होंने वेस्टइंडीज पर 115 रनों की जीत में अपना पहला वनडे शतक बनाया, ने कहा कि वह सोच रही थी कि उनकी मां उन्हें अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पहली बार शतक बनाते हुए देखकर कितनी खुश होंगी। वडोदरा के कोटांबी स्टेडियम में, हरलीन ने 103 गेंदों पर 115 रन बनाए, जिसमें 16 चौके शामिल थे, जिससे भारत ने 358/5 का स्कोर बनाया, जो महिला वनडे में उनका संयुक्त उच्चतम स्कोर है। उन्होंने 62 गेंदों पर अपना अर्धशतक बनाया, और फिर तेजी से आगे बढ़ते हुए 98 गेंदों पर अपना शतक पूरा किया। मेरी मां हमेशा यही कहती रहती है कि भगवान उन्हें खुशियां देते हैं जो उन्हें बांटते हैं। जो लोग उन्हें बांटते नहीं, भगवान कहते हैं कि वे उन्हें बांट नहीं रहे हैं, क्योंकि वे इतनी छोटी सी खुशी से खुश नहीं होंगे। यह भगवान की योजना है। आपको बस इस पर

विश्वास करते रहना है। उन पर भरोसा करते रहना है। बस यही एक बात है। बीसीसीआई के सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट किए गए वीडियो में हरलीन ने कहा,आप यह नहीं सोच सकते कि काश मैं अगले 10 मैचों में 100 रन बना पाती । लेकिन ऐसा लगता है, यह भी संभव हो सकता है। जब मैं वहां था, तो मैं सोच रही थी कि मेरी मां कितनी खुश होगी। मुझे याद है कि जब मैं घायल हुई थी, तो हर कोई मेरे आस-पास था। लेकिन तब मेरी मां एक ऐसी इंसान थी, जो कभी इस बात से चिढ़ती नहीं थी कि मैं चल नहीं सकती। हरलीन ने कहा, अगर आप पानी की बोतल उठाना चाहते हैं, तो आप ऐसा नहीं कर सकते। हरलीन की पारी का महत्व बहुत बड़ा है, क्योंकि उन्हें डब्ल्यूपीएल 2024 में गुजरात जायंट्स के लिए खेलते समय घुटने में चोट लग गई थी और मुंबई में उनकी सर्जरी हुई थी। जेमिमा रोड्रिग्स, जिन्होंने 34 गेंदों में अर्धशतक लगाया और हरलीन के साथ चौथे विकेट के लिए सिर्फ 71 गेंदों पर 116 रनों की साझेदारी की, ने याद किया कि बल्लेबाज को शतक बनाते देखकर वह कितनी खुश थीं। जेमिमा ने कहा,जब मैं उनसे मिलने गई, तो उन्हें बस इतना करना था कि रिहैब के तौर पर अपना पैर सीधा करना था। मुझे याद है कि मैं वहीं बैठी थी और हैरी के चेहरे पर आंसू बह रहे थे। एक दोस्त के तौर पर, मैं इसे देख नहीं पाई और उस दिन से लेकर अब तक, मैं इतनी खुश थी कि जब मैं नॉन-स्ट्राइकर एंड पर थी, जब यह पल हुआ, तो मैं बहुत भावुक हो गई। मैं बहुत खुश हूं कि तुमने 100 रन बनाए।

न्यूज़ गैलरी

दवाई सप्लाई के नाम पर 7 लाख की ठगी

रायपुर/नवप्रदेश। अज्ञात व्यक्ति ने दवा खरीदी सप्लाई करने के नाम पर अपने बैंक खाता में 7 लाख से अधिक रकम जमा करवाकर धोखाधड़ी किया। प्रार्थी की शिकायत पर देवेन्द्र नगर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार प्रार्थी कवलजीत सिंह बांगा 56 वर्ष शुभम विहार न्यू पुरैना न्यू राजेन्द्र नगर का रहने वाला है। प्रार्थी होलसेल दवाई विक्रय का कार्य करता है। प्रार्थी के हिन्दुस्तान एंटीबायोटिक्स एग्रोवेट डिवीजन के ईमेल आईडी में दवाई खरीदी सप्लाई के नाम पर आरोपी ने अपने बैंक ऑफ बड़ौदा के खाता क्रमांक 23550100020797 में 7,88,954 रुपए जमा करवाकर धोखाधड़ी किया। प्रार्थी की शिकायत पर देवेंद्र नगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

सीमेंट आपूर्ति के नाम पर धोखाधड़ी

रायपुर/नवप्रदेश। अल्ट्राटेक सीमेंट सप्लाई करने के नाम पर 8 लाख से अधिक की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी भारत भूषण गुप्ता 41 वर्ष अवंतिविहार तेलीबांधा का रहने वाला है। थाना में शिकायत किया कि आरोपी आशीष शुक्ला ने प्रार्थी को फोन कर अपने आप को अल्ट्राटेक सीमेंट का एजेंट बताया और 3 हजार बोरी सीमेंट भेजने के नाम पर 883500 रुपए लेकर धोखाधड़ी किया। प्रार्थी की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

अवैध शराब के साथ गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। धरसींवा पुलिस ने ग्राम कुरा के पास बाइक सवार युवक के पास से 21 पाव देशी शराब जब्त किया है। जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम कुरा के पास बाइक सवार युवक अवैध शराब बिक्री करने रखा है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी बुधराम बंजारे 24 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से बाइक, 21 पाव देशी शराब और बिक्री रकम 300 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

5 जुआरी चढ़े पुलिस के हत्थे

रायपुर/नवप्रदेश। पुरानी बस्ती पुलिस ने जुआ खेलते 5 जुआरियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से ताशपत्ती सहित नकदी 8550 रुपए जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुरानी बस्ती पुलिस को रात मुखकिर से सूचना मिली कि भाठागांव स्थित जीके होंडा शो रूम के पीछे छीर्रापारा में कुछ लोग जुआ खेल रहे है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी पिंटू ठाकुर 27 वर्ष सहित अन्य 4 गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से ताशपत्ती सहित नकदी 8550 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

गांजा के साथ महिला गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। टिकरापारा पुलिस ने काशीराम नगर के पास दबिश देकर गांजा के साथ एक महिला को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार टिकरापारा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर काशीराम नगर में दबिश देकर आरोपिया हिना गोपाल पति दीलवाला गोपाल 32 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपिया के पास से 2 किलो 35 ग्राम गांजा जब्त किया है। जब्त गांजा के साथ 23 हजार रुपए

हादसे में आरक्षक की मौत

भिलाई-रायपुर। दुर्ग आईजी ऑफिस में पदस्थ आरक्षक उपेंद्र तिवारी की 25 दिसंबर क्रिसमस की रात सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। वो देर रात 11.30 से 12 बजे के बीच अपनी बाइक से स्मृति नगर स्थित अपने घर जा रहा था। अचानक वो बाइक सहित सड़क किनारे

ट्रांसफार्मर से टकरा गया। सिर में गहरी चोट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक उपेंद्र अपनी बाइक से बुधवार देर रात अकेले स्मृति नगर चौकी अंतर्गत हरि नगर स्थित अपने घर जा रहा था। वो जैसे हरि नगर से थोड़ा पहले क्रिश 2 होटल के पास पहुंचा, वहां सड़क किनारे लगे ट्रांसफार्मर से तेज रफ्तार में टकरा गया। इसके बाद उपेंद्र नाली में गिरा और उसका सिर फट गया। सूचना मिलते ही सुपेला और स्मृति नगर पेट्रोलिंग मौके पर पहुंची। तब तक 112 और 108 एंबुलेंस वहां पहुंच गई थी। उन लोगों ने उपेंद्र को बेहोशी की हालत में ही तुरंत चंदूलाल चंद्राकर मेमोरियल हॉस्पिटल पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

नगरीय निकाय चुनाव के पूर्व कांग्रेस संगठन में बदलाव के संकेत

■ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज दिल्ली दौरे पर

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय चुनाव से पहले कांग्रेस अपने संगठन में बदलाव कर सकती है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज दिल्ली दौरे पर हैं।

15 दिनों में दीपक बैज का यह दूसरा दिल्ली दौरा है। उनके दिल्ली दौरे के दौरान प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट समेत पार्टी के शीर्ष नेतृत्व से मुलाकात की संभावना है। अटकलें लगाई जा रही हैं कि कांग्रेस निकाय चुनाव से पहले राज्य के एक दर्जन जिला अध्यक्षों को बदल सकती है। वहीं संगठन में खाली पदों पर भी नियुक्तियां हो सकती हैं। कांग्रेस संगठन में राजधानी रायपुर, गरियाबंद, बिलासपुर, धमतरी और दुर्ग समेत कई जिलों के अध्यक्षों की बदलने की चर्चा चल रही है। निकाय चुनाव से पहले कांग्रेस संगठन में सुधार करने की कोशिश कर रही है।

सचिन पायलट से संगठन में फेरबदल पर विस्तार से चर्चा

सचिन पायलट से संगठन में फेरबदल की विस्तार से चर्चा के बाद हरी झंडी मिलने की संभावना है। वहीं, दूसरी तरफ कांग्रेस के बागी नेताओं की वापसी पर भी चर्चा हो सकती है। बताया जाता है बेलगांव में कांग्रेस के राष्ट्रीय अधिवेशन के बाद सूची जारी किए जाने की संभावना है।

जिला अध्यक्षों को बदलने की कवायद

पिछले एक साल से राज्य में हुए चुनाव में कांग्रेस को लगातार हार का सामना करना पड़ा है। ऐसे में कांग्रेस अपने जिला अध्यक्षों को बदलने की कवायद कर रही है। सूत्रों का कहना है कि दीपक बैज अपने पिछले दौरे में भी संगठन में नियुक्तियों की सूची लेकर दिल्ली दौरे पर गए थे। लेकिन तब प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट से मुलाकात नहीं हो पाई थी।

कांग्रेस शासनकाल में मेडिकल उपकरण खरीदी के नाम पर खेल

■ खरीदी में लगभग 10 हजार करोड़ के अधिक का भ्रष्टाचार

■ ननकीराम कंवर ने सीबीआई-ईडी से की जांच की मांग

रायपुर/नवप्रदेश। कांग्रेस शासनकाल में करोड़ों के दवाई घोटाले में नया मोड़ आते देख वरिष्ठ भाजपा नेता ने छत्तीसगढ़ के कांग्रेस सरकार में हुए भ्रष्टाचार को उजागर करने के लिए दिल्ली जाकर पीएमओ, केंद्रीय गृहमंत्री कार्यालय सीबीआई मुख्यालय एवं ईडी मुख्यालय जाकर केंद्रीय एजेंसी से जांच की मांग की है। क्योंकि इस घोटाले में केंद्र की राशि का भी बड़ा भ्रष्टाचार हुआ है। केंद्रीय एजेंसी के माध्य से जांच होने पर कई सफेद पोश नेता और बड़े अधिकारियों का राज खुलेगा। इस संबंध में ननकी राम कंवर ने कहा कि हमने केंद्र सरकार के सभी स्तर मिलकर शिकायत दर्ज कराई है, और हमारी मांग है कि केंद्र के पैसों का भी दुरुपयोग भ्रष्टाचार एवं मनी ट्रेल का भी मामला है। इसलिए केद्रीय जांच एजेंसी सीबीआई एवं ईडी को माध्यम से इस सभी घोटालों की जांच की जाए। बिना जरूरी, बिना डिमांड के रिएजेंट सप्लाई की गई. 28 करोड़ की रिएजेंट खराब हो चुकी है, और भी खराब होने की आशंका है. विधानसभा में पूर्व के सत्र में सरकार के दिए गए लिखित जवाब में बताया गया था कि मोक्षित कार्पोरेशन ने

660 करोड़ की रिएजेंट खरीदी की ईओडब्ल्यू जांच करेगी

तत्कालीन कांग्रेस सरकार के द्वारा केंद्र और राज्य सरकार के पैसों में नियम विरुद्ध तरीकों से लैब रिजेंट एवं उपकरण खरीदी में लगभग 10 हजार करोड़ के अधिक का भ्रष्टाचार हुआ है। जिसमें तत्कालीन प्रबंध संचालक सीजीएमएससी जीएम टेक्निकल बसंत कौशिक, एनएमएच,डीएचएस, मेडिकल एज्युकेशन, जिले के समस्त सीएमओ् औऱ मौक्षिक कार्पोरेशन और अन्य के व्दारा सुनियोजित तरीके से कमीशन खोरी करने की नियत से यह बड़ा स्वास्थ्य घोटाला किया गया है। इस घोटाले में वर्तमान में पदस्थ कर्मचारी और अधिकारी भी सम्मिलित है, जो आज तक जांच के नाम पर लीपापोती करते रहे है। सीजीएमएससी द्वारा मोक्षित कार्पोरेशन से की गई 660 करोड़ की रिएजेंट खरीदी की ईओडब्ल्यू जांच करेगी।

विस के शीतकालीन सत्र में उठा था मुद्दा

छत्तीसगढ़ विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने ध्यानाकर्षण के दौरान इस संबंध में घोषणा की.। भाजपा विधायक धरमलाल कौशिक द्वारा सदन में रिएजेंट खरीदी की मुद्दा उठाया था, जिस पर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने जवाब देते हुए कहा कि पिछली सरकार में सुनियोजित रूप से भ्रष्टाचार हुआ।

बाजार दर से कहीं ज्यादा कीमत पर रिएजेंट की सप्लाई सरकार कर बड़ा मुनाफा कमाया है।

विधानसभा में दी गई एक जानकारी में इस बात का खुलासा हुआ था कि कुल 182 जांच उपकरण, मशीन और केमिकल रिएजेंट की खरीदी की गई थी। इस खरीदी पर कुल 608 करोड़ रुपए खर्च किए गए थे. छत्तीसगढ़ सरकार को की गई सप्लाई में 4 गुना से लेकर 200 गुना तक मुनाफा कमाया गया।

ई-चालान जमा न करने वालों की बढ़ेगी मुसीबत

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर में पिछले छह वर्षों में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले एक लाख 21 हजार से अधिक वाहन चालकों ने ई-चालान की राशि का भुगतान नहीं किया है। अब जुर्माना वसूलने यातायात पुलिस ऐसे चालकों के घर पर दस्तक देगी। इसके लिए जवानों की टीम बनाई गई है।

जुर्माने की रकम का भुगतान नहीं होने की स्थिति में वाहन को जब्त कर मामला लोक अदालत में पेश किया जाएगा। यातायात पुलिस के अधिकारियों ने बताया कि आईटीएमएस कैमरे की मदद से रोजाना नियम तोडऩे वाले वाहन चालकों का ई-चालान काटा जा रहा है, जिसका भुगतान करने के लिए अधिकांश वाहन

चालक यातायात के दफ्तर नहीं पहुंचते। इस कारण हर साल लंबित ई-चालान की संख्या बढ़ रही है। विभाग से मिले आंकड़ों के अनुसार, पिछले छह वर्षों में कुल 3,05,667 ई-चालान जारी हुए, जिसमें से 1,83,983 वाहन चालकों ने जुर्माने की राशि जमा कर दी है।

पटवारियों का ऑनलाइन कार्यों से बहिष्कार जारी

■ विभाग का कामकाज ठप

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेशभर के पटवारियों द्वारा संसाधनों की मांग को लेकर 16 दिसंबर से शुरू किया गया ऑनलाइन कार्यों का बहिष्कार अब भी जारी है। इसके चलते पटवारी कार्यालयों से जरूरतमंद बैरंग लौट रहे हैं। प्रदेश के लगभग 5 हजार पटवारियों ने इस बहिष्कार में हिस्सा लिया है, इसके कारण राजस्व से संबंधित सभी प्रकार के ऑनलाइन कार्य पूरी तरह से ठप हो गए हैं। इसके अलावा, पटवारियों ने विभागीय

व्हाट्सएप ग्रुप से भी खुद को हटा लिया है, जिससे विभाग का मैदानी कामकाज और भी प्रभावित हो गया है। पटवारियों की यह हड़ताल तब तक जारी रहने की संभावना है, जब तक उनके संसाधनों और सुविधाओं की मांग पूरी नहीं की जाती।

अटल जी का जीवन सादगी, समर्पण और राष्ट्रसेवा का प्रतीक हैः मंत्री बघेल

■ खाद्य मंत्री ने स्व. अटल बिहारी वाजपेयी को दी श्रद्धांजलि

रायपुर/नवप्रदेश। खाद्य मंत्री दयालदास बघेल बुधवार को भारत रत्न एवं छत्तीसगढ़ राज्य निर्माता, स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर नांदघाट के ग्राम टेमरी पहुंचे। उन्होंने अटल चौक में उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि स्व. वाजपेयी जी केवल भारत के पूर्व प्रधानमंत्री नहीं, बल्कि जीते-जागते राष्ट्रपुरुष थे।

मंत्री बघेल ने अपने संबोधन में कहा, अटल का जीवन सादगी, समर्पण और राष्ट्रसेवा का प्रतीक है। वे केवल एक राजनेता नहीं, बल्कि हर भारतीय के दिल में बसे एक विचार थे। उनका योगदान हमारे देश की एकता, अखंडता और विकास के लिए अतुलनीय है। छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना उनकी दूरदर्शी सोच का परिणाम है, और इसके लिए प्रदेशवासी सदैव उनके आभारी रहेंगे।

मंत्री श्री बघेल ने कहा कि पूरे छत्तीसगढ़ में अटल जी की जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। जिला प्रशासन के निर्देशन में जिले के सभी ग्राम पंचायतों और विकासखंड मुख्यालयों में इस अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों में स्व. वाजपेयी जी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर विचार-विमर्श किया गया। श्री बघेल ने कहा कि अटल जी का व्यक्तित्व और विचारधारा सदैव देशवासियों को प्रेरित करती रहेगी। उनके आदर्श हमें अपने कर्तव्यों के प्रति समर्पित रहने और समाज कल्याण के लिए कार्य करने की प्रेरणा देती हैं। उनकी स्मृति सदैव हमारे साथ रहेगी। उन्होंने उपस्थित अधिकारी,कर्मचारी,जनप्रतिनिधि,नागरिकों को सुशासन की शपथ दिलायी।

आज मंत्री नेताम करेंगे विभागीय काम-काज की समीक्षा

रायपुर/नवप्रदेश। आदिम जाति विकास मंत्री राम विचार नेताम कल 27 दिसंबर को मंत्रालय स्थित एनआईसी से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सवेरे 11:30 बजे से वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक लेकर विभागीय काम-काज की समीक्षा लेंगे। मंत्रालय महानदी भवन स्थित आदिम जाति विकास विभाग द्वारा इस आशय का पत्र सभी जिला परियोजना प्रशासक, एकीकृत आदिवासी विकास प्रयोजना तथा सहायक आयुक्तों को जारी कर अपडेट जानकारी के साथ उपस्थित रहने को कहा गया है।

भू-विस्थापितों को रोजगार देने पर बनी सहमति : अजय जायसवाल

कोरबा/नवप्रदेश। 24 दिसंबर को गेवरा खदान से प्रभावित ग्रामो के बेरोजगार युवाओ को दिलाने हेतु गेवरा प्रबंधन के खिलाफ तालाबंदी की घोषणा जिला पंचायत उपाध्यक्ष कोरबा रीना अजय जायसवाल के नेतृत्व मे की गयी थी। जिस हेतु प्रबंधन के द्वारा 23 दिसंबर को त्रिपक्षिय वार्ता हेतु आमंत्रित किया गया था। जिसमें गेवरा विस्तार परियोजना मे नियोजित ठेका कंपनी, एसईसीएल प्रबंधन और जनप्रतिनिधी ग्रामवासियो के मध्य वार्ता हुई। वार्ता के दौरान ग्रामीणों ने बताया की ओवर बर्डन और कोयला उतखनन मे लगभग 3000 से ज्यादा चालक, सहचालक कार्य कर रहे है। जिसमे खदान प्रभावित ग्रामो से 5 प्रतिशत लोग भी कार्यरत नहीं है। जिसमें अजय जायसवाल ने गंभीर चिंता जताते हुए कहा की शर्म की बात है की भू-विस्थापित युवकों को रोजगार की लड़ाई लडऩा पड़ रहा है और बाहरी लोग आकर सीधे रोजगार प्राप्त कर रहे है। जिस पर प्रबंधन को ठोस निर्णय लेने की जरूरत है। जिसमें प्रबंधन के द्वारा भू-विस्थापितो के रोजगार हेतु कमेटी गठन करने का निर्णय लिया गया। जिसमें अब कोई भी कंपनी सीधी भर्ती नहीं करेगी। भू-विस्थापितों का आवेदन पहले कमेटी के द्वारा लिया जाएगा। जिसे सत्यापित कर कंपनियो में नियोजित किया जाएगा कोई भी कंपनी सीधे भर्ती नही करेगी। साथ ही खदान प्रभावित उक्त ग्रामो से युवाओं को एक सप्ताह के भीतर 40 चालक और 15 सहचालक को रोजगार देने पर सहमति बनी। उसके पश्चात मार्च तक आगामी भर्ती मे 70 प्रतिशत स्थानीय भू-विस्थापितों को रोजगार मिलेगा।

ओबीसी आरक्षण बहाल हो रेस्ट हाउस में बैठक की मांग

बैकुंठपुर/नवप्रदेश। कोरिया जिले के ओबीसी वर्ग के लोगो ने एकजुट होकर बैकुंठपुर स्थित रेस्ट हाउस में बैठक की, उन्होंने कहा कि ओबीसी वर्ग के लिए अब आरक्षण की लड़ाई लड़ी जाएगी, वर्तमान में छत्तीसगढ़ सरकार ने जो अधिसूचना जारी की है उंसमे ओबीसी का आरक्षण खत्म कर दिया गया है। सभी ने विज्ञप्ति जारी कर बताया कि छत्तीसगढ़ प्रदेश के सरगुजा एवम् बस्तर संभाग के सभी जिलों में पाँचवी अनुसूची लागू है, जिसके कारण इन क्षेत्रों में छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम की धारा 129 (ड.) के तहत ST

वर्ग के लिए सरपंच या अध्यक्ष के समस्त पद ST वर्ग के सदस्यों के लिए आरक्षित रहेंगे, ST वर्ग के लिए आरक्षण स्थानों की कुल संख्या से आधे से कम नहीं होगा. परंतु इसी धारा के उपधारा (03) में स्पष्ट प्रावधान है कि अधिसूचित क्षेत्रों के पंचायतों में भी OBC वर्ग के लिए आरक्षण रहेगा लेकिन ST/SC एवम् OBC का कुल मिला कर आरक्षण 75% से अधिक नहीं होगा । छत्तीसगढ़ शासन द्वारा छत्तीसगढ़ पंचायत राज (संशोधन) अध्यादेश 2024 में उपरोक्त मूल अधिनियम की धारा 129 (ड.) की उपधारा (03) को लोप कर दिया गया है, जिसके कारण अधिसूचित क्षेत्रों में भी OBC वर्ग को मिलने वाली आरक्षण की पात्रता समाप्त (शून्य) हो गई है। इस प्रकार इन क्षेत्रों में निवासरत हम OBC वर्ग के मौलिक अधिकारों का हनन कर हमारे साथ घोर अन्याय एवम् छल किया गया है । बैठक में सभी ने एक स्वर में कहा है कि हम सभी OBC वर्ग के लोग मांग करते हैं कि OBC वर्गों को नगरीय निकायों एवं पंचायतो मे मिलने वाले आरक्षण को बहाल करे।इस अवसर पर कृष्ण कुमार राजवाडे, बिहारी राजवाडे, चंद्रप्रकाश राजवाडे, सुखदेव राजवाडे, कुलदीप प्रजापति, रवि राजवाडे, संगीता राजवाडे, अनिल जायसवाल, गणेश राजवाडे, राधेश्याम जायसवाल, राजेश राजवाडे, चांदनी सोनी, आनंद राजवाडे सहित काफी संख्या में ओबीसी समाज के लोग उपस्थित रहे।

तत्काल मदद... *वाहन में चालक को सुरक्षित निकाल अस्पताल पहुंचने वाले पुलिस स्टाफ को किया सम्मानित*

उत्कृष्ट एवं प्रशंसनीय कार्य करने वाले पुलिसकर्मी सम्मानित

■ निरीक्षक केसर पराग बंजारा, सउनि श्रवण नेताम, प्रधान आरक्षक अजय अंचल, धनंजय यादव, आरक्षक भूपेंद्र गुप्ता एवं प्रवीण यादव को किया गया सम्मानित

रायपुर/नवप्रदेश। 23 दिसंबर को ग्राम लाहोद के पास एक बलकर वाहन एक्सीडेंट होकर पलट गया है, जिसमें बलकर वाहन का चालक बहुत बुरी तरीके से अंदर फंस गया है। कि सूचना पर थाना लवन पुलिस एवं हाईवे पेट्रोलिंग का पुलिस बल तत्काल घटना स्थल पहुंचा। घटना स्थल में वाहन चालक दुर्घटनाग्रस्त वाहन के अंदर बहुत बुरी तरीके से फंसा था, उसके लिए एक-एक पल बहुत ही कीमती था तथा किसी भी अनहोनी से बचने के लिए उक्त वाहन चालक को तत्काल बाहर निकालना अत्यंत आवश्यकता था। इस दौरान पुलिस टीम में शामिल प्रधान आरक्षक धनंजय यादव, अजय अंचल, आरक्षक प्रवीण यादव, भूपेंद्र गुप्ता की टीम द्वारा अत्यंत सूझबूझ एवं साहस का परिचय देते हुए तत्परतापूर्वक बलकर वाहन अंदर फंसे वाहन चालक को सुरक्षित बाहर निकाला गया एवं तत्काल उसे एंबुलेंस के माध्यम से अस्पताल भेजा गया है। थाना कसडोल के अपराध क्रमांक 468/2024 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के प्रकरण में उत्कृष्ट जांच एवं विवेचना कार्रवाई के फलस्वरुप माननीय न्यायालय द्वारा आरोपी के विरुद्ध दोष सिद्ध करते हुए आरोपी को 01 वर्ष कारावास की सजा एवं 025,000 अर्थदंड से दंडित किया गया है। प्रकरण में सहायक उप निरीक्षक श्रवण नेताम द्वारा उत्कृष्ट जांच एवं विवेचना कार्यवाही संपादित किया गया, जिसके आधार पर आरोपी को माननीय न्यायालय द्वारा कारावास की सजा एवं अर्थदंड से दंडित किया गया है। पूरी तत्परता एवं साहस के साथ दुर्घटनाग्रस्त बलकर वाहन से चालक को सकुशल बाहर निकालने एवं उत्कृष्ट जांच एवं विवेचना कार्यवाही के फलस्वरुप अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले आरोपी को माननीय न्यायालय से सजा दिलाने संबंधी कार्य की सराहना एवं प्रशंसा करते हुए आज दिनांक 25.12.2024 को सायं पुलिस अधीक्षक द्वारा इन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

पुरस्कृत पुलिस स्टाफ की जानकारी

1. निरीक्षक केसर पराग बंजारा थाना प्रभारी लवन
2. सहायक उप निरीक्षक श्रवण नेताम थाना भाटापारा ग्रामीण
3. प्रधान आरक्षक धनंजय यादव थाना लवन
4. प्रधान आरक्षक अजय अंचल थाना लवन
5. आरक्षक भूपेंद्र गुप्ता थाना लवन
6. आरक्षक प्रवीण यादव थाना लवन।

आयुक्त शर्मा ने किसानों को किया केसीसी कार्ड वितरित

रायपुर/नवप्रदेश। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह बुधवार को राज्य स्तरीय सहकार से समृद्धि कार्यक्रम के तहत नवीन गठित बहुउद्देश्यीय मतस्य एवं दुग्ध समितियो का वर्चुअल शुभारंभ किया गया। इस दौरान सहकारिता विभाग के आयुक्त सह पंजीयक सहकारी संस्थाए कुलदीप शर्मा ने किसानों को रुपे केसीसी कार्ड वितरित किया । साथ ही इस क्षेत्र मे उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं दुग्ध समितियों को नवीन एटीम कार्ड का भी वितरण किया गया। इस अवसर पर सहकारिता विभाग के संयुक्त आयुक्त डी पी टावरी, उपायुक्त एन के चंद्रवंशी, तथा जिला सहकारी केंद्रीय बैंक रायपुर की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अपेक्षा व्यास उपस्थित थी।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सरोरा रोड उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर प्रथम तल, अग्रदूत बिल्डिंग, रजबंधा मैदान, रायपुर से प्रकाशित, फोन : 0771-3526755, 6262188999